भोपाल
रविवार, 26 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष –05
वर्ष : 12, अंक : 205
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 27
न्यून. 21

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

13
सिडनी में गरजा 'रो-को' का बल्ला,....



निवेश पेज
07 सोने में निवेश सबसे सुरक्षित....




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366



जाम से बेहाल हुए श्रद्धालु

### ओंकारेश्वर में करीब 10 किमी लंबा जाम, घंटों फंसे रहे लोग

**शनिवार को 10 हजार से ज्यादा निजी वाहनों से श्रद्धालु पहुंचे**

# सोमनाथ से दर्शन करने को आए युवा श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने आ रहे श्रद्धालु जाम में फंस रहे हैं। टू-लेन सड़क का निर्माणाधीन होने और अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं होने के कारण करीब 10 किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। इस बीच हजारों वाहन घंटों तक जाम में फंसे रहे। इधर मंदिर में भी दर्शन के दौरान भीड़-भाड़ की स्थिति बनी रही। घबराहट के चलते एक युवा श्रद्धालु की मौत हो गई। शनिवार को ही गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के जूनागढ़ सोमनाथ से आए एक युवा श्रद्धालु की मौत हो गई। युवक केतन चौहान (35) की मौत की वजह हार्ट अटैक बताई है। दोपहर को वह ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन कर ममलेश्वर दर्शन करने के लिए परिवार सहित पहुंचा था। शनिवार को 10 हजार से ज्यादा निजी वाहनों से श्रद्धालु पहुंचे, लोगों की कुल तादाद एक लाख से अधिक रही। तीर्थनगरी में बड़े पार्किंग स्थल तक नहीं हैं। जबकि यहां आने वाले प्रत्येक वाहन से नाकाबंदी करके प्रवेश द्वार पर ही पार्किंग शुल्क वसूला जाता हैं। जिसका हर साल ठेका करोड़ों रुपए में जाता हैं। सिंहस्थ को देखते हुए भी व्यवस्थाओं में सुधार नहीं दिख रहा हैं।

## खबर संक्षेप

### मंदसौर: एंबुलेंस पुलिया से गिरी, 2 की मौत



**मंदसौर।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सेदरा माता के पास देर रात मरीजों को ले जा रही एंबुलेंस पुलिया से नीचे जा गिरी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर है। सुबह खेत गए ग्रामीणों ने शव व एंबुलेंस देख पुलिस को सूचना दी। कड़ी मशक्कत के बाद सुबह 7 बजे फंसे चालक को निकाला गया। एंबुलेंस में सवार तीन लोगों में से दो की मौत हुई, घायल चालक का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### यूनिफॉर्म में शराब खरीदने गई छात्राएं, विक्रेता पर सख्ती




**मंडला।** नैनपुर की कंपोजिट शराब दुकान से स्कूली यूनिफॉर्म में छात्राओं को शराब बेचे जाने का वीडियो वायरल होने पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। अधिकारियों ने दुकान पहुंचकर सीसीटीवीफुटेज जांचे। छात्राओं को शराब बेचना स्पष्ट दिखा, जो प्रतिबंधित है। आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी ने पुष्टि की, कि ठेकेदार पर दो लाख रुपए तक जुर्माना हो सकता है।

### खगोल विज्ञानी नार्लीकर को विज्ञान रत्न पुरस्कार



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध खगोल भौतिक विज्ञानी जयंत नार्लीकर को मरणोपरांत विज्ञान रत्न पुरस्कार मिला। उन्होंने फ्रेड हॉयल के साथ बिग बैंग सिद्धांत को चुनौती दी, प्रतिपादित किया कि ब्रह्मांड अनंत काल से है और नए पदार्थ निरंतर बनते हैं। 19 जुलाई 1938 को कोल्हापुर में जन्मे नार्लीकर ने बनारस हिंदू और कैम्ब्रिज विवि से पढ़ाई की और 20 मई को 86 वर्ष की आयू में उनका निधन हो गया था।

### देश का सबसे स्वच्छतम शहर इंदौर... एक युवक की हरकत से शर्मसार

# कैफे जा रही ऑस्ट्रेलिया की 2 खिलाड़ियों के साथ छेड़छाड़, आरोपी को दबोचा गया

**रेडिसन होटल के आसपास पर्याप्त सुरक्षा नहीं लगाई गई थी**

**आरोपी ने बाइक से पीछा किया और गलत तरीके से छुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर के होलकर स्टेडियम में महिला विश्व कप के लिए क्रिकेट मैच हो रहे हैं। इसमें भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीम रेडिसन होटल में रुकी हुईं हैं। होटल से कैफे तक जाने के रास्ते पर ऑस्ट्रेलिया टीम की दो महिला खिलाड़ियों के साथ छेड़खानी करने और उन्हें गलत तरीके से छूने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह बाइक पर सवार था। दो महिला खिलाड़ी होटल से आधा किमी दूर स्थित कैफे तक पैदल जा रही थीं। इस बीच बाइक सवार ने दोनों खिलाड़ियों को छू लिया। सहमी महिला खिलाड़ी ने अधिकारी को सूचना दी। खबर पुलिस तक पहुंची तो छह थानों को अलर्ट कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने आजाद नगर निवासी अकील को गिरफ्तार कर लिया।

◆ खबर पुलिस तक पहुंची तो छह थानों को अलर्ट कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने आजाद नगर निवासी अकील को गिरफ्तार कर लिया

- इस मामले में इंदौर पुलिस की बड़ी इंटेलिजेंस चूक
- इस घटना की जानकारी क्रिकेट बोर्ड और प्रशासन को भी दी गई



आरोपी अकील



**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कहा- हम अपराधी को पकड़ने के लिए त्वरित कार्रवाई पर मप्र पुलिस की सराहना करते हैं**

### मनचले की बाइक का नंबर नोट कर लिया था

छेड़छाड़ करने वाले युवक ने जब महिला खिलाड़ियों के साथ छेड़खानी की तो एक राहगीर ने बाइक सवार का नंबर नोट कर लिया। एक अन्य कार सवार ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद पुलिस अफसर सक्रिय हुए। इस मामले में इंटेलिजेंस चूक हुई है। होटल के आसपास पर्याप्त सुरक्षा नहीं लगाई गई थी।

### भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

इस घटना पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि यह एक बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। इस तरह की घटना से बदनामी होती है। हम अपराधी को पकड़ने के लिए त्वरित कार्रवाई करने के लिए राज्य पुलिस (मध्य प्रदेश) की ▶▶ शेष पेज 6 पर

### आरोपी की हुई पहचान, केस दर्ज

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि महिला ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के सुरक्षा अधिकारियों ने शिकायत दर्ज कराई कि टीम के दो सदस्यों को अनुचित व्यवहार का सामना करना पड़ा। एक प्राथमिकी दर्ज की गई, और एक गहन रणनीतिक ऑपरेशन के बाद आरोपी की पहचान की गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अकील आजादनगर का निवासी है। उस पर बीएनएस की धारा 74 और 78 के तहत आरोप लगाए गए हैं। यह घटना 23 अक्टूबर को सुबह 11 बजे के आसपास हुई, जब महिला ▶▶ शेष पेज 6 पर

जैसी जानकारी छेड़छाड़ के संबंध में मिली थी। पुलिस ने प्रारंभिक जांच करते हुए आरोपी की तलाश की। उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है। आगे की कार्यवाही कोर्ट के आदेश पर की जाएगी।

संतोष सिंह
पुलिस कमिश्नर, इंदौर

### यूएन महासभा के सत्र के लिए पीएमओ ने किया नामित

# खजुराहो सांसद वीडी शर्मा करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



खजुराहो से सांसद विष्णुदत्त शर्मा को एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें न्यूयॉर्क में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने उनके नाम को इस महत्वपूर्ण दौरे के लिए नामित किया है। वीडी शर्मा 27 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले इस सत्र के ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मोरारी बापू और शुक्ल ने दिखाई हरी झंडी

# चित्रकूट से शुरू हुई 'राम यात्रा' श्रीलंका होते हुए अयोध्या पहुंचेगी

**यह विशेष ट्रेन चित्रकूट से रामेश्वरम तक जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना



भगवान श्रीराम के वनगमन पथ पर आधारित ऐतिहासिक राम यात्रा का शुभारंभ शनिवार को सतना के चित्रकूट से हुआ। इस अवसर पर प्रसिद्ध संत मोरारी बापू और उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट धाम रेलवे ▶▶ शेष पेज 6 पर

### दर्शन व आरती के समय में बदलाव

# रामलला के दोपहर में 1 घंटे बंद रहेंगे कपाट



**सर्दी और बढ़ने पर रामलला को रजाई ओढ़ाई जाएगी व ऊनी वस्त्र पहनाए जाएंगे**

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

शरद ऋतु के आगमन के साथ ही अयोध्या में रामलला के दर्शन अवधि में बदलाव कर दिया गया है। 23 अक्टूबर से श्रद्धालुओं को राम मंदिर में सुबह 7 बजे से रामलला के दर्शन हो रहे हैं। रात 9 बजे तक दर्शन का यह क्रम जारी रहता है। आरती के समय में भी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### नागपुर से दिल्ली जा रही फ्लाइट कैंसिल

# एयर इंडिया की फ्लाइट से उड़ान भरते ही हुई थी पक्षी से टक्कर

एजेंसी ▶▶ नागपुर



■ प्लेन को वापस नागपुर एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया

पक्षी टकराने के कारण एयर इंडिया की फ्लाइट (एआईई 466) में खराबी आ गई थी। हालांकि, चालक दल की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। यह फ्लाइट 24 अक्टूबर को नागपुर से दिल्ली जा रही थी। नागपुर से टेकऑफ ▶▶ शेष पेज 6 पर



### आज शाम से 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा

**चार दिन का छठ महापर्व शुरू**

**नई दिल्ली।** चार दिवसीय सूर्योपासना का महापर्व छठ का अनुष्ठान देश भर में शनिवार से नहाय-खाय के साथ आरंभ गया है। पहले दिन व्रतियों ने स्नान किए जाने के बाद नए वस्त्र धारण किए। इसके बाद मिट्टी के चूल्हे पर बने कद्दू और चना दाल की सब्जी एवं चावल का ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सिर्फ 3 दिन में मिलेगा अप्रूवल

# अगले महीने से आसान हो जाएगा जीएसटी रजिस्ट्रेशन

**96 प्रतिशत नए आवेदकों को सीधा फायदा पहुंचेगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार 1 नवंबर, 2025 से जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के लिए एक नई और आसान रजिस्ट्रेशन प्रणाली शुरू करने जा रही है। जिसके तहत नया आवेदन करने वालों को सिर्फ 3 वर्किंग दिनों के अंदर मंजूरी मिल जाएगी।

सरकार के द्वारा लाए गए जीएसटी रिफॉर्म के तहत जीएसटी परिषद ने इसकी मंजूरी दी है। इससे रजिस्ट्रेशन प्रोसेस पहले से आसान बनेगा और इसमें मानव हस्तक्षेप कम होगा। नई व्यवस्था के तहत दो तरह के आवेदकों को स्वचालित रुप से रजिस्ट्रेशन मिल सकेगा। पहले वे लोग जिन्हें सिस्टम ने डेटा और जोखिम विश्लेषण के आधार पर चुना है, और दूसरे वे जिनका टैक्स देय (आउटपुट टैक्स) हर महीने 2.5 लाख रुपए से कम है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार इस नई प्रक्रिया से करीब 96 प्रतिशत नए आवेदकों को सीधा फायदा पहुंचेगा।

### शाह ने 1970 के दशक के अंत में फिल्मों में कदम रखा था, उन्होंने 200 से अधिक फिल्मों में काम किया

**शाह बीते कुछ समय से मीडिया से दूरी बनाए हुए थे**

# पहले शो में निभाए 56 किरदार, लाश के रोल से हुए मशहूर ...74 साल की उम्र में ली एक्टर सतीश शाह ने अंतिम सांस



**स्कूल में सालाना फेस्टिवल के नाटक में एक्टर नहीं आया तो सतीश ने अभिनय किया, यहीं से शुरुआत**

**उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा और आने वाली पीढ़ियां उन्हें भारतीय कॉमेडी के अनमोल सितारे के रूप में याद रखेंगी**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड के अभिनेता सतीश शाह का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें फिल्म जाने भी दो यारों (1983), मैं हूं ना (2004), कल हो ना हो (2003) और फना (2006) जैसी फिल्मों में बेहतरीन किरदार निभाने के लिए जाना जाता था। कई फिल्मों में काम करने के बाद सतीश शाह ने साल 1984 में धारावाहिक ये जो जिंदगी है से टेलीविजन में डेब्यू किया था। इस शो में उन्होंने 56 तरह के किरदार निभाए थे। अपने हर किरदार से उन्होंने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। उनके यह किरदार आज भी याद किए जाते हैं। एक बार सतीश के स्कूल में ▶▶ शेष पेज 6 पर

### उनकी किडनी फेल हो गई थी

शनिवार दोपहर को किडनी फेलियर के चलते उन्हें हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने दोपहर ढाई बजे आखिरी सांस ली। सतीश शाह बीते कुछ समय से मीडिया से दूरी बनाए हुए थे। वो काफी समय से ना तो किसी पब्लिक इवेंट में नजर आए थे और न ही किसी फिल्म में। साल 2014 में उनकी आखिरी फिल्म हमशक्ल रिलीज हुई थी। सतीश शाह का जन्म 25 जून 1951 को मुंबई में हुआ था। बचपन से ही अभिनय की ओर उनका रुझान था। उन्होंने फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे से अभिनय की शिक्षा ली। यहीं से ▶▶ शेष पेज 6 पर

**भारत में चर्म रोग, लैंगिक रोग एवं कुष्ठ रोग को लेकर भ्रांतियां और अंधविश्वास अभी भी नहीं हुआ कम**

# डर्मेटोलॉजी में विश्व के दूसरे सबसे बड़े एसोसिएशन की वार्षिक कॉन्फ्रेंस क्यूटिकॉन एमपी-2025 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत में चर्म रोग, लैंगिक रोग एवं कुष्ठ रोग को लेकर भ्रांतियां और अंधविश्वास अभी भी कम नहीं हुआ है। इसे दूर करने के साथ उचित इलाज उचित विशेषज्ञ से करवाना बेहद आवश्यक है। भारतीय त्वचा रोग विशेषज्ञ संघ (आईएडीवीएल) की मध्यप्रदेश शाखा द्वारा त्वचा रोग विशेषज्ञों की शनिवार को दो दिवसीय राज्य स्तरीय वार्षिक कांफ्रेंस के पहले दिन यह बात सामने आई। देश से तकरीबन 400 चिकित्सकों ने 'क्यूटिकॉन एमपी 2025' में शिरकत की। पारंपरिक इलाज से लेकर उन्नत तकनीक से रोगों की जांच एवं प्रभावी इलाज पर विशेषज्ञों शोध प्रस्तुत कर विचार-विमर्श कर जानकारी साझा की। मध्यप्रदेश ब्रांच के अध्यक्ष डॉ नितिन कुमार पंड्या ने बताया कि इस तीसवें वार्षिक कॉन्फ्रेंस में देशभर से तकरीबन 400 विशेषज्ञों ने भाग लिया है। आईडीवीएल विश्व में चर्म रोग विशेषज्ञों का दूसरा सबसे बड़ा संगठन है जिसमें जिम्मेदारी से इलाज करने विशेषज्ञ जुड़े हुए हैं। इस कॉन्फ्रेंस में चर्म रोगों के इलाज में आने वाली जटिलताओं पर विशेषज्ञों ने एक दूसरे से जांच एवं उपचार तकनीक साझा की। आज दस में आठ लोग किसी न किसी तरह से किसी न किसी प्रकार के चर्म रोग से ग्रसित है। इसे बिना जांच के जानना मुश्किल है। कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य विज्ञान, शिक्षा और सेवा के पहलुओं को एक मंच पर जोड़कर ज्ञानवर्धन का बनाने के साथ आम जन में त्वचा रोगों के प्रति जागरूता फैलाने का अवसर पैदा करना है। कॉन्फ्रेंस के मुख्य अतिथि आईएडीवीएल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मंजूनाथ शिनाय ने बताया कि चर्म रोग इलाज पर लगने वाली जीएसटी को कम करवाने के लिए उन्होंने देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से एक प्रतिनिधि मंडल के साथ मुलाकात की है।






डॉ. नितिन पंड्या भारतीय त्वचा रोग विशेषज्ञ संघ (आईएडीवीएल) की मध्यप्रदेश ब्रांच के अध्यक्ष मनोनीत

## डॉ नितिन पंड्या अध्यक्ष नियुक्त

चर्म रोग विशेषज्ञों की संस्था भारतीय त्वचा रोग विशेषज्ञ संघ की जनरल बॉडी मीटिंग में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ नितिन पंड्या को आईडीवीएल मध्यप्रदेश ब्रांच का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। डॉ पंड्या ने बताया कि उनका बतौर अध्यक्ष उनका प्रयास इलाज कर रहे विशेषज्ञ चिकित्सकों और अकादमिक में एक बेहतर संतुलन बनाते हुए नवीन तकनीक और प्रक्रियाओं को आपस में साझा करने का होगा।

### दिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

क्यूटिकॉन एमपी-2025 के पहले दिन आठ सत्रों में पच्चीस विशेषज्ञों ने नवीन तकनीकों पर अपने शोध प्रस्तुत किए। रोगों की पहचान करने से लेकर बेहतर व उन्नत इलाज के बारे में बताया गया। यह शोध देश-विदेश के ख्यातिनाम, शासकीय एवं प्राइवेट चिकित्सकों द्वारा दिए गए।

### फर्जी लोगों पर कार्रवाई पर कर रहे काम

इसके साथ ही हम बिना किसी लाइसेंस एवं डिग्री के इलाज करने वाले फर्जी लोगों पर कार्रवाई व आमजन में जागरुकता पर काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में एम्स भोपाल की डॉ श्रमना मुखोपाध्याय, उदयपुर के डॉ ब्रिगेडियर संजीव वैशंपायन, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त फोटोथेरेपिस्ट डॉ संजय दुबे, डॉ अवितुस जॉन, डॉ दिलीप हेमनानी, इंदौर के डॉ अतुल काथेड़, हेयर ट्रांसप्लांट में पेटेंट धारक डॉ कुलदीप सक्सेना ने विषय से जुडी अहम जानकारियां दीं।

---

**पांच साल पहले 20 जगह पूजा हुई थी, इस बार 60 स्थानों पर होगी**

# नहाए-खाए के साथ छठ महापर्व का आगाज आज खरना और कल देंगे डूबते सूर्य को अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में भोजपुरी समाज के चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत शनिवार को नहाय-खाय की रस्म के साथ हो चुकी है। रविवार को खरना होगा, सोमवार को छठ पर डूबते सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर पूजा-आराधना की जाएगी। तो वहीं सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

लोक आस्था का महापर्व छठ शनिवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। व्रतियों ने सूर्योदय से पूर्व स्नान करने के बाद नए वस्त्र धारण कर पूजा कर भगवान भास्कर से सुख-समृद्धि और आरोग्यता की कामना की। इसके बाद चने की दाल, कद्दू की सब्जी और चावल बनाए गए। व्रतियों सहित इसे प्रसाद स्वरूप ग्रहण करने के बाद घर के बाकी लोगों ने भी इसका प्रसाद लिया। इस दौरान शीतलदास की बगिया घाट को सजाया गया है। रविवार को खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा।





### षष्ठी तिथित पर छठ पूजा का ज्योतिषीय महत्व

मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को छठ पूजा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन सूर्य की पूजा का विधान है। कुंडली में स्थित सूर्य की स्थिति के कारण ही लोगों को सफलता और असफलता जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है। जिन लोगों की कुंडली में सूर्य नीच की स्थिति में हो वे लोग सूर्य यंत्र की स्थापना कर पूजन करें,तो इससे कुंडली के दोष कम होते है और विशेष लाभ भी मिलता है।

### महापर्व और इसका वैज्ञानिक महत्व

छठ व्रत के संबंध में अनेक कथाएं प्रचलित हैं। उनमें से एक कथा के अनुसार जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए। तब द्रौपदी ने छठ व्रत रखा। माना जाता है कि उसके बाद द्रोपदी की मनोकामना पूरी हुई और पांडवों को राजपाट वापस मिल गया। लोक परंपरा के अनुसार सूर्यदेव और छठी मैया का संबंध भाई-बहन का है। षष्ठी की पहली पूजा सूर्य ने ही की थी।

### *60 से अधिक जगहों पर होगी भव्य आराधना, पूजास्थल सजधज कर तैयार*

*राजधानी से अब से पांच साल पहले जहां राजधानी में 20 जगह पूजा की जाती थी। तो वहीं इस साल 60 से अधिक जगहों पर भव्य पूजा स्थल तैयार किए गए है। जहां पर करीब चार लाख भोजपुरी समाज के लोग छठ पूजन करेंगे। छठ घाट पूरी तरह तैयार हो गए। इस दौरान 5100 दीप दान किए जाएंगे। इस दौरान भोजपुरी गायक छठ गीतों की प्रस्तुति देंगे।*

### *ऐसे करें सूर्य यंत्र की स्थापना*

*पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि छठ पूजन के दिन सुबह उठकर सूर्य देव को प्रणाम करें। इसके बाद सूर्य यंत्र गंगाजल व गाय के दूध से पवित्र करें। विधि पूर्वक पूजन के बाद सूर्य मंत्र ऊं घृणि सूर्याय नमः का जाप करने के बाद इसकी स्थापना पूजन स्थल पर कर दें।*

### *इन जगहों पर होगा आयोजन*

*शहर में छठ पूजा के सामूहिक आयोजन 60 से अधिक स्थानों पर किए जाएंगे। इस दौरान श्रद्धालु निर्जला व्रत रखेंगे और शाम को घाटों पर पूजा अर्चना करेंगे। व्रतधारी घाटों पर पहुंचकर गन्ना सहित अन्य ऋतुफल, पकवान बांस के सूप एवं डलियों में रखकर भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगे। इस मौके पर मुख्य कार्यक्रम शीतलदास की बगिया, खटलापुरा घाट, काली मंदिर घाट, स्वामी विवेकानंद कॉलोनी, गौरी शकंर परिषद अशोका गार्डन, करोंद, बागसेवनिया विश्वकर्मा मंदिर, सरस्वती मंदिर, बरखेड़ा व शिव मंदिर, कलियासोत, जाटखेड़ी, द्वारका नगर, राजेंद्र नगर, ओल्ड सुभाष नगर, अशोका गार्डन, अयोध्या नगर आदि स्थानों के मंदिरों में पूजा कुंड बनाए गए है, जिससे सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जा सके।*

**स्टेशन परिसर को भक्ति एवं उल्लास से किया सराबोर**

### *देशभर के 30 से अधिक स्टेशनों पर गूंज रहे मधुर गीत*

*भोपाल। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर रेलवे द्वारा पहली बार की एक अभिनव पहल की गई है, यात्रियों को त्योहार की भावना से जोड़ने और यात्रा को और भी सुखद बनाने के उद्देश्य से रेलवे ने देशभर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर छठ पूजा के पारंपरिक गीतों का प्रसारण प्रारंभ किया है। देशभर के 30 से अधिक प्रमुख स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से ये गीत यात्रियों को अपनी संस्कृति और परंपरा से जोड़ रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर गूंज रहे, केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव और काँच ही बांस के बहंगिया जैसे गीत उन्हें अपने घर और आस्था से जुड़ने का एहसास करा रहे हैं।*

### *भोपाल मंडल में दिया गया भावनात्मक रंग*

*भोपाल मंडल ने भी इस सांस्कृतिक पहल को अपनाते हुए यात्रियों के सफर को भावनात्मक रंग दिया है। मंडल के रानी कमलापति, बीना, गुना, इटारसी रेलवे स्टेशनों पर बिहार की दिशा में प्रस्थान करने वाली छठ पूजा विशेष ट्रेनों के रवाना होने से पूर्व स्टेशन परिसर में छठ पूजा के पारंपरिक गीतों का प्रसारण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आरपीएफ कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती और सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था भी की गई है।*

---

**पूजा-अर्चना, आरती और होगा जयघोष**

# 10,001 दीपों से जगमगाएगा सहस्त्रबाहु ब्रिज, कलचुरी समाज मनाएगा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान श्री सहस्त्रबाहु के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर 27 अक्टूबर को शाम 5 बजे कोलार रोड स्थित जेके अस्पताल के सामने सहस्त्रबाहु ब्रिज पर अद्भुत दृश्य साकार होगा।

कलचुरी सेना मध्यप्रदेश एवं अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा के संयुक्त तत्वावधान में सहस्त्रदीप उत्सव मनाया जायेगा जिसमें 10,001 दीपों की ज्योति से पूरा क्षेत्र आलोकित होगा। संयोजक राजेश राय ने बताया कि सहस्त्र दीपोत्सव का शुभारंभ भगवान श्री सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना, आरती और जयघोष से होगा। इस अवसर पर समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पांच विशिष्ट व्यक्तियों को 'समाज गौरव सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। और आत्मगौरव का प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामेश्वर शर्मा विधायक हुजूर, विशेष अतिथि भोपाल महापौर मालती राय होंगी व कार्यक्रम की अध्यक्षता एलएनसीटी ग्रुप के चेयरमैन एवं अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय नारायण चौकसे रहेंगे। साथ ही एलएनसीटी समूह की वाइस चेयरपर्सन पूनम चौकसे, डॉ. अनुपम चौकसे, डॉ. श्वेता अनुपम चौकसे, पूजाश्री चौकसे भी उपस्थित रहेंगे।

# प्रांतीय युवा चिंतन शिविरः युवा जागरण से राष्ट्रीय जागरण चिंतन शिविर कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शारदीय विहार विद्यालय, नीलबड़ में आयोजित युवा चिंतन शिविर के अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से मुख्य निरीक्षण टीम का आगमन हुआ। इस अवसर पर कार्य के प्रमुख केदार प्रसाद दुबे (राष्ट्रीय प्रभारी), जगदीश कुलमी (मध्यप्रदेश प्रभारी, शांतिकुंज), आशीष सिंह, गोपाल शर्मा विशेष रूप से भोपाल पहुंचे। टीम ने शिविर की गतिविधियों, अनुशासन व्यवस्था, प्रशिक्षण प्रक्रिया और प्रतिभागियों के उत्साह का विस्तार से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आद. केपी दुबे जी (राष्ट्रीय प्रभारी) ने युवाओं से संवाद कर उनके विचार और अनुभव भी सुने। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण, संस्कार संवर्धन एवं सामाजिक जागरूकता के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि युवा जागरण से राष्ट्रीय जागरण चिंतन शिविर का आयोजन 27 से 29 अक्टूबर तक किया जाना है।

---

**धर्मप्रेमियों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा**

# श्री कर्मयोगी सेवा समिति ने किया शोभायात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर अलर्क रेजीडेन्सी में प्रारंभ हो रही सामूहिक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ की कलश यात्रा का स्वागत श्री कर्मयोगी सेवी समिति के सदस्यों ने किया। शोभायात्रा में धर्मप्रेमियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर नगर भ्रमण किया। इस मौके पर कथा वाचक सुनीलानंद महाराज एवं आयोजन के मुख्य सूत्रधार साधना मुकेश गुप्ता एवं आयोजन समिति का स्वागत कर्मयोगी सेवा समिति के अध्यक्ष जगदीश यादव, युवा अध्यक्ष अंकित यादव, बाल अध्यक्ष प्रशांत यादव के नेतृत्व में किया गया। समिति के संस्थापक पंकज यादव ने बताया कि समिति हमेशा धार्मिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्य प्राथमिकता के साथ करती रहती है।



## बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन जरूरी, वरना अटकेंगे विवाह-निकाह

**भोपाल।** आगामी एक नवंबर को होने वाले मुख्यमंत्री विवाह-निकाह योजना के नियमों में किए गए बदलाव के चलते हितग्राहियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य किया गया है। ऐसे में उन लोगों के विवाह-निकाह अटक सकते हैं जिनका बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन नहीं है। दरअसल ऐसा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए किया गया है। इधर नगर निगम ने उक्त सम्मेलन के लिए तैयारियां पूरी ली हैं। सम्मेलन में 200 से ज्यादा जोड़ों को शामिल नहीं किया जाएगा। नगर निगम के सहायक आयुक्त आरडी शर्मा ने बताया कि बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन के बाद ही सम्मेलन में शामिल होने की पात्रता रहेगी।

# त्योहार धर्म जातियों को जोड़ने का सशक्त माध्यमः पं. चतुर्वेदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमारी भारतीय संस्कृति में त्योहार धर्म एवं जातियों को जोड़ने का सशक्त माध्यम है, त्योहारों में धर्म जातियों के बंधन से दूर सामाजिक समरसता हमारी भारतीय संस्कृति की स्पष्ट पहचान है। यह बात शनिवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी ने माचानी कॉलोनी शिवाजी नगर भोपाल में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में कहीं। इस मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज भोपाल एवं प्रादेशिक इकाई मध्य प्रदेश संरक्षक एमपी व्यास अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी, जिला अध्यक्ष भोपाल संजय व्यास आदि लोग मौजूद थे।

**इज्तिमा को लेकर सुरक्षा सख्त, एसडीएम-निगम अमला रहेगा चौकस**

# ईंटखेड़ी के आसपास सड़क किनारे नहीं लगेंगी अस्थाई दुकानें, 14 नवंबर से आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के ईंटखेड़ी के नजदीक स्थित घासीपुरा में आयोजित होने वाले चार दिनी आलमी तब्लीगी इज्तिमा को लेकर तैयारियां चल रही है। इस बार 14 नवंबर शुक्रवार से इज्तिमा का आगाज होगा। जबकि 17 नवंबर को सामूहिक दुआ के साथ समापन किया जाएगा।

जिसको देखते हुए इज्तिमागाह सहित आसपास की सड़कों के किनारे अस्थाई दुकानें लगाने पर रोक लगाई गई है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया को हिदायत दी है कि यहां पर दुकान लगाने से पहले एसडीएम से परमिशन लेना पड़ेगी। बिना परमिशन के दुकान लगाने पर पुलिस कार्रवाई करेगी। इज्तिमा स्थल के रास्तों और आसपास के क्षेत्रों की 50 मीटर की परिधि के तहत कोई भी अस्थाई दुकानें नहीं लगाई जाएंगी।

दरअसल इज्तिमा में विभिन्न शहरों, प्रदेशों से मुस्लिम धर्मावलंबियों की जमातें शामिल होती हैं। भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के श्रृद्धालुओं का रेल मार्ग और सड़क मार्ग से आयोजन स्थल पर आते हैं।

जिसको देखते हुए इज्तिमा की प्रबंधन कमेटी ने इज्तिमा स्थल की ओर जाने वाले रास्ते और आसपास अस्थाई दुकानें लगाए जाने से ट्रैफिक जाम के हालात बनने की जानकारी दी थी।

### *एक हफ्ते में दुरुस्त होंगी सड़कें*

*इज्तिमा स्थल के आसपास की सड़कों को नगर निगम और पीडब्ल्यूडी एक हफ्ते में दुरुस्त करेगा, जिससे यहां आने वाले मेहमानों को दिक्कत न हो। बैरसिया रोड पर लगे मेट्रो के डिवाइडर बोर्ड को भी संकरा किया जाना है, हालांकि इसको लेकर अब तक काम शुरु नहीं किया गया है।*

---

**मंडल यात्रियों की सुविधाओं की दिशा में उठ रहा सकारात्मक कदम**

# डीआरएम ने भोपाल रेलवे स्टेशन, लिलेन लॉन्ड्री कोचिंग डिपो एवं बेस किचन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेल मंडल की ओर से भोपाल यात्री सुविधाओं को बेहतर करने की दिशा में लगातार सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के तहत डीआरएम पंकज त्यागी ने छठ पूजा पर यात्री भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्थाओं के भोपाल रेलवे स्टेशन पर औचक निरीक्षण किया।

टिकट चेकिंग, सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं पर विशेष फोकस करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान डीआरएम ने मंडल के लिलेन लांड्री, आईओएच, कोचिंग डिपो आईआरसीटीसी बेस किचन का भी निरीक्षण किया। डीआरएम द्वारा लांड्री में लीलेन की स्वच्छता और गुणवत्ता युक्त बेडरोल की जांच की गई साथ ही ट्रेनों में यात्रियों को साफ, स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता वाले बेडरोल प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री में धुलाई और इस्त्री प्रक्रिया की भी जांच की। इस दौरान लॉन्ड्री के अधिकारी को साफ व स्वच्छ चादरों यात्रियों को मिल सके। इसके लिए काम में सुधार करने की बात कहीं। साथ ही यात्रियों की किसी तरह की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इसको लेकर सख्त चेतवानी दी।



### ओवर हालिंग कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया

इस दौरान डीआरएम ने आईओएच डिपो में यात्री कोचों की ओवर हालिंग कार्यप्रणाली का विधिवत निरीक्षण किया साथ ही कोचिंग डिपो का भी औचक निरीक्षण किया। साथ ही आईआरसीटीसी के बेस किचन का निरीक्षण किया एवं में गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया।

**तहसीलदार के यहां चल रही सुनवाई, कब्जेदारों ने किया जमकर विरोध**

# पशुपालन विभाग की जमीन पर तार फेंसिंग करने पहुंचा अमला, दोनों पक्षों को कल कलेक्ट्रेट में पेश होने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोकता ट्रांसपोर्ट नगर और हथाईखड़ा के आसपास स्थित पशुपालन विभाग की 99 एकड़ जमीन के सीमांकन में छह एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे मिलने के बाद गोविंदपुरा तहसील न्यायालय में सुनवाई चल रही है। इसी बीच पशुपालन विभाग ने अपनी जमीन की तार फेंसिंग करने की तैयारियां शुरू कर दी है।

जिसका जिम्मा विभाग के अधिकारियों और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सौंपा गया है। इससे टीम शनिवार को मौके पर पहुंची और फेंसिंग करने के लिए मौका मुआयना शुरू किया तो रहवासी मौके पर पहुंचे और जमकर हंगामा खड़ा कर दिया। मामला कलेक्टर तक पहुंचा और उन्होंने दोनों पक्षों को सोमवार को पेश होने के निर्देश दिए हैं।

### चूना डालकर लगाए निशान और फेंसिंग करने नप्ती भी करवाई

*ट्रांसपोट नगर में पशुपालन विभाग की करीब छह एकड़ जमीन पर अलग-अलग हिस्सों में मकान, फार्म, होटल व रिसॉर्ट, हास्टल, स्कूल, पेट्रोल पंप, कालोनियों की सड़क, मुख्य गेट का निर्माण कर लिया गया था। इससे गोविंदपुरा तहसीलदार सौरभ वर्मा के न्यायालय ने करीब 40 कब्जाधारियों को नोटिस थमाए थे और उनकी सुनवाई भी शुरू हो गई है। इसी बीच पशुपालन विभाग ने पीडब्लयूडी के अधिकारियों के साथ मिलकर जमीन के चारों तरफ तार फेंसिंग करने और अपने बोर्ड लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। टीम ने शनिवार को कब्जा वाली जमीन के आसपास खाली भूमि सहित अन्य जगह पर चूना डालकर निशान लगाए और फेंसिंग करने के लिए नप्ती भी करवाई।*

### छह नवंबर को होगी सुनवाई

जब यह जानकारी रहवासियों को मिली तो उन्होंने जमकर हंगामा खड़ा कर विरोध शुरू करा दिया था। वहीं इस मामले में सभी को 24 अक्टूबर को अपना पक्ष रखने, दस्तावेज पेश करने का समय दिया गया था, जिससे वह न्यायालय पहुंचे। इसके बाद कुछ देर सुनवाई चली और सभी को छह नवंबर की तारीख दे दी है।

### तार फेंसिंग से करेंगे सुरक्षा

पशुपालन विभाग अपनी जमीन पर फेंसिंग, बोर्ड लगाने की कार्रवाई कर रहा है। इसी के तहत शनिवार को भी हम टीम सहित मौके पर गए थे और बोर्ड लगाने के साथ ही अन्य कार्य किया है। इस दौरान किसी ने कोई विरोध नहीं किया है।

**एसके स्वर्णकार**, सब इंजीनियर पशुपालन विभाग

4 आठ बदमाश 3 बाइक और सूने मकान से सोना चांदी...



5 भू-अर्जन के बाद अभिलेख में संबंधित विभाग का...





जाने-माने सिंगर जावेद अली का 'कॉन्सर्ट' बदइंतजामी की भेंट चढ़ा, शुगर-बीपी की प्रॉब्लम वालों को खानपान सामग्री अंदर ले जाने से रोका

*न पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त थी और न ही पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था, कइयों की जेब कटी*

# ब्लैक में बिकते रहे टिकट, ड्राइव इन में क्षमता से ज्यादा घुसाई भीड़, कइयों को घबराहट, कुछ बेहोश हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार को ड्राइव इन सिनेमा में राग फेस्ट के अंतर्गत आयोजित हुआ जावेद अली का म्यूजिकल कॉन्सर्ट पूरी तरह अव्यवस्थाओं से भरा हुआ नजर आया। इस कॉन्सर्ट में न तो कानून व्यवस्था का पालन किया जा रहा था और न ही लोगों को बैठने की जगह थी। यहां तक कि जिन लोगों ने 1200 रुपए का टिकट लिया, उन्हें नीचे गंदी जमीन पर बैठने को मजबूर होना पड़ा।


इस फेस्ट की सबसे बदतर चीज यह थी कि 7 बजे के म्यूजिकल कॉन्सर्ट के मैन आर्टिस्ट जावेद अली करीब 10 बजे पहुंचे, ऐसे में कई लोग परेशान हुए। कई लोगों की जेब भी काटी गई।

**बदइंतजामी के चलते हुई जावेद अली के स्टाफ से आयोजकों के बीच भी कई बार तीखी कहासुनी**

**कॉन्सर्ट सुनने आए यूथ बोले- तय वक्त से देर से शुरू हुआ कार्यक्रम, हम पांच बजे से डटे**

**कॉन्सर्ट में स्टॉल लगाने वालों से वसूले 10 हजार से 25 हजार रुपए**

## 1200 रुपए देने के बाद भी नहीं मिली चेयर, छोटे बच्चों को लेकर जमीन पर बैठने को मजबूर हुई महिलाएं



कॉन्सर्ट में शो देखने आए दर्शकों से जमकर लूट खसोट खुलेआम चलती हुई नजर आई। कॉन्सर्ट के बाहर लोगों के बैग की पूरी तरह से तलाशी ली जा रही थी और उसमें फूडेबल आइटम को बाहर फेंक जा रहा था। किसी को भी खाद्य सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं थी। यहां तक की कई लोगों ने अपने शुगर और बीपी की प्रॉब्लम का जिक्र किया तो भी उन्हें खाने-पीने की चीज अंदर लेकर जाने से मना कर दिया गया। इसके कारण लोगों को अंदर महंगी खाद्य सामग्री खरीदनी पड़ी, जिसमें जहां 10 रुपए की पानी की बोतल 70 में बेची जा रही थी तो वहीं 6 या 7 रुपए की छोटे से डिस्पोजल कप की चाय को 60 रुपए में लोगों को बेचा जा रहा था।



**लोगों ने यह कहा**

### इतनी आवयवस्थाएं, मुझे तो चक्कर ही आ गया



कार्यक्रम में शामिल होने आई शिम्पी पुरोहित ने कहा कि इतने पैसे देने के बाद भी इतनी अव्यवस्थाएं देखकर तो मैं दंग रह गई। इतना लंबा इंतजार करते-करते मुझे तो चक्कर ही आ गए और साथ ही हमें कोई सूटेबल आइटम भी अंदर नहीं लाने दिया गया।

**पुराने भोपाल के कई इलाकों में फ्री में बंटे टिकट**

*सांप्रदायिकता को बढ़ावा देते हुए इस कार्यक्रम में जहां पुराने भोपाल के कई इलाकों में जावेद अली के टिकट फ्री में बांटे गए तो वहीं म्यूजिकल कॉन्सर्ट के बाहर पांच 5000 रुपए में भी ब्लैक में टिकट बांटते हुए भी लोग नजर आए।*

**भीड़ को कंट्रोल करने इक्का-दुक्का पुलिसकर्मी ही थे**

*इतने बड़े म्यूजिकल कंसर्ट में कानून व्यवस्था की जमकर धज्जियां उड़ती हुई नजर आई, जहां भयंकर भीड़ के बावजूद मात्र इक्का-दुक्का पुलिस कर्मी ही मौजूद थे। जिसमें कार्यक्रम के बाहर बाउंसर्स से लोगों की झड़प की भी कई घटनाएं नजर आई।*



**आयोजन स्थल पर घूमते नजर आए स्ट्रीट डॉग, पार्किंग से सड़क पूरी तरह से रही जाम**




कॉन्सर्ट के बाहर जहां लोगों की गाड़ी पार्किंग की वजह से सड़क पूरी तरह से जाम थी, वहीं गाड़ी पार्क करने काफी दूर जाना पड़ रहा था। वहीं कार्यक्रम में आवारा कुत्ते घूमते मिले।





*कॉन्सर्ट में दुकानदारों से भी स्टॉल लगाने के लिए मोटी रकम वसूली गई।*

### ऐसी अव्यवस्था से बेहतर ऐसे म्यूजिकल कॉन्सर्ट करना ही नहीं चाहिए

अपने छोटे से बच्चे के साथ म्यूजिकल कंसर्ट देखने आई आरती श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे नहीं पता था कि 1200 रुपए में हमें इस तरह से जमीन पर बैठना पड़ेगा और यह घास भी बेहद गंदी है, जिस पर मैं अपने बच्चों को नीचे बैठा भी नहीं सकती। यहां आए पीयूष मिश्रा ने कहा कि इतना पैसा देने के बाद भी ऐसी अव्यवस्था से तो ऐसे म्यूजिकल कॉन्सर्ट करना ही नहीं चाहिए।

# भोपाल में रहने वाला आतंकी था सीधे आईएसआईएस कमांडर के संपर्क में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा इलाके से 20 साल के सैयद अदनान को दिल्ली पुलिस ने संदिग्ध आतंकी गतिविधियों के चलते गिरफ्तार किया है। वह सीरिया में बैठे के एक आईएसआईएस कमांडर के सीधे संपर्क में था। वहीं से उसे दिल्ली में ब्लास्ट करने का मैसेज मिला था। सैयद अदनान इंडस रीजेंसी कॉलोनी के मकान नंबर ए-46 में रहता है। उसके पिता सैयद गुलफाम एक प्रतिष्ठित कंपनी में अकाउंटेंट हैं। अदनान ने 12वीं 97% मार्क्स के साथ पास की थी। इसलिए उसके पिता ने उसे सीए की तैयारी कराई। पड़ोसियों का कहना है कि अदनान फिटनेस पर खास ध्यान देता था। घर पर रहने के दौरान वह ज्यादातर वक्त फर्स्ट फ्लोर पर बने कमरे में बिताता था।

वह अपने कमरे में डार्क एप, टेलीग्राम और आईएमओ के जरिए सीरिया में बैठे कमांडर के कहने पर दिल्ली में ब्लास्ट की तैयारी में जुट गया। अदनान अपने एक साथी के साथ मिलकर हथियार जुटाने लगा था। ये दोनों वाट्सएप ग्रुप पर धार्मिक कट्टरपंथ से जुड़ी पोस्ट भी शेयर करते थे। दिल्ली पुलिस ने उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। पूछताछ में भोपाल से पकड़े गए अदनान ने कबूला है कि वह मिशन को अंजाम देने रोज 8-10 घंटे तक अकेला बैठकर लैपटॉप और फोन पर वक्त बिताता था। शुक्रवार को दिल्ली पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया है।

### पढ़ाई में टॉपर, सीए की तैयारी और खुद आतंकी तैयार करने लगा सैयद अदनान

**कई बड़े नेताओं को किया था टारगेट, सुरक्षा एजेंसियों ने किया नाकाम**

राजधानी को अपना ठिकाना बना रहे हैं आतंकी

तीन साल में जमात से जेएमबी तक के गुर्गे अरेस्ट



कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन ने भी गोपनीय रूप से अपने विस्तार की योजना बनाई थी, लेकिन पुलिस की कार्रवाई ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को जानकारी थी कि कुछ युवक आईएसआईएस संगठन के संपर्क में थे। अब इनकी गिरफ्तारी से किसी बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले ही रोक दिया गया है।

**राजधानी में सीरिया से लेकर बांग्लादेश के आतंकी भी पकड़ाए**

मध्य प्रदेश की राजधानी में बीते तीन वर्षों में भोपाल से सीरिया से लेकर बांग्लादेश तक के कई संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के आतंकियों ने भी भोपाल में पनाह ली। हालांकि इंटेलिजेंस की सक्रियता के कारण उनका माड्यूल ध्वस्त कर दिया गया। इसके बाद पीएफआई और एचयूटी के सदस्यों को एनआइए ने शाहजहांनाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार किया। हिज्ब-उत-तहरीर के गुर्गे भी भोपाल में पकड़ाए थे।

**ऐशबाग की घनी बस्ती में भी ठिकाना**

*मार्च 2022 में एटीएस द्वारा भोपाल के ऐशबाग इलाके में जेएमबी के आतंकियों की गिरफ्तारी हुई थी। उनसे पूछताछ में यह सामने आया कि ऐशबाग की घनी आबादी में छिपना आसान होता है और यहां किराए पर मकान भी आसानी से मिल जाते हैं।*



**ऐशबाग में पकड़े गए थे हिज्ब-उत-तहरीर के गुर्गे**

राजधानी का ऐशबाग क्षेत्र इस मामले में तेजी से उभर कर सामने आया है। यहां संकरी गलियों के कारण उन पर नजर रखना मुश्किल होता है। तीन साल पहले पकड़े गए जेएमबी के आतंकी एक साल से अधिक समय तक इस इलाके में छिपे रहे, जबकि स्थानीय थाने और इंटेलिजेंस को इसकी भनक तक नहीं लगी। अब हिज्ब-उत-तहरीर के सदस्यों की मौजूदगी भी ऐशबाग में पाई गई है। पिछले एक साल में इस इलाके से करीब 10 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। करोंद में जेएमबी के आतंकियों के मददगारों की गिरफ्तारी और आईएसआईएस के आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सघन बस्ती में चेकिंग शुरू कर दी है। पुलिस बाजारों में भी चेकिंग कर रही है।

**ये लापरवाही देती है आतंकियों को मौका**

*स्थानीय पुलिस और खुफिया विभाग को इस मामले की गंभीरता का पता नहीं चल पाया। पुलिस की एक बड़ी विफलता यह रही है कि शहर में किरायेदारों के सत्यापन को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।*

4 वार्ड प्रभारियों के वार्ड बदले

## 12 कर्मियों के तबादले, 11 सहायक राजस्व निरीक्षकों को वार्ड प्रभारी का सौंपा जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




नगर निगम में नई आयुक्त के आने के बाद प्रशासनिक बदलाव शुरू हो गए हैं। राजस्व वसूली को देखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने 12 कर्मचारियों के तबादले करते हुए 11 सहायक राजस्व निरीक्षकों को वार्ड का प्रभार दिया है, जबकि 4 वार्ड प्रभारियों के वार्ड में बदलाव किया गया है। एक वार्ड प्रभारी को जोन के राजस्व विभाग भेजा गया है। यह तबादला आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं।

वर्तमान में वार्ड-37 के प्रभारी वीरेंद्र अहिरवार सहायक राजस्व निरीक्षक को वार्ड-64, वार्ड-21 के प्रभारी अखंड प्रताप सिंह सहायक राजस्व निरीक्ष को वार्ड-37, वार्ड-38 के प्रभारी अंकित घूसर सहायक राजस्व निरीक्षक को वार्ड-27, वार्ड-25 के प्रभारी जयदीप मालाकार सहायक राजस्व निरीक्षक को वार्ड-38 का जिम्मा दिया गया है। इसी तरह ईदगाह ट्रांसफर में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार वार्ड-35, सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक मोहित मालवीय को वार्ड-7, सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षण पुष्पेंद्र सिंह सोनगरा को वार्ड-25, सामान्य प्रशासन विभाग में सहायक राजस्व निरीक्षक सुमित कुशवाहा को वार्ड-1, सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ अक्षय शर्मा को वार्ड-42, सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ योगिता नंदा को वार्ड-31, सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ शालिन दास को वार्ड-78 का वार्ड प्रभारी बनाया गया है। जबकि वार्ड-42 के वार्ड प्रभारी नीरज करोसिया को जोन-20 के राजस्व विभाग में भेजा गया है।

# छात्र नकल करते पकड़े गए तो बीयू ने रद्द कर दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने एक परीक्षा केंद्र पर कुछ छात्रों को नकल करते पकड़ा था। इसके बाद इस पूरी परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया है।

विवि परीक्षा समिति ने पर्यवेक्षकों, परीक्षा केंद्र अधीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर इन छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए संबंधित विषय या पूरी परीक्षा निरस्त कर दी है। यह परीक्षा एमबीए ह्यूमन रिसोर्स की है। विवि ने जुलाई 2025 में आयोजित कोर्सों की परीक्षाओं में पकड़े गए नकल प्रकरणों का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है।

**85 से अधिक छात्रों पर कार्रवाई**

जारी परिणाम के अनुसार एमबीए के इंटीग्रेटेड 8वें, 4 सेमेस्टर के साथ ही दूसरे सेमेस्टर और एटीकेटी परीक्षाओं में करीब 85 से अधिक छात्रों पर कार्रवाई की गई है। इनमें से अधिकांश मामलों में छात्रों की पूरी परीक्षा रद्द की गई है। कुछ छात्रों के खिलाफ केवल संबंधित विषय की परीक्षा निरस्त करने का दंड दिया है। रिसर्च मेथडोलॉजी, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट और ऑर्गनाइजेशनल बिहेवियर में भी नकल करते पकड़े गए कई छात्रों की परीक्षा रद्द कर दी गई है। बी.एससी.बीएड., बी.लिब., बी.कॉम. कोर्सों के भी कुछ छात्रों पर नकल प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें भी परीक्षा रद्द की गई है।

**पश्चिमी विक्षोभ कल हिमालय क्षेत्र में आएगा, लेकिन प्रदेश में इसका असर 3 नवंबर के बाद शुरू होगा**

# बादल, बारिश और धुंध के बीच गुजरेंगे राजधानी के पांच दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अक्टूबर महीने के शेष पांच दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। इस बीच बादल, बारिश और धुंध का असर रहेगा। तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच सर्दी का असर थमा रहेगा।

शनिवार को राजधानी में दिनभर बादल छाए रहे। कुछ हिस्सों में बौछारें पड़ीं। देर रात कुछ अन्य हिस्सों में तेज बौछारें पड़ने से तापमान में कुछ कमी आई है। रविवार से 31 अक्टूबर के बीच भोपाल सहित पूरे प्रदेश के जिले भीगेंगे। इनमें दक्षिण मप्र में अभी असर अधिक होगा। अभी अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों में सिस्टम एक्टिव होने से इस महीने में बारिश और बादलों का दौर चलेगा। 27 अक्टूबर को हिमालय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, लेकिन सर्दी का दौर 3 नवंबर के बाद ही शुरू होगा।

मौसम केंद्र के अनुसार रविवार को भोपाल सहित दो दर्जन से अधिक जिलों में बादल, बारिश की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी अरब सागर और खाड़ी में सिस्टम के असर से प्रदेश में मौसम ऐसा ही रहेगा।

अभी अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों में सिस्टम सक्रिय

हवाएं पूर्वी रहने से अक्टूबर महीने में नहीं बढ़ेगी सर्दी

**शहर के कुछ इलाकों में हुई बूंदाबांदी**



स्थान : आरकेएमपी स्टेशन
समय : साढ़े 4.30 बजे, शनिवार

शनिवार को प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में बारिश का दौर अधिक रहा। शेष अधिकांश जिलों में बादल छाए रहे। भोपाल के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी हुई। विशेषकर उज्जैन, सागर, रतलाम जिलों में कई स्थानों पर बारिश दर्ज की गई है। सागर और पांढुर्ना में तेज बारिश हुई, जबकि शाजापुर जिले के अकोदिया में बौछारें पड़ीं। उज्जैन और रतलाम में दोपहर बाद तेज बारिश हुई। भोपाल में देर रात अधिकांश हिस्सों में बौछारें पड़ीं।

**इसलिए इस महीने ऐसा मौसम**

*विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी पूर्वी अरब सागर पर बना डिप्रेशन आज मुंबई के पास तक सक्रिय हुआ है। यह रविवार को उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ेगा। एक डिप्रेशन दक्षिण पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर सक्रिय है। यह पश्चिम उत्तर पश्चिम की ओर बढ़कर डीप डिप्रेशन में बदल गया है। सोमवार को इसके बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवातीय तूफान में बदलने की उम्मीद है। इसके बाद यह उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा। अगले दिन यानि मंगलवार को यह फिर उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़कर एक एक सीवियर साइक्लोनिक सकुर्लेशन के तूफान में बदल जाएगा। इससे प्रदेश में अभी पांच दिन मौसम ऐसा ही बना रहेगा। इस बीच प्रदेश में अलग-अलग दिन बारिश का दौर चलेगा। 27 अक्टूबर को एक पश्चिमी विक्षोभ हिमालय क्षेत्र में सक्रिय होगा। इसका असर 3 नवंबर के बाद सर्दी में बढ़त के रूप में महसूस होगा।*

## खबर संक्षेप

### छात्राओं का विभिन्न कंपनियों में चयन





**संतनगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल की छात्राओं का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ है। यशिका परीयानी, बीसीए तृतीय वर्ष की छात्रा, का चयन पेंटागन स्पेस में इंटर्नशिप के लिए, लायबा खान, बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा का चयन विवेकानंद विद्या मंदिर में फैकल्टी के रूप में तथा विधि बाली, बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा का चयन टेक्नोटास्क में कस्टमर सपोर्ट पद के लिए चयन हुआ है। कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने इन छात्राओं को बधाई दी।

### विद्यार्थियों ने किया भोजपुर मंदिर का भ्रमण



**संतनगर।** दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल के उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए भोजपुर ले जाया गया। इस अवसर पर बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए संस्था के सचिव बसंत चेलानी, सुरेष राजपाल, चन्दर नागदेव, पुरुषोत्तम टिलवानी, प्राचार्य आरके मिश्रा साथ में उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भोजपुर के प्राचीन मंदिर एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन किए। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ उनको देश की संस्कृति से जोड़े रखने के लिए प्रयासरत रहता है।

### परिषद का काम करने विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने भोजपुर की चारों नगर परिषद में से औबेदुल्लागंज, सुल्तानपुर, बाड़ी में नगर परिषद के काम करने के लिए विधायक प्रतिनिधि बनाएं हैं। सुल्तानपुर में हेमराज मीणा, बाड़ी से धर्मेंद्र चौहान, औबेदुल्लागंज से नपा अध्यक्ष पति को विधायक प्रतिनिधि बनाया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा विकास कार्य में जुटे हुए हैं।

### अनिल अरोरा बने हर गुट के चहेते



**औबेदुल्लागंज।** नगर के अनिल अरोरा ने बहावलपुरी समाज के अध्यक्ष बल्लू अरोरा को लाकर व्यापार महासंघ में अपने को मजबूत बना लिया है। पार्षद आमिर ममनून उनके विशेष प्रतिनिधि हैं। अनिल अरोरा का नगर परिषद और औबेदुल्लागंज के राजनीतिक गुट में अच्छी पकड़ है। व्यंग्यकार रवि ने कहा कि अनिल अरोरा को 2027 में नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव लड़ना चाहिए, क्योंकि वह हर गुट के चहते बने हुए हैं।

# चाकूबाजों और चेन स्नैचर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, हत्या के प्रयास का आरोपी भी पकड़ा

## निशातपुरा पुलिस ने दो चाकूबाजों को राजीव नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से दबोचा

**सीसीटीवी कैमरा के आधार पर आरोपियों की तलाश कर वाहन स्वामी की जानकारी जुटाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा पुलिस ने दो चाकूबाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अशरफ खान और आशु खान को गिरफ्तार किया गया है। पिछले दिनों चाकू बाजी की घटना को आरोपियों ने अंजाम दिया था। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना मिलने के बाद राजीव नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से गिरफ्तार किया है।

चाकू के साथ अवैध हथियार भी जब्त किए गए हैं। वहीं दो लड़कों को चेन स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है करीब 1:30 बजे पैदल जा रहे व्यक्ति को दो लड़के बाइक पर आए और उसके गले से चांदी की चेन छीन कर फरार हो गए। सीसीटीवी कैमरा के आधार पर आरोपियों की तलाश की गई बाइक के नंबर के आधार पर वाहन स्वामी की जानकारी जुटाई। आरोपी आसिफ पिता नवाब खान नवी बाग में रहता है। इस दौरान पता चला कि वह अपने दोस्त अनुराग रैकवार के साथ रात को घूम रहा था। इसी दौरान उसकी नजर सड़क पर घूम रहे व्यक्ति पर पड़ी और उन्होंने चेन छीन कर भाग निकले। पुलिस ने बताया कि आरोपी अनुराग पहले ऑटो चलाने का काम करता था जो अब आदतन अपराधी बन गया है। रात के समय ऐसे लोगों के साथ घटना करता है और बाहरी जगह पर छुप जाता है। रात को सुनसान इलाकों का फायदा उठाकर बातों में उल्झाकर वारदात करता है और झपटा मार कर भाग जाता है।

### 3 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

हत्या के प्रयास के मामले में निशादपुरा पुलिस ने 3 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी कुछ समय पहले एक व्यक्ति के साथ मारपीट की थी और उसके सिर पर हमला कर दिया था। इस मामले में गंभीर चोट को देखते हुए आरोपी फैसल तथा सबरेज उर्फ भूरा की तलाश कर रही थी। जिसे शनिवार को घर से गिरफ्तार कर लिया है।

# दिनदहाड़े फायरिंग करने वाला बदमाश ट्रेन से भागा लोकेशन के आधार पर पुलिस ने की घेराबंदी

## लोकेंद्र गुर्जर की लाइसेंसी बंदूक और गाड़ी बिना अनुमति लेकर गया था आरोपी

**पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के हाई सिक्योरिटी जोन राजभवन के पास एमपी ऑनलाइन की शॉप चलाने वाले संचालक पर फायरिंग करने वाला बदमाश ट्रेन में बैठकर फरार हुआ है। पुलिस को उसकी लोकेशन मिल गई है, जिसके आधार पर पुलिस उसकी घेराबंदी करने में लगी हुई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

अरेरा हिल्स थाना पुलिस के मुताबिक फाइन इंक्लेव बीमाकुंज कोलार निवासी गोपाल विजयवर्गीय (45) शॉप नंबर 12 रोशनपुरा में श्रीश्याम ऑनलाइन एण्ड ई- टिकट नाम से शॉप चलाते हैं। उनका बेटा श्याम विजयवर्गीय भी शॉप का काम देखता है। शुक्रवार शाम करीब चार बजे वह बेटे श्याम के साथ शॉप पर बैठे थे, तभी आरोपी ने फायरिंग कर दी थी। आरोपी की पहचान दीपेंद्र गुर्जर के रूप में हुई, जो मुरैना का रहने वाला है। वह भाजपा नेता लोकेंद्र सिंह गुर्जर का ड्राइवर था। अभी दो महीने पहले उसने नौकरी ज्वॉइन की थी। वह लोकेंद्र गुर्जर की लाइसेंसी बंदूक और गाड़ी बिना अनुमति लेकर गया था, जिससे उसने वारदात को अंजाम दिया।

### गाड़ी और बंदूक नहीं मिली

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी दीपेंद्र गुर्जर पुलिस की घेराबंदी देखकर गाड़ी और बंदूक किसी गुप्त स्थान पर खड़ी कर गायब हो गया। वह अपने गृह जिले मुरैना भी नहीं पहुंचा है। पुलिस को पता चला है कि वह ट्रेन में बैठकर कहीं जा रहा है, जिसकी लोकेशन पुलिस को मिल गई है।

## राजधानी के कटारा हिल्स की त्रिभुवन बिहार कॉलोनी में नकाबपोश का आतंक

# आठ बदमाश 3 बाइक और सूने मकान से सोना चांदी के जेवरात, नगदी सहित टीवी लेकर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी के कटारा हिल्स की त्रिभुवन बिहार कॉलोनी में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब आठ बदमाशों ने अलग-अलग घरों के बाहर खड़ी तीन बाइक चोरी कर लीं। आर्मी के रिटायर्ड सूबेदार के घर का ताला तोड़कर बदमाश सोने-चांदी के जेवरात सहित एक लाख रुपए की नकदी और 42 इंच की एलईडी टीवी चोरी कर फरार हो गए।

आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज शनिवार दोपहर सामने आए हैं। मामले की शिकायत थाने में कर दी गई है। फरियादी धीरज सिंह के मुताबिक वे आर्मी के रिटायर्ड सूबेदार हैं। त्रिभुवन बिहार कवर्ड कैंपस में रहते हैं। फिलहाल छट पूजा के सिलसिले में बलिया उत्तर प्रदेश में स्थित अपने गांव में हैं। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात उनके घर में अज्ञात सात-आठ बदमाश ताला तोड़कर घुस गए। नगदी, जेवरात सहित तीन लाख रुपए का माल चोरी कर फरार हो गए। आरोपियों ने कॉलोनी से तीन बाइक भी चोरी की हैं। रहवासियों ने मामले की शिकायत कटारा हिल्स थाने में कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रेलवे कॉलोनी में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, चोरी करने के बाद मामा के घर में छिपाया जेवर

**पड़ोस में रहने वाले रेलवे कर्मचारियों के घर से चोरी किए थे जेवर**

**जीआरपी भोपाल ने साढ़े तीन लाख का माल किया बरामद**



चोरी के मामले में जीआरपी ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से साढ़े तीन लाख रुपए का माल बरामद किया है। आरोपी ने चोरी की घटना के बाद जेवर अपने मां के घर में छिपा दिए थे।

जीआरपी ने बताया कि मई के महीने में सुरेश चंद्र मौर्य निवासी रेलवे कॉलोनी ने सूचना दी थी। रेलवे कॉलोनी में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर में अलमारी में रखे लेडिस पर्स को चोरी कर लिया है, जिसमें सोने के आभूषण दो मंगलसूत्र चैन रखी थी। रिपोर्ट के आधार पर रेलवे कॉलोनी में रहने वाले आसपास के पड़ोसी लोगों से पूछताछ की। इस दौरान आदित्य पिता अरुण ठाकुर निवासी भोपाल का रहने वाला मिला। वह अपने रेलकर्मी मामा के यहां काम की तलाश में आता-जाता रहता था। इसके बाद उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया और उसने अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि पड़ोस में रहने वाले बूढ़े सुरेश चंद्र के यहां गया हुआ था। उनकी नजर चुराकर लेडिस पर्स चोरी कर लिया। पुलिस ने आरोपी के मामा के घर में छिपाए जेवर बरामद कर लिया है।

### चोरी के सामान के साथ दो आरोपी पकड़ाए

शाहजहांनाबाद पुलिस ने चोरी के माल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों ने मोहल्ले की एक दुकान की खिड़की तोड़कर सामान चोरी किया था। आरोपियों से चोरी की अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार घटना की रिपोर्ट मदर इंडिया कालोनी में रहने वाले नवेद खान ने दर्ज कराई थी। नवेद ने पुलिस को बताया कि बीती बाईस अक्टूबर की रात करीब बारह बजे उसने अपनी दुकान बंद कर उपयोगी सामान घर के पास वाले कमरे में रखा था। अगले दिन सुबह करीब ग्यारह बजे दुकान का सामान निकालने के लिए कमरा खोला तो खिड़की टूटी मिली और अंदर रखी पुरानी एक भट्टी, तीन भगोने और एक सिलेंडर नहीं था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान एक आरोपी एजाज खान उर्फ लंगड़ा निवासी मदर इंडिया की पहचान हुई। पुलिस ने जब एजाज खान के हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने साथी अखिल बच्चू के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। उसके बाद पुलिस ने अखिल को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया गया है, जिसकी कीमत करीब पंद्रह हजार रुपए बताई गई है।

## भोपाल वासियों को मिलेंगी दो नई उड़ानों की सौगात

# बहुप्रतीक्षित गोवा सहित दिल्ली फ्लाइट आज से होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

इंडिगो एयरवेज द्वारा रविवार से गोवा फ्लाइट और एयर इंडिया की दिल्ली उड़ान शुरू की जा रही है। मालूम हो कि गोवा के लिए उड़ान शुरू करने के लिए पिछले काफी समय से मांग की जा रही थी।

गोवा के लिए यह उड़ान दोपहर ढाई बजे भोपाल आकर 3 बजे गोवा के लिए रवाना होगी। मालूम हो कि गोवा उड़ान न होने के कारण यात्रियों को कई प्रकार का परेशानियों का सामना करना पड़ता था और यात्रियों को इंदौर और मुंबई वाया गोवा जाना पड़ता था, लेकिन इंडिगो द्वारा भोपाल से सीधी उड़ान शुरू करने से यात्रियों को काफ़ी राहत मिलेगी। वहीं एयर इंडिया की दिल्ली उड़ान कल 26 अक्टूबर रविवार से शुरू की जा रही है, जिससे यात्रियों को सुविधा होगी।

# छात्राओं को प्रोफेशनल बनाने के लिए कई विषयों की दी जानकारी

## संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



मैनेजमेंट की छात्राओं को सफल प्रोफेशनल बनाने के लिए संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा विभिन्न आयाम सिखाए जाते हैं।

प्रतिष्ठित कंपनियों ज़ेबिया, ड्रीमज़ ग्लोबल, नेटलिंक, वन-पॉइंट-वन, कॉर्पोरेट स्टेप्स, वी360.एआई के सहयोग से इस ट्रेनिंग मॉड्यूल में चयनित छात्राओं को विशेष ट्रेनिंग दी गई, जिसमे कॉर्पोरेट एक्सपर्ट्स ने पावर ड्रेसिंग, एच.आर. मेंए.आई., प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, कमोडिटी और वित्त बाजार, एमएस एक्सेल, गूगल फॉर्म्स और कैनवा जैसे विविध विषयों पर महत्वपूर्ण सेशन लिए। इस ट्रेनिंग के समापन पर संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी, डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर एवं ग्रुपएडवाइजर पीऐस राठौर ने छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए।

## नगर परिषद ने की घाट पर साफ-सफाई

# चार दिवसीय छठ महापर्व नहाए-खाए के साथ शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

चार दिवसीय छठ महापर्व का शनिवार से नहाए खाए के साथ शुभारंभ हो गया। औबेदुल्लागंज में भोजपुरी समाज के अशोक जायसवाल, गणेश जायसवाल, लालबाबू जायसवाल, मनोज जायसवाल, माधव सिंह, अनिल विश्वकर्मा, एनके मिश्रा, अभिषेक पाण्डेय, आदि ने बताया कि घर में सुख समृद्धि को लेकर यह पूजा की जाती है।

नगर परिषद के कर्मचारियों ने शनिवार को मछली तालाब पर साफ-सफाई का कार्य किया, जिससे छठ पूजा करने आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशान न हो। 27 अक्टूबर को छठ पूजा का सामूहिक आयोजन होगा, जिसमें सभी व्रतधारी डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा करेंगे। इस दौरान श्रद्धालु निर्जला व्रत रखेंगे। वही 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत पूर्ण करेंगे।

**विधायक से मिलने के बाद समस्या का हल नहीं हुआ तो आंदोलन को मजबूर**

# सिंधी पंचायत के दिवाली मिलन समारोह में फाटक रोड व्यापारियों का छलका दर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत का दीवाली मिलन व साधारण सभा की बैठक शनिवार को पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी की अध्यक्षता में नव युवक सभा स्कूल भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम माता लक्ष्मी, श्री राम परिवार, भगवान झूलेलाल व परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी के छायाचित्र पर मालार्पण कर व दीप प्रज्जवलित किया गया। सर्वप्रथम पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने स्वागत भाषण देते हुए समस्त नगरवासियों को दीवाली की बधाई दी। पंचायत द्वारा समाज क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय बोरवन पार्क स्थित पगड़ी रस्म के मेंटेनेंस व विकास के संबंध में चर्चा की गई। जिस पर सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया कि 1 नवंबर से शोकाकुल परिवार से 500 रुपए सहयोग के रूप में लिए जाएंगे। अगर कोई गरीब है, तो उनसे यह शुल्क नहीं लिया जाएगा।

इसके अलावा बैरागढ़ में विगत 6 माह से किन्नरों के दो ग्रुपों में विवाद चल रहा है। कई इस विवाद से कोई बड़ी दुर्घटना न हो जाए इसलिए पंचायत की फैसला बोर्ड की बैठक बुलाकर दोनों ग्रुपों को बुलाया जाएगा व जिला प्रशासन पुलिस विभाग को शामिल किया जाएगा। उनसे विचार विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कन्हैया इसरानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी, घनश्याम लालवानी आदि ने फाटक रोड के व्यापारियों की समस्याओं पर चिंता प्रकट की, जिस पर सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया कि पूज्य सिंधी पंचायत का प्रतिनिधिमंडल जिसमें संत नगर के समस्त व्यापारिक संगठन, सामाजिक संगठन, भाजपा व कांग्रेस के नेता शामिल होंगे, जो क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा से मिलकर फाटक रोड के व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराएंगे और उन्हें पुलिया के नीचे स्थाई रूप से दुकान बनाने की मांग करेंगे। अगर इन व्यापारियों को हक नहीं मिला तो आगे आंदोलन की रुपरेखा तैयार की जाएगी। इसके अलावा वन ट्री हिल्स के प्लॉटों के लीज नवीनीकरण व विस्थापित परिवारों के पट्टे देने की मांग की जाएगी।

# मुंहबोली बहन से दुष्कर्म करने वाले को 10 वर्ष का कारावास

**भोपाल ।** मुंहबोली बहन के घर में घुसकर डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी सौरभ उर्फ छोटू अहिरवार (26) निवासी ग्राम मुरादपुर गंज बासौदा जिला विदिशा वर्तमान निवासी छावनी पठार पत्रकार कॉलोनी बिलखिरिया भोपाल को अपर सत्र न्यायाधीश पल्लवी द्विवेदी ने भादंसं की धारा-376 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास कारावास और 1000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अभियोजन की ओर से प्रकरण में राजेश सिंह अपर लोक अभियोजक द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन के अनुसार फरियादिया ने 19 मई 2019 को थाना पिपलानी में रिपोर्ट इस आशय की लेख कराई कि वह अपने पति के साथ छावनी में निवास करती है। रात 12 बजे घर पर अकेली थी। छोटू कुमार जिसे सौरभ भी कहते है, आया और बोला साईड में आओ और उसे घर के बाजू वाले कमरे में धक्का देकर मुंह दबाकर उसके साथ गलत काम किया और बोला कि आवाज करेगी तो उसे मार डालेगा। फरियादिया ने रिपोर्ट में बताया कि छोटू सौरभ उसके मोहल्ले में रहता है, उसके भाई का दोस्त है। उक्त रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खतरनाक गन की ऑनलाइन बिक्री पर भी लगाम लगाने का फैसला किया

# भोपाल पुलिस ई-कॉमर्स कंपनियों को लिखेगी पत्र कार्बाइड गनों की ऑनलाइन बिक्री पर भी सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी में बच्चों और युवाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भोपाल पुलिस ने कार्बाइड गनों की अवैध बिक्री और उपयोग के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। हाल ही में 170 से अधिक बच्चों की आंखों की रोशनी जाने के मामले सामने आने के बाद अब पुलिस ने इस खतरनाक गन की ऑनलाइन बिक्री पर भी लगाम लगाने का फैसला किया है।

दरअसल मार्केट में तो जिला प्रशासन और पुलिस ने रोक लगा दी लेकिन, ऑनलाइन साइटों पर अभी भी यह गन देखने को मिल रही है। भोपाल पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने बताया कि शहर में जगह-जगह कार्बाइड गन की जांच की जा रही है। जानकारी मिली है कि कुछ ई-कॉमर्स कंपनियों की साइट पर यह गन उपलब्ध है। इन कार्बाइड गनों की बिक्री रोकने के लिए प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों को पत्र लिखकर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन खतरनाक गनों की ऑनलाइन बिक्री न हो और ये किसी भी रूप में भोपाल के लोगों तक न पहुंचे।

### अब तक हुई पुलिस की कार्रवाई

भोपाल में अब तक कार्बाइड गन से जुड़े पांच मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इन कार्रवाइयों में पुलिस ने 74 कार्बाइड गन और करीब 11.5 किलो विस्फोटक जब्त किया है। साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। निशातपुरा पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम के तहत मोहम्मद ताहा अहमद (27) को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 10 किलो विस्फोटक बरामद किया। बागसेवनिया पुलिस ने भय्यू चौहान (25) को गिरफ्तार किया, उसके पास से 42 कार्बाइड गन, 29 लाइटर और 1.15 किलो विस्फोटक बरामद हुए। एमपीनगर पुलिस ने भवानी पवार को अवैध गन बेचते हुए पकड़ा और उसके पास से 12 कार्बाइड गन जब्त कीं। नजीराबाद पुलिस ने सोनू सेन पर केस दर्ज किया और उसके पास से 19 गन बरामद की। पिपलानी पुलिस ने जंबूरी मैदान में दबिश देकर 5 कार्बाइड गन जब्त कीं, आरोपित फरार हो गया।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से इस तरह के खतरनाक उपकरण की बिक्री पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्बाइड गन कैल्शियम कार्बाइड और पानी के रासायनिक मिश्रण से बनती है। यह दिखने में खिलौने जैसी होती है, लेकिन इसका विस्फोटक प्रभाव बेहद खतरनाक होता है। बच्चों द्वारा इसका इस्तेमाल कई हादसों का कारण बन चुका है, जिसमें 150 से अधिक बच्चों ने अपनी आंखों की रोशनी गंवा दी।

**तीन दिन पहले पुल के नीचे गिरी कार का मामला**

# दो थानों के सीमा विवाद में उलझा मामला दुर्घटना की जानकारी और जांच रुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



बीलखेड़ी पुल के नीचे गिरी कार का मामला तीन दिन पुराना होने और उसमें सवार लोगों की संख्या की जानकारी न मिल पाना पुलिस प्रशासन की लापरवाही और संवेदनहीनता को दर्शाता है।

गौहरगंज थाना प्रभारी ने कहा कि हमारा क्षेत्र नहीं लगता, हमने स्टाफ भेजकर दिखवा लिया है, यह एक गंभीर मुद्दा है। दो थानों (गौहरगंज और ओबेदुल्लागंज) के बीच सीमा विवाद के कारण गंभीर दुर्घटना की जानकारी और जांच रुकी हुई है। ऐसे मामलों में तुरंत कार्रवाई करना और मानवीय आधार पर पहले लोगों को बचाना या जानकारी जुटाना प्राथमिकता होनी चाहिए, न कि क्षेत्राधिकार तय करना। थाना प्रभारियों को उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देश दिए जाने चाहिए कि वे पहले घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी जुटाएं, फिर सीमांकन तय करें।

**स्थानीय लोगों में आक्रोश और अफवाहें**
जानकारी के अभाव में स्थानीय लोगों में आक्रोश और तरह-तरह की अफवाहें फैल सकती हैं, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ सकती है।

### जांच में देरी और पारदर्शिता की कमी

तीन दिन बाद भी कार में कितने लोग बैठे थे और उनकी क्या स्थिति है, यह पता न चल पाना बड़ी लापरवाही है, पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। संभव है कि कार के अंदर कोई फंसा हुआ हो या घटना में किसी की जान गई हो, जिसकी जानकारी पुलिस के पास नहीं है। यह स्थिति निष्पक्ष जांच और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगाती है।

# भू-अर्जन के बाद अभिलेख में संबंधित विभाग का नाम दर्ज नहीं होने पर शासन ने सभी 55 जिलों के कलेक्टरों को लिखा पत्र

## भू- अर्जन के मामलों में नाम दर्ज न होने की वजह से लिटिगेशन के मामले बढ़े, सैकड़ों मामले कोर्ट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे, मप्र सड़क विकास निगम की परियोजनाओं के निर्माण के लिए अर्जित भूमि का नामांतरण के बाद राजस्व अभिलेख में नाम अनिवार्य रूप से दर्ज करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने कहा कि राजस्व अभिलेखों में भू- अर्जन की कार्रवाई होने के बाद भी संबंधित विभाग का नाम दर्ज नहीं होता। इस वजह से कालांतर में विभिन्न तरह के विवाद की स्थिति बनी रहती है।

कलेक्टरों से कहा गया है कि वह भू अर्जन के बाद तत्काल बाद संबंधित विभागों का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराएं। यदि इसमें किसी भी तरह की कोताही पाई गई तो इसके लिए संबंधित जिलों के कलेक्टर जिम्मेदार होंगे। राज्य शासन की तरफ से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में मप्र के सभी 55 जिलों के कलेक्टरों को राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज करने का पत्र दिया है।



### दस्तावेजों में संबंधित विभाग का नाम अद्यतन नहीं करते

विभाग ने कहा कि अभी देखने में आया है कि कई कलेक्टर भू-अर्जन के बाद भी दस्तावेजों में संबंधित विभाग का नाम अद्यतन नहीं करते। इस वजह से अक्सर विवाद की स्थिति पैदा होती है। इस विवाद की वजह से कई मामले कोर्ट में पेंडिंग है। इस वजह से विभाग का समय अनावश्यक रूप से जाया होता है। विभाग ने कलेक्टरों से कहा कि अपने अधीनस्थ राजस्व अमले को भू अर्जन की कार्रवाई के बाद राजस्व अभिलेख में संबंधित विभाग का नाम दर्ज करने के लिए निर्देशित करें।

### विवाद की स्थिति न हों

कलेक्टरों से कहा गया कि विभाग का नाम दर्ज नहीं होने के कारण इसमें भविष्य में किसी भी तरह की विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। पीडब्ल्यूडी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे, मप्र सड़क विकास निगम की विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण, उन्नयन के लिए समय-समय पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय, रेलवे मंत्रालय तथा मप्र शासन लोक निर्माण विभाग के पक्ष में निजी भूमि का अर्जन किया जाता है। इस संबंध में भू अर्जन की कार्रवाई राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956, रेलवे एक्ट 1989, भू अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 तथा मप्र की आपसी सहमति क्रय नीति 2014 के तहत भू-अर्जन अधिकारी तथा सक्षम प्राधिकारी भू अर्जन के माध्यम से की जाती है।

# वित्त ने बजट दिया फिर भी 16 विभाग नहीं दे रहे 72 हजार बिजली बिलों के 406 करोड़ रुपए

## एसीएस, पीएस को बिजली कंपनियों ने लिखा पत्र, बिजली कंपनी ने जारी किए नोटिस

प्रदेश के सोलह सरकारी महकमों पर 72 हजार 900 बिजली बिलों की 406 करोड़ 36 लाख रुपए की राशि बकाया है। ये महकमें लगातार नोटिसों के बाद भी बिजली बिलों का भुगतान नहीं कर रहे है सर्वाधिक बकाया राशि नगरीय विकास एवं आवास विभाग पर 125 करोड़ 62 लाख रुपए और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 102 करोड़ 32 लाख रुपए है। हालांकि वित्त विभाग ने बजट दिया है मगर विभाग भुगतान नहीं कर रहे है।

### अफसर भुगतान के संबंध में विभागों को जारी कर चुके निर्देश

*नगरीय विकास एवं आवास विभाग में 12 हजार 3 बिलों का भुगतान नहीं किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में 17 हजार 49 बिलों का भुगतान नहीं किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 9 हजार 965 बिलों की 34 करोड़ 45 लाख रुपए की राशि का बकाया बिल नहीं चुकाया है। स्कूल शिक्षा विभाग को 18 हजार 539 बिलों के 29 करोड़ 64 लाख रुपए चुकाना बाकी है। स्वास्थ्य महकमा भी मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का बकायादार है । उसे 1 हजार 910 बिलों के 21 करोड़ 7 लाख रुपए चुकाना बाकी है। जलसंसाधन विभाग ने ही 497 बिलों के 13 करोड़ 97 लाख रुपए नहीं चुकाए है। गृह विभाग ने 2070 बिजली बिलों के 10 करोड़ 49 लाख रुपए का भुगतान नहीं किया है। पीएचई को 445 बिलों के 11 करोड़ 35 लाख रुपए चुकाना है। आदिम जाति कल्याण विभाग ने 6 करोड़ 87 लाख, राजस्व विभाग ने 3 करोड़ 76 लाख रुपए बकाया है।*

## खबर संक्षेप

### डॉ. खेमरिया बने दिव्यांगजन आयुक्त

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में राज्य सरकार ने बड़ी नियुक्ति की है। डॉ. अजय खेमरिया को प्रदेश का दिव्यांग जन आयुक्त नियुक्त किया है। राज्य स्तरीय सर्च कमेटी की अनुशंसा पर उन्हें यह अहम दायित्व दिया गया है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि डॉ. अजय खेमरिया का दिव्यांग जन आयुक्त का यह पद प्रदेश शासन के सचिव के समकक्ष रहेगा। वे पहले भी अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। मध्यप्रदेश में दिव्यांग जन आयुक्त को खासे अधिकार प्रदत्त हैं। दिव्यांग जन आयुक्त का कार्यालय दिव्यांगजन न्यायालय के रूप में कार्य करता है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रवर्तन का कार्य भी इसके जिम्मे है। राज्य शासन ने शिवपुरी में दिव्यांगजनों के लिए संचालित मंगलम संस्था के संचालक डॉ. अजय खेमरिया को मप्र का दिव्यांगजन आयुक्त बनाया है। यह पद राज्य सरकार के सचिव के समकक्ष रहेगा।



### एमवीएम की प्राचार्या के खिलाफ विरोध, दिया ज्ञापन

**भोपाल।** राजधानी स्थित मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय (एमवीएम) की प्रभारी प्राचार्य गीता मोदी के कर्मचारी विरोधी रवैए और प्रशासकीय लापरवाही के खिलाफ महाविद्यालयीन कर्मचारियों ने विरोध जताया है। राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ ने प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक को महाविद्यालयीन तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के हितों की अनदेखी के मद्देनजर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और विभागीय मंत्री इंदरसिंह परमार को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हटाए जाने की मांग की गई है। इस संबंध में वरिष्ठ कर्मचारी नेता और संगठन प्रमुख शीलप्रताप सिंह पुंढीर, महासचिव डॉ देवी सिंह सनोदिया, उपाध्यक्ष भगवान सिंह ठाकुर, महामंत्री व्यासमुनि मुनि चौबे, जिलाशाखा भोपाल के अध्यक्ष प्रणव खरे, प्रांतीय उच्च शिक्षा विभागीय समिति के अध्यक्ष लाला राम रैकवार, संगठन प्रदेश दैनिक वेतन भोगी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राहुल शर्मा, प्रांतीय सचिव सुग्रीव सिंह, विनोद सिन्हा, विभागीय समिति पीएचई अध्यक्ष रविशंकर त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रमेश बाबसकर, जिला मीडिया प्रमुख सूर्यकांत मिश्रा आदि कर्मचारी नेताओं द्वारा संयुक्त बयान जारी किया गया है।

### निगम के कर्मचारी संगठनों की हुई बैठक

**भोपाल।** नगर निगम के कर्मचारी संगठनों की सर्वदलीय बैठक शनिवार को हुई। इसमें निगम के सभी वर्गों के कर्मचारियों के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके लिए जल्द संयुक्त मोर्चा बनाने पर सहमति बनी। बैठक में सर्वसम्मति से कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए दूसरी बैठक जल्द आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में श्याम लाल, मोहम्मद इरफान खान, अशोक वर्मा, रवि सबनानी, अनिल श्रवण, वसी मोहम्मद खान, मोहम्मद हामिद खान, दिलीप सेठी, सुनील गुजरे, रितेश मैना आदि मौजूद रहे।

## भोपाल में अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस सांसद सिंह का बड़ा दावा

# दिग्विजय का आरोप- दवा कंपनियों से भाजपा को मिला 945 करोड़ चंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी में जहरीले कोल्ड्रिफ कफ सिरप के कारण दो दर्जन बच्चों की मौतों के मामले में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल का इस्तीफा मांगा है। भोपाल में अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि 2 सितंबर से अब तक परासिया में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के कारण 26 बच्चों की मौतें हुई है। उन बच्चों को वह दवा दी गई, जिसमें डायथलीन ग्लायकॉल की मात्रा 48.6% से ज्यादा थी, जबकि 0.01% ज्यादा नहीं होना चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि 2 अक्टूबर को उप मुख्यमंत्री जो एमपी के स्वास्थ्य मंत्री भी हैं उन्होंने क्लीनचिट दी कि इसमें कोई गड़बड़ नहीं ऐसे व्यक्ति का क्या इस्तीफा नहीं होना चाहिए था? दिसंबर 2022 और 2023 में हिंदुस्तान में बनी डीईजी के कारण उज्बेकिस्तान में 18 बच्चे मारे थे। इसकी जानकारी देश के स्वास्थ्य मंत्रालय के पास थी, लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस पर रोक नहीं लगाई।

पूर्व सीएम सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने दवा कंपनियों से इलेक्टोरल बॉन्ड डोनेशन के नाम पर 945 करोड़ रुपए का चंदा लिया। इन कंपनियों में 35 फर्म ऐसी थीं, जिनकी दवाओं की गुणवत्ता निर्धारित मापदंडों पर खरी नहीं पाई गई। ऐसी कंपनियों ने चंदा दो, धंधा लो का क्रूर खेल खेला।

**जहरीले कोल्ड्रिफ कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामले में उप मुख्यमंत्री शुक्ल का मांगा इस्तीफा**



### 'मप्र एवं देश में नकली दवाओं का कारोबार फल-फूल रहा'

दिग्विजय सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश एवं देश में नकली दवाओं का कारोबार फल-फूल रहा है। जहरीली कफ सिरप कोल्ड्रिफ से हाल ही में मध्यप्रदेश में 26 मासूम बच्चों की मौत हुई है। यह एक निरंकुश भ्रष्टाचार और मानव जीवन के साथ खिलवाड़ का ज्वलंत उदाहरण है। कफ सिरप में डाय-एथिलीन ग्लाइकोल की स्वीकृत मात्रा 0.1 प्रतिशत है। उक्त कफ सिरप में यह मात्रा 48.6 प्रतिशत पाई गई जो सुरक्षित सीमा से 486 गुना ज्यादा थी। दवाई में सीधा-सीधा जहर मिलाया गया।

### सीएम अध्यक्ष, फिर भी कोई ध्यान नहीं दिया

*दिग्विजय ने कहा कि इस सिरप को प्राइवेट डॉक्टरों द्वारा मरीजों के पर्चों पर लिखा गया और खुले बाजार में दवा की दुकानों से बेचा गया, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य स्वास्थ्य समिति जिसके अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री और सह-अध्यक्ष स्वयं स्वास्थ्य मंत्री हैं, किसी ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। सरकारी संस्थाओं ने सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में गुणवत्ता नियंत्रण और निजी भागीदारी में सार्वजनिक-निजी साझेदारी के जरिए निगरानी रखने के दायित्व को पूरी तरह नजर अंदाज किया।*

### दिग्विजय सिंह खुद को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए कर रहे हैं बयानबाजी : रामेश्वर



भारतीय जनता पार्टी के विधायक रामेश्वर शर्मा ने दिग्विजय सिंह द्वारा लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता मध्यप्रदेश में अप्रासंगिक हो गए हैं। दिग्विजय सिंह जैसे नेता खुद को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं। दिग्विजय सिंह ने भ्रामक व तथ्यहीन आरोप लगाकर मध्यप्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास किया है, लेकिन मध्यप्रदेश की जनता दिग्विजय सिंह और कांग्रेस के बहकावे में आकर गुमराह होने वाली नहीं है। विधायक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार जनता के हितों के लिए सदैव तत्पर है। छिंदवाड़ा जिले में दूषित कफ सिरप का मामला हो या भोपाल तथा प्रदेश के अन्य जिलों में कार्बाइड गन का मामला, जीरो टॉलरेंस पर कार्य करने वाली डॉ. मोहन यादव सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। भाजपा सरकार दोषियों पर ऐसी कार्रवाई कर रही है कि वह अन्य मामलों में भी नजीर बन जाएगी।

## सिरप कांड, सोयाबीन खरीदी सहित कई विषयों पर होगी चर्चा, कानून व्यवस्था को लेकर भी मांगी रिपोर्ट

# सीएम आज जबलपुर में, 9 जिलों के कलेक्टर-एसपी से होगी रिव्यू बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को जबलपुर संभाग के अफसरों से सीधी चर्चा करेंगे। वे रविवार को जबलपुर दौरे पर रहेंगे और यहां पर संभागीय बैठक कर हर जिले की समीक्षा करेंगे। इस दौरान बैठक में जबलपुर संभागायुक्त धनंजय सिंह भदौरिया, आईजी जबलपुर प्रमोद वर्मा सहित संभाग में आने वाले जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अफसर बैठक में मौजूद रहेंगे। इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने सभी को जानकारी भेजी है। मुख्यमंत्री की इस बैठक को लेकर हर जिले के अफसर व्यापक तैयारी कर रहे हैं। दरअसल पिछले दिनों इस संभाग के सिवनी और छिंदवाड़ा जिले में दो गंभीर घटनाएं हुई। वहीं नक्सल प्रभावित जिलों के अफसरों से भी वे बातचीत करेंगे। छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप को लेकर कई बच्चों की मौत और सिवनी में कुछ पुलिस अफसरों और कर्मियों द्वारा की गई डकैती के बाद मुख्यमंत्री की संभाग में यह पहली समीक्षा बैठक है। छिंदवाड़ा की घटना को सरकार में काफी गंभीर तरीके से लिया है, इस मामले में सीएम फिर से विस्तार से अफसरों से बातचीत कर सकते हैं। वहीं सिवनी में हुए घटना ने पुलिस की छवि को धूमिल किया है, इस पर भी सीएम जांच की प्रगति जान सकते हैं। वहीं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास के चल रहे कामकाज और नक्सल समस्या को समाप्त करने को लेकर भी वे यहां के अफसरों से बातचीत कर सकते हैं।



## मुख्यमंत्री से मिले पीआईबी के क्षेत्रीय निदेशक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शनिवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में भारत सरकार के प्रेस इन्फार्मेशन ब्यूरो के मप्र और छत्तीसगढ़ राज्य के क्षेत्रीय निदेशक मनीष गौतम ने भेंट की।

मुख्यमंत्री को ब्यूरो की गतिविधियों की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौतम से केंद्र सरकार की जनकल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं को प्रचारित करने के लिए प्रदर्शनी का उपयोग किये जाने की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों तक सरल भाषा और सरल तरीके से योजनाओं का विवरण पहुंचना चाहिए। क्षेत्रीय निदेशक गौतम ने कहा कि प्रदेश के नगरों में सूचना परक प्रदर्शनी शीघ्र ही लगाई जाएगी। मुख्यमंत्री को भारत सरकार ने प्रकाशित साहित्य भी भेंट किया गया।

# खंडेलवाल ने किया केंद्रीय मंत्री गड़करी का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी का बैतूल जिले के ग्राम चूरना, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पहुंचने पर स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, विधायक गंगाबाई उइके एवं जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार उपस्थित रहे।

### नगरीय निकायों के पेंशनर्स को भी राज्य शासन के पेंशनर्स जैसी महंगाई से राहत

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने नगरीय निकायों के पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों को राज्य शासन के पेंशनरों के समान महंगाई राहत का लाभ प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार अब नगरीय निकायों के पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को 1 सितम्बर 2025 से देय महंगाई राहत सातवें वेतनमान में 55 प्रतिशत तथा छठवें वेतनमान में 252 प्रतिशत की दर से प्राप्त होगा। राज्य शासन के इस निर्णय से नगरीय निकायों के पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को प्रभावी राहत मिलेगी तथा उन्हें राज्य शासन के पेंशनरों के समान आर्थिक लाभ प्राप्त होंगे।

## बघेलखंड सांस्कृतिक भवन में आयोजित हुआ समारोह

# प्रदेश को आलोकित करती है विंध्य की छटा, प्रकृति और विद्वता से भरपूर है विंध्य की धराः तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विंध्य की धरा प्रकृति और विद्वता से भरपूर है। विंध्य प्रदेश के विलीनीकरण के बाद यहां की छटा मप्र को आलोकित करती रही है। यह बात शनिवार को मप्र के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने बघेल खंड सांस्कृतिक भवन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान कहीं।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न सेवाओं के लिए चयनित 59 प्रतिभाओं का शॉल श्रीफल के साथ सम्मान भी किया। इस मौके पर राज्यमंत्री राधा सिंह के साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया, रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा और कमलाकर सिंह भी मौजूद थे। तोमर ने प्रतिभाओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजनैतिक दायित्वों के कारण विंध्य क्षेत्र और उसके लोगों से काफी पुराना संपर्क है, लेकिन यह पहला कार्यक्रम है जो सदैव यादगार रहेगा। इस दौरान उन्होंने राजनीति व विद्वत्ता की दृष्टि से महाराज मार्तण्ड सिंह, कैप्टन अवधेश प्रताप सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी और यमुना प्रसाद शास्त्री को याद करते हुए कहा कि मप्र को बढ़ाने में इनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। इस मौके पर बघेल खंड सांस्कृतिक भवन के अध्यक्ष व पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने बघेली बोली को लेकर अपने संस्मरण साझा किए।

**विधानसभा अध्यक्ष ने चयनित 59 प्रतिभाओं का शॉल-श्रीफल के साथ सम्मान किया**



## राजस्व मंत्री से पटवारियों के प्रमोशन की रखी मांग

# पटवारियों का होगा रिव्यू कैडर तनख्वाह बढ़ जाने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के पटवारियों का जल्द ही सरकार रिव्यू कैडर करेगी, जिसका फायदा यह होगा कि पटवारियों को मिलने वाला 21 सौ रुपए का स्केल बढ़कर 24 सौ रुपए हो जाएगा, जिससे पटवारियों की तनख्वाह में इजाफा हो जाएगा।

इधर पटवारियों के प्रमोशन को लेकर भी सरकार मंथन कर रही है। यह बात शनिवार को राजस्व मंत्री करन सिंह वर्मा ने पटवारियों के संभागीय सह प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में कही। शुक्रवार को कोलार रोड स्थित मदर टेरेसा स्कूल में संभागीय सह प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक रखी गई, जिसमें जिलाध्यक्ष संदीप शर्मा ने बैठक में मौजूद राजस्व मंत्री को पटवारियों से जुड़ी मांगें रखीं। मंत्री ने पटवारियों के रिव्यू कैडर को लेकर जल्द ही आदेश करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पटवारियों के प्रमोशन को लेकर सरकार मंथन कर रही है।



## मंत्रियों ने विदेशी महिला खिलाड़ियों से हुई घटना पर दी प्रतिक्रिया

### आरोपी पर प्रकरण दर्ज कर उसे कर लिया गया गिरफ्तार

# हमारी परंपरा 'अतिथि देवो भवः' की है, अतिथियों का सम्मान सर्वोपरि है, होगी सख्त कार्रवाईः मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में महिला खिलाड़ियों के साथ हुई घटना को लेकर मप्र शासन के मंत्री विश्वास सारंग एवं कृष्णा गौर ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर आई विदेशी महिला खिलाड़ियों के साथ किसी भी प्रकार की अनुचित हरकत किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया जा चुका है।



दोषी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार की घटिया मानसिकता वाला कार्य न कर सके। मंत्री सारंग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रदेश सरकार 'महिला सम्मान', 'सुरक्षा' और 'न्याय' के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी महिला के साथ अन्याय या दुर्व्यवहार करने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा न जाए। हमारी भारतीय संस्कृति में महिलाओं को पूजनीय माना गया है और 'अतिथि देवो भवः' हमारी परंपरा का अभिन्न अंग है। विदेशी महिला खिलाड़ियों के साथ इस तरह का व्यवहार न केवल निंदनीय है बल्कि यह हमारे संस्कारों और सामाजिक मूल्यों के भी विपरीत है। भारतीय जनता पार्टी इस प्रकार की घटनाओं को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं करती।

### सरकार पूरी संवेदनशीलता से महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा के प्रति समर्पितः मंत्री कृष्णा



प्रदेश शासन की मंत्री कृष्णा गौर ने कहा है कि सीएम ने इस घटना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा इस प्रकरण को "चिन्हित अपराध" की श्रेणी में लाकर अति शीघ्र अन्वेषण पूर्ण कर चालान प्रस्तुत करने के लिए इंदौर पुलिस कमिश्नर को निर्देशित किया गया है। जिला प्रशासन को यह निर्देश दिए गए हैं कि विदेशी महिला क्रिकेट खिलाड़ी के साथ घटित इस घटना की गंभीरता के संबंध में न्यायालय को आग्रह किया जाए तथा इस प्रकरण के विचारण को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने हेतु अनुरोध किया जाए। मंत्री गौर ने कहा कि विदेशी मेहमान के सम्मान की जिम्मेदारी हमारी है। किसी ने भी इस प्रकार का अपराध किया है तो उसे भाजपा सरकार छोड़ेगी नहीं।

# 'मैं हूं ना' के प्रोफेसर से लेकर इंद्रवदन साराभाई तक

## रुला गया सबको हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देने वाला एक किरदार



**मुंबई।** एक्टर सतीश शाह का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। साराभाई वर्से सारा भाई शो घर-घर में राज करने वाले सतीश शाह ने शनिवार को इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। आइए उनके कुछ आइकॉनिक रोल पर एक नजर डालते हैं। सतीश, भारतीय सिनेमा और टेलीविजन के उन चुनिंदा कलाकारों में से एक थे, जिन्होंने अपनी कॉमिक टाइमिंग और बहुमुखी अभिनय से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उन्होंने चार दशकों से अधिक के अपने करियर में 250 से अधिक फिल्मों और कई हिट टीवी शोज में काम किया। यहां उनकी फिल्मों और टीवी शोज के कुछ सर्वश्रेष्ठ और यादगार किरदारों का जिक्र है।

**इंद्रवदन साराभाई :** सतीश शाह में इंद्रवदन साराभाई के किरदार में थे, जिनका यह किरदार उनके करियर का सबसे आइकॉनिक और लोकप्रिय रोल माना जाता है। इंद्रवदन एक मजेदार, व्यंग्यात्मक और शरारती गुजराती पति और पिता हैं, जो अपनी बहू मोनिशा को लगातार ताना मारते हैं। रत्न पाठक शाह (माया साराभाई) के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने इस सिटकॉम को कल्ट क्लासिक बना दिया।

**कमिश्नर डी मेलो का किरदार :** सन 1983 की इस व्यंग्य कॉमेडी फिल्म में सतीश शाह ने भ्रष्ट म्यूनिसिपल कमिश्नर डी'मेलो का किरदार निभाया था। उनका यह रोल हिंदी सिनेमा के सबसे बेहतरीन कॉमिक किरदारों में से एक माना जाता है।

**अजित सिंह का किरदार :** दुल्हनियां ले जाएंगे इस कल्ट रोमांटिक फिल्म में सतीश शाह ने अजीत सिंह का किरदार निभाया था, जो शाहरुख खान (राज) के पिता का दोस्त होता है।

# कुमार सानू का रोमांटिक गाना 'हाय मेरा दिल' रिलीज

**मुंबई।** भारतीय संगीत जगत के प्रसिद्ध गायकों में से एक कुमार सानू का नया रोमांटिक गाना "हाय मेरा दिल" रिलीज होते ही तेजी से वायरल हो रहा है। इस गाने में नब्बे के दशक के संगीत और वर्तमान रूहानी धुन का बेहतरीन सम्मिश्रण किया गया है, जिससे हर उम्र के श्रोता इसे पसंद कर रहे हैं। गाने के निर्माता संजय बेडीया गिरगांवकर ने इसे संजीव चतुर्वेदी के साथ मिलकर तैयार किया है और यह बेडीया फिल्म म्यूजिक के बैनर तले रिलीज हुआ है।



***कुमार सानू के साथ इनकी आवाज :*** इस रोमांटिक गाने में कुमार सानू की आवाज ने जादू बिखेर दिया है। उनकी मधुर और भावपूर्ण गायिकी ने गाने को खास पहचान दी है। साथ ही महिमा गुप्ता और विश्वास सराफ की आवाज़ ने गाने में नयापन और ऊर्जा का संचार किया है। संगीत संयोजन और संगीत प्रबंधन का काम सारिका चतुर्वेदी ने कुशलतापूर्वक किया है, जिसने गाने को पूरी तरह जीवंत बना दिया है।

***वीडियो का जिम्मा मुनीश कल्याण ने संभाला :*** गाने के वीडियो निर्देशन का जिम्मा मुनीश कल्याण ने संभाला है। उन्होंने रोमांटिक सीन और भावनात्मक भावों को कैमरे में खूबसूरती से कैद किया है। इसके अलावा, कोरियोग्राफर अनुप राय ने गाने में डांस और मूवमेंट को अत्यंत आकर्षक बनाया है। "हाय मेरा दिल" का संगीत और वीडियो दोनों ही सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे हैं। यह आगामी हिट गानों में अपना नाम दर्ज कर चुका है।

# 'मुन्ना भाई 3' का इंतजार होने वाला है खत्म

**मुंबई।** संजय दत्त और अरशद वारसी के करियर की बेहतरीन फिल्मों का जिक्र होता है तो 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' का नाम शामिल जरूर होता है। इस फिल्म ने जहां संजू बाबा बो मुन्ना भाई नाम से मशहूर कर दिया, वहीं अरशद का नाम सर्किट पड़ गया। पिछले काफी समय से दर्शक 'मुन्ना भाई' सीरीज की तीसरी किस्त यानी 'मुन्ना भाई 3' का इंतजार कर रहे हैं। अब अरशद ने इस पर बात कर कुछ खुलासे किए हैं।

***अरशद ने बांधे संजय की तारीफों के पुल :*** अरशद ने संजय दत्त संग काम करने का अनुभव साझा करते हुए कहा, संजू कमाल के एक्टर हैं। उनमें एक अलग ही किस्म का टैलेंट हैं। उनके साथ रहना अपने आप में बहुत मजेदार था। मुझे खुद स्क्रिप्ट याद रखने में बड़ी दिक्कत होती है, लेकिन संजू की वजह से मुझे पूरी फिल्म की कहानी याद रखनी पड़ती थी, क्योंकि हर दिन वो सेट पर आकर पूछते थे, भाई, आज हम कौन-सा सीन कर रहे हैं?



***'मुन्ना भाई 3' पर काम कर रहे हिरानी :*** *अरशद बोले, मैं संजू को बताता था कि कल हमने ये सीन किए, आज ये सीन करने हैं। वो कहते थे क्या यार, लेकिन ये अनुभव बड़ा शानदार था और पर्दे पर जो हुआ, वो जादू जैसा था। अरशद से हर बार की तरह 'मुन्ना भाई 3' पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, पहले ये नहीं बन रहा था, लेकिन अब राजकुमार हिरानी तीसरे भाग पर काम कर रहे हैं। वो सचमुच इस पर बहुत मेहनत कर रहे हैं।*

***हिरानी भी लगा चुके तीसरी किस्त पर मोहर :*** *अरशद बोले, मुझे लग रहा है कि अब तो ये फिल्म बननी चाहिए। पिछले साल हिरानी ने भी कहा था कि उनके पास एक खास आइडिया है और वो तीसरे भाग पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उधर साल 2023 में अरशद ने ये कहते हुए प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया था कि 'मुन्ना भाई 3' अब शायद कभी ना बने, क्योंकि हिरानी तब ही फिल्म शुरू करेंगे, जब उन्हें स्क्रिप्ट (कहानी) पर 200 प्रतिशत यकीन होगा।*

## उनकी आवाज के जादू ने बिहार के सैकड़ों कलाकारों को किया प्रेरित

# नहीं रहीं भोजपुरी की 'बिजली रानी', दोनों किडनी हो गई थीं फेल



**मुंबई।** एक मशहूर नाम बिजली रानी। भोजपुरी का वो सितारा जिसके मंच पर आने मात्र से पूरा मैदान थिरकने लगता था। उनके साटे (शो) में तिल रखने की जगह नहीं होती थी। आवाज में खनक और नृत्य में लचक की मालकिन'बिजली रानी' अब इस दुनिया में नहीं रहीं। वह शुक्रवार 24 अक्टूबर को 70 साल की उम्र में देवलोक के लिए रवाना हो गईं। उनका देहांत रोहतास जिले के नटवर गांव में उनके पैतृक आवास पर हुआ। बिजली रानी काफी लंबे समय से बीमार चल रही थीं।

### कौन थीं बिजली रानी?

बिजली रानी का जन्म रोहतास जिले के नटवर गांव में हुआ था। 80 और 90 के दशक में वो भोजपुरी रंगमंच की पहचान बन चुकी थीं। भोजपुर और शाहाबाद क्षेत्र में उनके डांस और गायिकी के कद्रदानों की लंबी फौज थी। बिजली रानी को थियेटर की शान कहा जाता था। उस दौर में कोई शादी-ब्याह, मेले या स्टेज शो को तब तक पूरा नहीं माना जाता था, जब तक कि वहां बिजली रानी का ठुमका ना पड़ जाए।

### सिर्फ बड़े घराने ही करा पाते थे बुकिंग

उनके साटे यानी शो के रेट इतने ऊंचे थे कि सिर्फ बड़े घराने के लोग ही बुक कर पाते थे। बिजली रानी जहां भी जाती थीं स्टेज पर बिजली गिरा देती थीं। कई भोजपुरी फिल्मों और एलबम में काम किया। उनकी आवाज और उनकी हर अदा पर दर्शक झूम उठते थे। उनकी आवाज के जादू ने बिहार के सैकड़ों कलाकारों को प्रेरित किया।

### बेटी ने मदद की गुहार की थी

बिजली रानी की दोनों किडनी फेल हो गई थी। परिवार के लोग अस्पताल के चक्कर लगा-लगाकर परेशान हो उठे। बीमारी की वजह से घर की आर्थिक स्थिति भी डंवाडोल हो गई।

## पेज एक का शेष....

### भारतीय क्रिकेट कंट्रोल...

सराहना करते हैं। अपराधी को दंडित करने के लिए कानून को अपना काम करना चाहिए।

### आरोपी की हुई ...

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की सदस्य अपने होटल से एक कैफे की ओर जा रही थीं। हम जांच कर रहे हैं कि सुरक्षा प्रोटोकॉल में कोई कमी थी या नहीं।

### खजुराहो सांसद वीडी...

दौरान वैश्विक मंच पर भारत का पक्ष रखेंगे। उनका यह दौरा पांच दिन का होगा। वह देश के उन 15 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे, जिन्हें इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए चुना गया है। इस दौरे की खास बात यह है कि विष्णुदत्त शर्मा 15 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल में मध्य प्रदेश से शामिल होने वाले एकमात्र सांसद हैं। यह पहला मौका नहीं है जब भारतीय सांसद यूएन के कार्यक्रमों में देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। भारत समय-समय पर अपने सांसदों और प्रतिनिधियों को वैश्विक मंचों पर भेजता रहा है ताकि अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूती दी जा सके और वैश्विक नीति-निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाई जा सके।

### चित्रकूट से शुरू....

स्टेशन से रवाना हुई यह विशेष ट्रेन चित्रकूट से रामेश्वरम तक जाएगी। इसके बाद राम यात्रा हवाई मार्ग से श्रीलंका पहुंचेगी और अंततः अयोध्या धाम में इसका समापन होगा। यह 11 दिवसीय यात्रा प्रभु श्रीराम के वनवास काल में तय किए गए मार्गों को पुनर्जीवित करने और उन पवित्र स्थलों को श्रद्धालुओं से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। यात्रा 4 नवंबर तक चलेगी।

### एयर इंडिया की...

के बाद एयर इंडिया के विमान से पक्षी की टक्कर हुई। इसके बाद चालक दल ने वापस लौटने का फैसला किया। थोड़ी देर बाद प्लेन को वापस नागपुर एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया और सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार जांच की गई। जांच में पाया गया की पक्षी के टकराने से विमान में खराबी आई है। इसके बाद फ्लाइट कैंसिल कर दी गई। क्रू मेंबर की सतर्कता के चलते बड़ा खतरा टल गया। अगर नागपुर में तुरंत लैंडिंग नहीं कराई गई होती तो दिल्ली तक के सफर में प्लेन हादसे का शिकार हो सकता था। विमान में लगभग 150 यात्री सवार थे और उन्हें किराया वापस कर दिया गया है। पिछले महीने एयर इंडिया के एक विमान से पक्षी टकरा गया था, जिससे उसका नोज कोन क्षतिग्रस्त हो गया था। इस घटना के बाद रनवे पर एक बाज का शव मिला था।

### चार दिन का...

भोग लगाया और उसे स्वजनों के साथ प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। रविवार की शाम लोगों के घरों में खरना का प्रसाद बनेगा और इसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। इसके अगले दिन सोमवार को व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे और मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिए जाने के बाद चार दिवसीय अनुष्ठान संपन्न हो जाएगा।

### रामलला के दोपहर...

बदलाव किया गया है। दोपहर में आरती व भोग के लिए एक घंटे तक मंदिर का पट बंद रहता है।

राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि शरद ऋतु शुरू हो रही है। ऐसे में रामलला के दर्शन अवधि में कुछ बदलाव किया गया है। रामलला की मंगला आरती जो अब तक सुबह 4 बजे होती थी, अब वह 4:30 बजे होती है। साथ ही रामलला की श्रृंगार आरती सुबह 6 बजे के बजाए 6:30 बजे हो रही है। दर्शन अब सुबह 6:30 बजे के बजाए सुबह 7 बजे से शुरू होता है। दोपहर 12 बजे रामलला को भोग अर्पित किया जाता है। इस दौरान दोपहर 12 से 1 बजे तक दर्शन बंद रहता है। रामलला की संध्या आरती शाम 7 बजे ही होती है। इसके बाद श्रद्धालुओं को रात 9 बजे तक दर्शन प्राप्त होंगे। रात 9:30 बजे शयन आरती के साथ ही मंदिर बंद कर दिया जाता है। शरद ऋतु के चलते रामलला के राग-भोग में भी बदलाव किया गया है। रामलला को ठंड न लगे इसलिए उन्हें सुबह गुनगुने पानी से स्नान कराया जा रहा है। भोग में ड्राई फ्रूट्स की मात्रा बढ़ा दी है। सर्दी और बढ़ने पर रामलला को रजाई ओढ़ाई जाएगी व ऊनी वस्त्र पहनाए जाएंगे।

### पहले शो में ...

सालाना फेस्टिवल में नाटक किया जाना था। इसमें एक्टर की कमी थी। ऐसे में सतीश के अध्यापक ने उनका नाम दे दिया। सतीश अपने अध्यापक को इसके लिए मना नहीं कर पाए। उन्होंने नाटक के लिए डायलॉग याद कर लिया लेकिन जब वह किसी के सामने इसे बोलते तो वह भूल जाते थे। इसके बाद अध्यापक ने उन्हें बताया कि किसी को देखो मत बस एक्टिंग करो। इसके बाद सतीश ने बेहतरीन अदाकारी की। बाद में उन्होंने पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट में दाखिला लिया। सतीश शाह को साल 1983 में फिल्म जाने भी दो यारों में कुछ सीन करने थे, इसके बाद उन्हें पूरी फिल्म में लाश बने रहना था। फिल्म में उन्होंने लाश बनकर इतनी अच्छी अदाकारी की कि वह लोगों के दिलों पर छा गए। इसी फिल्म के बाद सतीश की कामयाबी के रास्ते खुले।

### उनकी किडनी फेल ....

उनके करियर की नींव पड़ी। सतीश शाह ने 1970 के दशक के अंत में फिल्मों में कदम रखा था। उन्होंने 200 से अधिक फिल्मों में काम किया, जिनमें कई सुपरहिट फिल्में शामिल हैं। सतीश शाह अपने पीछे अपनी पत्नी डिजाइनर मधु शाह और अपार प्रशंसकों की यादें छोड़ गए। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा और आने वाली पीढ़ियां उन्हें भारतीय कॉमेडी के अनमोल सितारे के रूप में याद रखेंगी।

वैवाहिकी

वधु चाहिए

वधु चाहिए
बंगाली 47 वर्ष
स्वयं का व्यापार
वर हेतु सुन्दर,
सुशिक्षित वधु चाहिए
जाति बंधन नहीं
सन्तान सहित
भी स्वीकार
मैरिज ब्यूरो क्षमा करें
सम्पर्क करें
6268373521

वधू चाहिए
सरयूपारीण ब्राह्मण, भरद्वाज गोत्र, जन्म-10.11.1984, ऊँचाई- 5'-6", वित्तीय एवं जीवन बीमा पंजीकृत सलाहकार, निवासी बिलासपुर (छ.ग.) पिता सेवानिवृत्त बैंक शाखा प्रबंधक। योग्य कार्यरत वधू वांछित
-सम्पर्क करें-
7389362896

वधु चाहिए-सरयूपारी ब्राह्मण पुत्र जन्मतिथि 04.07.1990, रायपुर हाइट 5' 10" सॉफ्टवेयर इंजीनियर, प्रथम श्रेणी, सीएस वीटीयू भिलाई से, व्यवसाय- बिजनेस हॉबीज, म्यूजिक, ऑटोमोबाइल, पिता रिटायर्ड गजटेड ऑफिसर, माता गजटेड क्लास वन ऑफिसर। सभी जातियों से ब्राह्मण संपर्क करें। -9826430448. (6736)

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

GUPTA DECOR & FURNISHING
Kurl-on | Sleepwell | Springwel | bonds
Foam & Mattress
Product Range Available
Sofa Cloth | Curtains | Wallpapers | Blinds
Pu Foam | Mattress | Carpets | Bed Sheet
WPC Doors | Door | Louvers | Glass Work
Wall Art | Wooden Flooring | Aluminium Work
Festive Offers Get Upto 20%* Off on All Product Range
CONTACT US 90009303994 | 8226043994 | 9981047959 | 9074270227
Shop No.222, Behind Sargam Talkies, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
SUNDAY OPEN

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।


## शब्द पहेली - 6028



**बाएँ से दाए-**
1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2, 1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

### शब्द पहेली -6027 का हल



## सूडोकु नवताल- 6038

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6037 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |



## ईपीएस के 10 साल पूरे होने से पहले सारे ही पैसे निकालना कितना सही

अपडेट | बिजनेस डेस्क

- पहले सारा पैसा निकालने पर नहीं मिलती मासिक पेंशन, पेंशन के लिए लगातार दस ईपीएस का हिस्सा रहना जरूरी
- ईपीएस मेंबर को 36 महीने के भीतर दोबारा नौकरी मिल जाती है, तो उसकी ईपीएस मेंबरशिप और पेंशन एलिजिबिलिटी बनी

अगर आप नौकरीपेशा हैं और ईपीएफ (ईपीएम) में योगदान करते हैं, तो आपके वेतन का एक हिस्सा ईपीएस यानी एंप्लाईज पेंशन स्कीम में भी जाता है। बहुत से लोग यह सोचते हैं कि नौकरी छोड़ने या बीच में ब्रेक आने पर इस पैसे को फौरन निकाल लेना बेहतर है, लेकिन क्या वाकई ईपीएस के 10 साल पूरे होने से पहले सारे पैसे निकाल लेना सही फैसला है? कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने हाल ही में ईपीएस से जुड़े कुछ बदलाव किए हैं, हालांकि, इन बदलावों का असर पेंशन पाने की उम्र यानी 58 साल की एलिजिबिलिटी पर नहीं पड़ेगा। पेंशन पाने के लिए किसी सदस्य का कम से कम 10 साल तक लगातार ईपीएस का हिस्सा रहना जरूरी है। अगर किसी सदस्य की नौकरी चली जाती है और वह ईपीएस (ईपीएस) के लिए योगदान जारी नहीं रखना चाहता, तो वह 10 साल पूरे होने से पहले अपने सारे पैसे निकाल सकता है. पहले यह फाइनल सेटलमेंट नौकरी चले जाने के 2 महीने बाद किया जा सकता था, लेकिन अब इसके लिए 2 महीने नहीं, बल्कि 36 महीने यानी 3 साल तक इंतजार करना होगा, यानी ईपीएफओ ने अब ईपीएस के पैसे निकालना पहले की तुलना में ज्यादा मुश्किल बना दिया है, इस बदलाव का उद्देश्य यह है कि अगर ईपीएस मेंबर को 36 महीने के भीतर दोबारा नौकरी मिल जाती है, तो उसकी ईपीएस मेंबरशिप और पेंशन एलिजिबिलिटी बनी रह सके।

### 10 साल से पहले पैसे निकालने का असर

ईपीएफओ के नियमों के मुताबिक आप लगातार नौकरी के 10 साल पूरे होने से पहले ईपीएस से पैसे निकाल सकते हैं। लेकिन ऐसा करने पर आप आगे चलकर मिलने वाली पेंशन के लिए एलिजिबल नहीं रह जाएंगे। यानी रिटायरमेंट के बाद ईपीएस के जरिये मिलने वाली मंथली पेंशन की सुविधा खत्म हो जाएगी।ईपीएफओ के अनुसार रिटायरमेंट के समय पेंशन पाने की एलिजिबिलिटी के लिए किसी सदस्य का कम से कम 10 साल तक ईपीएस में सदस्य रहना जरूरी है। इसका मतलब यह है कि जल्दबाजी में पैसे निकालने से आप अपनी लंबी अवधि की आर्थिक सुरक्षा खो सकते हैं।

### क्या कहते हैं आंकड़े


दिलचस्प बात यह है कि ईपीएफओ के आंकड़ों के मुताबिक करीब 75 प्रतिशत सदस्य 4 साल की सर्विस के भीतर ही पूरा पेंशन अमाउंट निकाल लेते हैं, ऐसे में उन्हें भविष्य की पेंशन और आर्थिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिल पाता है।

### फैमिली पेंशन का भी नुकसान

अगर कोई सदस्य 10 साल से पहले पैसे नहीं निकालता है और उसका निधन हो जाता है, तो उसके परिवार को अगले 3 साल तक पेंशन का लाभ मिलता है, लेकिन अगर सदस्य ने पूरे पैसे निकाल लिए हैं, तो परिवार यह लाभ नहीं ले सकता। यही वजह है कि ईपीएफओ ने ईपीएस की सदस्यता को 10 साल पूरे होने तक जारी रखने के लिए नियमों में बदलाव किए हैं। ईपीएफओ का कहना है कि ईपीएस के पैसे निकालने के लिए दो महीने की जगह 36 महीने इंतजार करने का नया प्रावधान इसीलिए लाया गया है ताकि सदस्यों की 10 साल की एलिजिबिलिटी पूरी हो जाए और उनके परिवार को भी पेंशन का लाभ मिल सके।

### किन हालात में निकाल सकते हैं पैसे

हालांकि कुछ खास परिस्थितियों में पैसे निकालने का फैसला सही भी हो सकता है। मिसाल के तौर पर अगर किसी व्यक्ति की आमदनी अच्छी खासी है या उसने पहले से अपनी रिटायरमेंट प्लानिंग की हुई है, जिसके चलते वह रिटायरमेंट के बाद रेगुलर इनकम या फेमिली पेंशन पाने के लिए ईपीएस के भरोसे नहीं है, तो जरूरत पड़ने पर अपने पैसे निकाल सकता है। लेकिन जिनकी आय सीमित है और दूसरा कोई रिटायरमेंट प्लान नहीं है, तो उनके लिए ईपीएस को जारी रखना भविष्य की सुरक्षा के लिहाज से बेहतर विकल्प है। ईपीएस पेंशन स्कीम लंबे समय तक आर्थिक सुरक्षा देने के लिए बनाई गई है। अगर आप 10 साल पूरे होने से पहले पैसा निकालते हैं, तो भविष्य में पेंशन नहीं मिलेगी। साथ ही फेमिली पेंशन के तौर पर परिवार को मिलने वाली सुरक्षा का लाभ भी चला जाएगा। इसलिए नौकरी में ब्रेक या अस्थायी परेशानी की हालत में जल्दबाजी करने की बजाय सोच-समझकर फैसला करने में ही समझदारी है।




निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

- यह दूसरी करेंसीज में इनवेस्ट करने वालों के लिए और अट्रैक्टिव हो जाता है
- पहले निवेशक पूरे पोर्टफोलियो की तुलना में 10 से 12 फीसदी पैसा सोने में निवेश करते थे
- अब बाजार की तेजी को देखते हुए निवेशक 18 से

**गोल्ड और अमेरिकी डॉलर के बीच दिलचस्प संबंध देखने को मिला**
**जब डॉलर में कमजोरी आती है तो गोल्ड की चमक बढ़ती जाती है**

# सोने में निवेश सबसे सुरक्षित, लेकिन जरूरत से ज्यादा भी ठीक नहीं

सोने को शुरू से ही निवेश का सबसे सुरक्षित माध्यम माना जाता रहा है। इसने निवेशकों को कभी रुसवा नहीं किया। पिछला रिकॉर्ड देखा जाए तो सोने ने कभी भी निगेटिव रिटर्न नहीं दिया। यह चाहे किसी भी रूप में हो निवेशकों को मालामाल करता रहा है। हालांकि बाजार के जानकारों का कहना है कि सोने में निवेश करना सही है, लेकिन यह जरूरत से ज्यादा नहीं होना चाहिए। हाल फिलहाल में सोने में हुई बढ़ोतरी को देखते हुए निवेशकों ने अपने पोर्टफोलियो में इसकी हिस्सेदारी बढ़ा दी है। पहले निवेशक पूरे पोर्टफोलियो की तुलना में 10 से 12 फीसदी पैसा सोने में निवेश करते थे, लेकिन अब निवेशक 18 से 22 फीसदी सोने में निवेश करने लगे हैं। यहां तक तो ठीक हैं, लेकिन इससे अधिक रिस्की हो सकता है। इस साल आई जबर्दस्त तेजी की वजह से सोना चर्चा में है। 21 अक्टूबर को 5 फीसदी की गिरावट के बावजूद गोल्ड ने निवेशकों को मालामाल किया है। सवाल है कि आखिर गोल्ड में इतनी तेजी की क्या वजह है? इस सवाल का जवाब पाने के लिए हमें ग्लोबल इकोनॉमी में गोल्ड की भूमिका को समझना होगा।

### 1944 का ब्रेटन वुड्स एग्रीमेंट

सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद 1944 में ब्रेटन वुड्स एग्रीमेंट हुआ। तब अमेरिकी डॉलर में दुनिया के दूसरे देशों की करेंसीज की कीमत तय करने पर सहमति बनी। डॉलर की कीमत गोल्ड पर आधारित थी। 35 डॉलर एक औंस सोने के बराबर था। इस व्यवस्था से ग्लोबल इकोनॉमी को तब स्थिरता मिली, जब उसे इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। लेकिन, अमेरिकी इकोनॉमी का आकार बढ़ने पर सरकार ने ज्यादा डॉलर छापे। एक समय ऐसा आया जब कुल डॉलर का मूल्य गोल्ड रिजर्व से ज्यादा हो गया।

### 1960 के दशक में एक कमोडिटी के रूप में उभरा गोल्ड

1960 का दशक आते-आते इस असंतुलन की अनदेखी करना मुश्किल हो गया। 1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन ने एक बड़ा कदम उठाया। उन्होंने डॉलर को गोल्ड में बदलने की सुविधा बंद कर दी, जिससे ब्रेटन वुड्स सिस्टम खत्म हो गया। इससे मॉनेटरी सिस्टम में गोल्ड की तय भूमिका खत्म हो गई। इसके बाद गोल्ड एक कमोडिटी बनकर रह गया। इसकी कीमतों पर मार्केट फोर्सेज का असर पड़ना शुरू हो गया, लेकिन, निवेश के सुरक्षित विकल्प को लेकर इसकी भूमिका बनी रही।

### केंद्रीय बैंकों ने समझा गोल्ड का महत्व

जैसे-जैसे डॉलर कमजोर होता गया और इनफ्लेशन बढ़ता गया, वैसे-वैसे गोल्ड की अपील बढ़ती गई। जब कभी डॉलर में बड़ी कमजोरी आई या इनफ्लेशन में उछाल आया, गोल्ड निवेश के भरोसेमंद जरिया के रूप में सामने आता रहा। क्राइसिस के समय भी इसकी चमक बनी रही। इससे यह माना गया कि जब सबकुछ अनिश्चित दिख रहा तो तब भी गोल्ड में वेल्थ की वैल्यू घटने से बचाने की क्षमता है। इसके बाद दुनिया के केंद्रीय बैंकों ने गोल्ड खरीदना शुरू कर दिया। इसका मकसद विदेशी मुद्रा भंडार का डायवर्सिफिकेशन था।




### गोल्ड में तेजी की बड़ी वजहें

बीते कुछ सालों में गोल्ड और अमेरिकी डॉलर के बीच दिलचस्प संबंध देखने को मिला है। जब डॉलर में कमजोरी आती है तो गोल्ड की चमक बढ़ती है। इससे यह दूसरी करेंसीज में इनवेस्ट करने वाले इनवेस्टर्स के लिए और अट्रैक्टिव हो जाता है। बॉन्ड्स की रियल यील्ड ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई। जब रियल यील्ड घट जाती है तो गोल्ड की अपील बढ़ जाती है। जब हम साल 2025 के अंत के करीब है, गोल्ड 4000 डॉलर प्रति औंस से ऊपर है। गोल्ड की तेजी में डॉलर में कमजोरी, बॉन्ड्स की कम रियल यील्ड और सेंट्रल बैंकों के बीच गोल्ड की ज्यादा डिमांड का हाथ है। इसके अलावा जियोपॉलिटिकल टेंशन का असर भी इसमें शामिल है।

### इकोनॉमी में गोल्ड की बढ़ती भूमिका

गोल्ड में तेजी न सिर्फ इनवेस्टर्स के लिए अहम है बल्कि इसका आर्थिक महत्व भी है। उदाहरण के लिए भारत में आरबीआई के रिजर्व में डॉलर के अलावा गोल्ड भी है। जब गोल्ड में तेजी आती है तो आरबीआई के डॉलर रिजर्व की वैल्यू बढ़ जाती है। इससे इंडिया की फाइनेंशियल पोजीशन मजबूत होती है। गोल्ड का असर भारत में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) पर भी पड़ता है। उदाहरण के लिए सितंबर 2025 में गोल्ड की ज्यादा कीमतों की वजह से इंडिया के कोर इनफ्लेशन में मामूली उछाल देखने को मिला, जबकि फूड की कीमतों में गिरावट आई। इससे पता चलता है कि गोल्ड की भूमिका इकोनॉमी में कितनी ज्यादा है।

### गोल्ड में तेजी जारी रहने की उम्मीद

गोल्ड में तेजी जारी रहने की उम्मीद है। इसकी कई वजहें हैं। रियल यील्ड लगातार कम बनी हुई है। सेंट्रल बैंक के बीच गोल्ड की डिमांड बनी हुई है, लेकिन, इतिहास यह बताता है कि ऐसी तेजी के बाद गोल्ड दोबारा नई ऊंचाई पर पहुंचने से पहले कंसॉलिडेशन फेज में रहता है। इसलिए गोल्ड में तेजी जारी रहने की संभावना है, लेकिन इनवेस्टर्स को इसमें उतार चढ़ाव के लिए तैयार रहना चाहिए।

### एक सीमा से ज्यादा निवेश सही नहीं

कई इनवेस्टर्स इनफ्लेशन से बचाव, करेंसी में कमजोरी और ग्लोबल इकोनॉमी में अनिश्चितता को देखते हुए गोल्ड में निवेश कर रहे हैं। लेकिन, गोल्ड में बहुत ज्यादा निवेश से आपके पोर्टफोलियो पर इसकी कीमतों में तेजी या कमजोरी का असर पढ़ना शुरू हो जता है। ऐसे में बॉन्ड बड़ा रोल निभाता है। अनिश्चित समय में तो गोल्ड का प्रदर्शन अच्छा रहता है लेकिन, जब सबकुछ ठीक चल रहा होता है तो क्या होता है? बॉन्ड्स पोर्टफोलियो में स्टैबिलिटी लाता है। साथ ही इंटरेस्ट के रूप में इससे रेगुलर इनकम होती है। यह फायदा गोल्ड में नहीं है। ऐसे इनवेस्टर्स जिन्हें रेगुलर कैश की जरूरत पड़ती है, उनके डायवर्सिफायड पोर्टफोलियो में बॉन्ड्स का होना जरूरी है।

**जाहिर सूचना**
**भूमि स्थित ग्राम थावरी घाटखेड़ी, प.ह.नं. 23, रा.नि.म. सुल्तानपुर, तहसील सुल्तानपुर, जिला रायसेन म.प्र.।**

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्री राशीद खान आयु वयस्क आत्मज श्री सलीम जाति मुस्लिम गैर आदिवासी निवासी–व भूमि स्वामी ग्राम थावरी घाटखेड़ी तहसील सुल्तानपुर जिला रायसेन म.प्र., के हित एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 87/2, रकबा 0.558 हेक्टेयर, लगान 0.44 रुपये है, जो कि ग्राम थावरी घाटखेड़ी, प.ह.नं. 23, रा.नि.म. सुल्तानपुर, तहसील सुल्तानपुर, जिला रायसेन म. प्र., में स्थित है, जिसको क्रय करने के लिए बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। उपरोक्त भूमि अथवा उसके किसी भी भाग पर किसी भी व्यक्ति संस्था का कोई ऋण, भार, दान, बंधक, अनुबंध हो अथवा इस अंतरण से किसी का कोई हित प्रभावित हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस की अवधि में दस्तावेजी साक्ष सहित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, समय अवधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार उक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करायें जाने हेतू स्वतंत्र होगा ।

**जुनेद अंसार अहमद** अधिवक्ता
**गौहरगंज लॉ चैंबर एंड एसोसियेट्स**
आफिस भोपाल :110, आकांक्षा काम्पलेक्स,जोन 1,एम.पी. नगर,भोपाल औबेदुल्लागंज एन.एच.12, औबेदुल्लागंज
मो. 9425600298, 9303107752

ऑफर देखकर न ललचाएं ज्यादा जरूरत होने पर ही पर्सनल लोन उठाएं, वरना यह बढ़ा सकता है परेशानी

# पर्सनल लोन एग्रीमेंट पर साइन से पहले चेक करें कुछ बातें, वरना पड़ेगा पछताना

*"बैंक और एनबीएफसी लोन एग्रीमेंट में कई ऐसी शर्तें जोड़ देते हैं जो करती हैं परेशान, ऐसे में ऐसी शर्तों पर पहले से ही नजर दौड़ा लें, दिक्कत नहीं होगी"*

अलर्ट | बिजनेस डेस्क

कई बार हमें अचानक पैसों की जरूरत पड़ जाती है चाहे मेडिकल इमरजेंसी हो, शादी का खर्च या फिर किसी जरूरी ट्रिप का खर्चा। ऐसे में पर्सनल लोन एक आसान रास्ता लगता है। कुछ क्लिक या एक फॉर्म भरकर पैसा खाते में आ जाता है, लेकिन यही आसानी कई बार बाद में परेशानी का कारण भी बन जाती है, अगर आपने लोन एग्रीमेंट के कागजों को ध्यान से नहीं पढ़ा। बैंक और एनबीएफसी लोन एग्रीमेंट में कई ऐसी शर्तें जोड़ देते हैं, जिन पर नजर न गई तो बाद में पछताना पड़ सकता है।

### प्रीपेमेंट और फोरक्लोजर चार्जेज

कई लोग सोचते हैं कि लोन जल्दी चुका देंगे तो ब्याज बच जाएगा, लेकिन हर बैंक या फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशन इसकी इजाजत नहीं देता। अगर आप लोन तय समय से पहले चुका देते हैं, तो आपको प्रीपेमेंट या फोरक्लोजर चार्जेज देने पड़ सकते हैं, जो आम तौर पर बाकी बचे लोन अमाउंट का 2% से 5% तक होता है। इसलिए साइन करने से पहले यह जरूर समझ लें कि आपका बैंक या एनबीएफसी पर्सनल लोन जल्दी चुकाने पर कितने चार्जेज वसूलेगा।

### लेट पेमेंट और डिफॉल्ट पेनॉल्टी

एक भी ईएमआई छूटना आपके क्रेडिट स्कोर को नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन इसके साथ ही, बैंक लेट पेमेंट पर पेनाल्टी चार्ज भी वसूलते हैं। कुछ बैंक एक तय रकम लेते हैं, तो कुछ बाकी बचे ईएमआई अमाउंट का एक प्रतिशत। यही वजह है कि देर से भुगतान करने पर ब्याज से ज्यादा रकम चुकानी पड़ सकती है। इससे बचने का सबसे आसान तरीका है ऑटो डेबिट ऑर्डर लगाना, ताकि ईएमआई समय पर कट जाए।

### छिपे हुए प्रोसेसिंग व सर्विस चार्जेस

बैंक जब लोन का ब्याज दर बताते हैं, तो वह तो साफ होता है, लेकिन बाकी के चार्जेस अक्सर ध्यान नहीं जाते। जैसे प्रोसेसिंग फीस, डॉक्युमेंटेशन फीस और जीएसटी आदि। यहां तक कि कुछ बैंक फोरक्लोजर लेटर या लोन स्टेटमेंट के लिए भी शुल्क वसूलते हैं। इसलिए हमेशा साइन करने से पहले बैंक से यह पूछें कि कुल मिलाकर आपकी जेब से कितनी रकम कटेगी। आखिरकार, जो लोन अमाउंट आपको मिलेगा, वह इन चार्जेस के बाद थोड़ी कम ही होगी।




### ब्याज दर में बदलाव से जुड़ी शर्तें

अगर आपने फ्लोटिंग रेट वाला पर्सनल लोन लिया है, तो यह समझना जरूरी है कि ब्याज दर में बदलाव कब और कैसे होगा। कुछ बैंक हर तिमाही में रेट बदलते हैं, तो कुछ साल में एक बार. अगर ब्याज दरें बढ़ती हैं तो आपकी ईएमआई भी बढ़ सकती है। इसलिए एग्रीमेंट में दिए गए इस क्लॉज को जरूर पढ़ें ताकि बाद में बढ़ी हुई किस्त देखकर झटका न लगे।

### बीमा और क्रॉस-सेलिंग की चाल

कई बैंक पर्सनल लोन के साथ एक बीमा पॉलिसी भी जोड़ देते हैं, जो बेरोजगारी, बीमारी या मृत्यु की स्थिति में लोन को कवर करती है। सुनने में यह सुरक्षा जैसा लगता है, लेकिन अक्सर यह बीमा वैकल्पिक होता है. कुछ बैंक इसे अनिवार्य बताकर जोड़ देते हैं। इसलिए साइन करने से पहले यह साफ कर लें कि क्या यह बीमा जरूरी है, और क्या उसकी प्रीमियम लागत वाजिब है।

### हर शर्त को समझना बेहद जरूरी

पर्सनल लोन एक सुविधाजनक विकल्प जरूर है, लेकिन इसके साथ जुड़ी हर शर्त को समझना बेहद जरूरी है। छोटी-छोटी बातों पर ध्यान न देने से बाद में भारी ब्याज, चार्जेस या अन्य पेनाल्टी झेलनी पड़ सकती है। इसलिए अगली बार जब भी आप किसी लोन डॉक्यूमेंट पर साइन करें, तो जल्दबाजी न करें। हर पेज, हर क्लॉज को ध्यान से पढ़ें और समझें।

**पूर्व मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**

सं. ईसीआर/सीएओ/कॉन/डब्यू टी/उत्तर/28–25–26 दि. 24.10.2025.
ई. निविदा सूचना सं. पूमरे–मुप्रअ–नि–उ–निविदा–28–25–26. भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।
ई. निविदा सूचना सं. पूमरे–मुप्रअ–नि–उ–निविदा–28–25–26 विवरण।
1. कार्य का नाम : सहरसा यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के संबंध में रेलवे के विनिर्देशों एवं मानको के अनुरूप पत्थर गिट्टी की आपूर्ति, ढ़ेर लगाना और फैलाव तथा पी.वे. कार्य, जिसमें रेल, स्लीपर, फिटिंग आदि जैसे पी.वे. सामग्रियों का परिवहन एवं अन्य संबंधित कार्य। 2. कार्य का लगभग मूल्य : ₹16,65,73,110.15, 3. निविदा हेतु अग्रधन राशि जमा : ₹9,82,900.00. 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 14.11.2025 प्रन्द्रह बजे। 5. वेबसाईट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि : उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। द्रष्टव्य : निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/
पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/1211/एमएचएक्स/निर्माण/टी/25–26/44

**पूर्व मध्य रेल**
**ई–निविदा सूचना**

**ई.निविदा सूचना सं. : एस.जी. 664–20_संकेत–2025–26** भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।
**क्रम सं० : 1. कार्य का नाम :** धनबाद में अतिरिक्त सड़क अंडर ब्रिज (गया ब्रिज) के निर्माण के लिए टीआरडी गोदाम, परिसर की दीवार और आसन्न क्षेत्र के निर्माण के संबंध में एस एंड टी कार्य करने हेतु। **2. कार्य का आकलित मूल्य :** ₹ 93,16,692.26, **3. कार्य का अग्रधन राशि :** ₹ 1,86,300.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 12.11.2025 (13:30 बजे)।
**5.** ऐसी ई:निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई.निविदा के ई.निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्य :– प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई.निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए ये निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
**पीआर/1199/डीएचएन/एस&टी/टी/25–26/40**

यूपीआई पेमेंट के लिए अपने लिक्विड म्यूचुअल फंड का इस्तेमाल कर सकेंगे

# यूपीआई के 'पे विद म्यूचुअल फंड' के जरिए भी कर सकेंगे पेमेंट

जानकारी | बिजनेस डेस्क

अब तक आपने म्यूचुअल फंड का इस्तेमाल सिर्फ निवेश और रिटर्न कमाने के लिए किया होगा, लेकिन अब इसका इस्तेमाल पेमेंट करने में भी किया जा सकेगा। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के नए फीचर 'पे विद म्यूचुअल फंड' के जरिये अब निवेशक यूपीआई पेमेंट के लिए अपने लिक्विड म्यूचुअल फंड का इस्तेमाल कर सकेंगे। यह फीचर न सिर्फ इस्तेमाल में आसान है, बल्कि निवेशकों को बेहतर रिटर्न के साथ फ्लेक्सिबल कैश मैनेजमेंट का मौका भी देता है। यूपीआई के 'पे विद म्यूचुअल फंड' इस फीचर के जरिए आप अपनी लिक्विड म्यूचुअल फंड होल्डिंग से सीधे यूपीआई पेमेंट कर पाएंगे। मिसाल के तौर पर अगर आपने किसी फंड हाउस के लिक्विड फंड में निवेश किया है, और वह फंड इस सुविधा को सपोर्ट करता है, तो आप अपने उस निवेश का इस्तेमाल यूपीआई के जरिये किसी पेमेंट के लिए कर पाएंगे। जैसे ही आप यूपीआई से पेमेंट करेंगे, उतनी रकम के बराबर यूनिट्स अपने आप रिडीम हो जाएंगी और पैसे फौरन ट्रांसफर हो जाएंगे। इसे इस तरह समझिए कि यह फीचर लिक्विड म्यूचुअल फंड को एक मिनी बैंक अकाउंट की तरह काम करने की क्षमता देता है, लेकिन फर्क यह है कि यहां आपका पैसा बेहतर मार्केट-लिंक्ड रिटर्न भी कमा रहा होता है।

### क्यों खास है यह फीचर

लिक्विड फंड शॉर्ट-टर्म मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करते हैं, जिनकी लिक्विडिटी बहुत ज्यादा होती है। ऐसे में जब जरूरत पड़े, तो निवेशक फौरन पैसे निकाल सकते हैं। अब 'पे विद म्यूचुअल फंड' फीचर से यह प्रॉसेस और आसान हो गई है, क्योंकि अब आपको पहले पैसा बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करने की जरूरत नहीं। इसके अलावा यह फीचर आपके निवेश पर फुल लिक्विडिटी के बावजूद सेविंग अकाउंट से ज्यादा संभावित रिटर्न का फायदा भी देता है। सेविंग अकाउंट में जहां आम तौर पर 4% से कम सालाना ब्याज मिल रहा है, वहीं लिक्विड फंड इस समय करीब 6-7% तक का रिटर्न दे रहे हैं। यानी आपका पैसा बेकार पड़े रहने की बजाय बेहतर रिटर्न भी दे सकता है और जरूरत पर फौरन काम भी आ सकता है।

### ऐसे आसान होगा पेमेंट

यूपीआई आज हर रोजमर्रा के लेनदेन का हिस्सा बन चुका है। किराने की दुकान से लेकर ऑनलाइन शॉपिंग तक, हम सभी इसका इस्तेमाल करते हैं। अब अगर यह पेमेंट सीधे म्यूचुअल फंड से हो जाए, तो आपको अलग-अलग ऐप्स में ट्रांसफर या रिडेम्प्शन की झंझट नहीं झेलनी पड़ेगी। व्यक्तिगत निवेशकों के साथ-साथ छोटे बिजनेस के लिए भी यह फीचर बहुत मददगार साबित हो सकता है। वे अपने शॉर्ट-टर्म कैश को लिक्विड फंड में रखकर रिटर्न कमा सकते हैं और जरूरत पड़ने पर उसी से पेमेंट कर सकते हैं। यह कैश मैनेजमेंट का स्मार्ट और फ्लेक्सिबल तरीका है।

### क्या यह सेविंग से बेहतर है?

कई मामलों में हां, लेकिन कुछ सावधानियां भी जरूरी हैं। सेविंग अकाउंट ज्यादा सुरक्षित होते हैं और उनमें 5 लाख रुपए तक के डिपॉजिट का इंश्योरेंस भी होता है। वहीं, लिक्विड फंड में थोड़ा मार्केट रिस्क रहता है. हालांकि यह रिस्क बहुत कम होता है, फिर भी अगर आपका लक्ष्य केवल सुरक्षा है, तो सेविंग अकाउंट ही बेहतर है। लेकिन अगर आप थोड़ा जोखिम लेने को तैयार हैं।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार के द्वारा ग्राम पांगरा पटवारी हल्का न. 15 तहसील रेहटी जिला सीहोर म.प्र. की भूमि खसरा क्रमांक 51/3/1/1 रकवा 0.157 हेक्टेयर अर्थात 0.38 एकड़ एवं खसरा क्रमांक 51/3/1/2 रकवा 0.405 हेक्टेयर अर्थात 1. 00 एकड़ कुल रकवा 1.38 एकड़ भूमि स्वामी श्रीमति शोभा गौर पत्नी अवधनारायण गौर निवासी ग्राम मोगरा तहसील रेहटी जिला सीहोर से क्रय करने का सौदा कर अनुबंध पत्र निष्पादित करा लिया हैं एवं बयाना राशि अदा कर दी है। उक्त भूमि के विक्रय व अंतरण पर जिस किसी व्यक्ति, सरकारी व गैर सरकारी संस्था, बैंक, सहकारी समिति, साहुकार आदि का कोई हित हो अथवा उक्त प्लाट किसी शासकीय अथवा अशासकीय संस्था में बंधक आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के 07 दिवस में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। समय अवधि उपरांत कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी एवं मेरा पक्षकार उक्त प्लाटो के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा।

भवदीय **हिम्मत सिंह** (अधिवक्ता)
128 बी, महावीर नगर, फेस-1, मण्डीदीप
मो.न. 9575593300

**कार्यालय संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास 59- राजीव गांधी भवन, श्यामला हिल्स मध्यप्रदेश भोपाल**

क्रमांक. 532/भंडार शाखा/2025 — भोपाल, दिनांक 23-10-2025

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास, 35 राजीव गांधी भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल हेतु नेतृत्व विकास शिविर/शैक्षणिक भारत दर्शन 2025 यात्रा में सम्मिलित होने वाले अनुसूचित जनजाति, विशेष पिछड़ी जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों (414) एवं उनसे साथ जाने वाले नोडल अधिकारी (30) को भेंट स्वरूप दिये जाने हेतु ब्लेजर, ट्रैकसूट, पिट्दु बैग आदि क्रय किये जाने के लिए ऑन-लाइन निविदा www.gem.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं जानकारी उक्त वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| कार्य का विवरण | सामग्री विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| विद्यार्थियों (414) एवं उनसे साथ जाने वाले नोडल अधिकारी (30) को भेंट स्वरूप दिये जाने हेतु ब्लेजर, ट्रैकसूट, पिट्ठु बैग आदि क्रय किये जाने बाबत | ब्लेजर (नेवी ब्लू) | 414 |
| | ब्लेजर (ब्राउन कलर) | 30 |
| | ट्रैक सूट | 444 |
| | पिट्ठू बैग | 444 |

टीप:- निविदाकार/एजेंसी का चयन न्यूनतम निविदा दर (L-1) एवं इस प्रपत्र वर्णित प्रक्रियाओं के आधार पर किया जाएगा। विस्तृत नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में उल्लिखित हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.10.2025 अपरान्ह 2:00 बजे से दिनांक 03.11.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक वेबसाइट www.gem.gov.in से डाउनलोड किये जा सकेंगे। निविदाकार अपना प्रस्ताव केवल वेबसाइट www.gem.gov.in के माध्यम से जमा कर सकेंगे । विभाग का परिशिष्ट / शुद्धि पत्रक / स्पष्टीकरण (यदि कोई हो तो) उक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा । मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्धारित तिथि पर यदि अवकाश घोषित किया जाता है, तो बिड खोलने की तिथि आगामी कार्य दिवस में स्थानांतरित की जा सकेगी।
संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास, भोपाल संभाग भोपाल, बिना किसी कारण बताए, किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

**संभागीय उपायुक्त**
**जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास**
**धोपाल संभाग भोपाल**

जी - 20524/25 — स्वच्छता ही सेवा

**देश बिहार विधानसभा के चुनाव को बहुत ही अधिक आतुरता और जिज्ञासा के साथ देख रहा है। बिहार विधानसभा चुनाव का परिणाम वस्तुतः सन् 2027 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए निर्णायक तौर पर मार्ग प्रशस्त कर सकता है। जो भी राष्ट्रीय चुनाव गठबंधन इस चुनाव को जीतेगा, संभवतया वही, राजनीतिक गठबंधन लोकसभा के आगामी चुनाव के लिए राष्ट्रीय स्तर अपने पक्ष में एक सकारात्मक वातावरण को तैयार कर सकता है। अतः राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन ने पूरी ताकत बिहार विधानसभा के चुनाव में झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान ने बिहार चुनाव को तेजतर स्तर पर पहुंचा दिया है। नीतीश कुमार भी चुनाव को धार दे रहे हैं। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को अंतिम मतदाता तक पहुंचाने में तो कामयाब रहे हैं, लेकिन वोट कितने मिलेंगे ये कहना अभी जल्दबाजी होगी। राहुल गांधी तेजस्वी को आगे करके चुनाव पर वोट चोरी का रंग चढ़ाने में लगे हैं। मुकेश सहनी राजनीतिक सौदेबाजी करके उपमुख्यमंत्री पद के दावेदार तो हो गए, लेकिन महागठबंधन को इससे फायदा होगा या नुकसान इसी का आंकलन करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# सियासत की राह तय करेगा बिहार चुनाव



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय

सियासी मामलों के जानकार

> **विधानसभा चुनाव में इस दफा नौजवानों के वोट निर्णायक सिद्ध होने जा रहे हैं। नेपाल की जेनजी आंदोलन से प्रेरित होकर बिहार के युवाजन एक नए तेवर में राजनीति को निहार रहे हैं और इसको बदलने के लिए कमर कस रहे हैं। बिहार में बेरोज़गार युवाओं की संख्या संभवतः देश में सबसे अधिक है। इस दफा बिहार चुनाव में जातिगत समीकरण कुछ परिवर्तित हो सकते हैं। उनको उपमुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने का पैगाम वस्तुतः महागठबंधन के समर्थकों के मध्य नकारात्मक प्रभाव छोड़ सकता है जिससे महागठबंधन को भारी क्षति हो सकती है।**

आजकल समस्त देश बिहार विधानसभा के चुनाव को बहुत ही अधिक आतुरता और जिज्ञासा के साथ देख रहा है। बिहार विधानसभा चुनाव का परिणाम वस्तुतः सन् 2027 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए निर्णायक तौर पर मार्ग प्रशस्त कर सकता है। जो भी राष्ट्रीय चुनाव गठबंधन इस चुनाव को जीतेगा, संभवतया वही राजनीतिक गठबंधन लोकसभा के आगामी चुनाव के लिए राष्ट्रीय स्तर अपने पक्ष में एक सकारात्मक वातावरण को तैयार कर सकता है। अतः राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने और महागठबंधन ने पूरी ताकत बिहार विधानसभा के चुनाव में झोंक दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए चुनाव अभियान के द्वारा बिहार विधानसभा के चुनाव को तेजतर स्तर पर पहुंचा दिया गया है। सबसे पहले नरेंद्र मोदी ने बिहार के समाजवादी जननायक कर्पूरी ठाकुर के गांव जाकर एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान का आगाज किया और 45 मिनट की अपनी तकरीर में 17 दफा बिहार के राजद दौर के जंगल राज़ का उल्लेख किया। महागठबंधन द्वारा तेजस्वी यादव को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया गया। बिहार में महागठबंधन का नेतृत्व संभालते ही तेजस्वी यादव ने बकायदा ऐलान कर दिया कि अगर महागठबंधन सत्तासीन हुआ तो पहली कैबिनेट बैठक में ही दस लाख सरकारी नौकरियों की मंजूरी प्रदान कर देंगे। वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फरमाया है कि तेजस्वी यादव एक असंभव चुनावी वादा कर रहे हैं और युवाजनों को एक झूठा सपना दिखा रहे हैं।

## युवाओं के वोट होंगे निर्णायक

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में इस दफा नौजवानों के वोट निर्णायक सिद्ध होने जा रहे हैं। नेपाल की जेनजी आंदोलन से प्रेरित होकर बिहार के युवाजन एक नए तेवर में राजनीति को निहार रहे हैं और इसको बदलने के लिए कमर कस रहे हैं। बिहार में बेरोज़गार युवाओं की संख्या संभवतः देश में सबसे अधिक है। देशभर में तकरीबन 20 प्रतिशत नौजवान बेरोजगारी से संत्रस्त हैं। 2024 में महागठबंधन का परित्याग करके नीतीश कुमार पुनः एनडीए गठबंधन में शामिल हो गए। सत्य है कि नीतीश कुमार बिहार की राजनीति में अब पहले जैसे चमकते हुए राजनीतिक सितारे नहीं रह गए हैं।



## नीतीश का उत्तराधिकारी कौन

नीतीश कुमार कुछ अस्वस्थ हैं और पहले जैसा राजनीतिक तेवर उनके अंदर कदाचित नहीं बचा हैं। उनका उत्तराधिकारी कौन बनेगा अभी नहीं कहा जा सकता। नीतीश कुमार के राजनीतिक रणनीतिकार रहे, प्रशांत किशोर अपनी राजनीतिक पार्टी का गठन करके, बिहार विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरे हैं। प्रशांत किशोर की अपनी पार्टी का नाम है जन सुराज पार्टी। पार्टी के चुनाव अभियान के अध्यक्ष हैं सुधीर शर्मा और प्रशांत किशोर अपनी पार्टी के स्टार प्रचारक हैं। प्रशांत किशोर स्वयं चुनाव मैदान में नहीं उतरे हैं, किंतु उनकी पार्टी ने सभी 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारें हैं। प्रशांत किशोर ने विगत तीन वर्षों में संपूर्ण बिहार का सघन दौरा किया है और यह दावा पेश किया कि वह बिहार की राजनीति की दशा और दिशा दोनों ही बदल कर ही दम लेंगे। प्रारम्भ में अनेक प्रोफेशनल्स और बौद्धिक जनगण प्रशांत किशोर के साथ जुड़ गए थे। किंतु अनेक योग्य कार्यकर्ताओं के स्थान पर अनेक अयोग्य किंतु धनवानों को जन सुराज पार्टी का टिकट दिए जाने से प्रशांत किशोर की राजनीतिक साख किसी हद तक गिर गई है।

## संकीर्ण जातिवादी राजनीति

फिर भी उम्मीद शेष है कि प्रशांत किशोर का कड़ा परिश्रम और राजनीति में उनकी नैतिक सोच का किंचित निर्णायक का प्रभाव बिहार की संकीर्ण जातिवादी राजनीति पर इस चुनाव में शायद दिखाई दे जाए। प्रशांत किशोर अपनी चुनाव सभाओं में शिक्षा, स्वाथ्य, बेरोजगारी, आर्थिक विकास आदि बुनियादी सवालों को उठा रहे हैं। अन्यथा आजकल जातिवादी समीकरणों के दलदल में धंसा हुआ बिहार विधानसभा का चुनाव बिहार को ना जाने किस भटकी हुई राह पर ले जा रहा है। एक ऐतिहासिक दौर में बिहार समाजवादी जनसंघर्षों का जबरदस्त गढ़ रहा था। बिहार की राजनीति द्वारा कर्पूरी ठाकुर सरीखे अनेक कर्मठ, ईमानदार और दिग्गज समाजवादियों को जन्म देकर राष्ट्र के पटल पर एक बड़ी उम्मीद उत्पन्न की गई थी। बिहार के समाजवादी आंदोलन द्वारा और विशेषकर जेपी आंदोलन ने देश को एक नई दिशा प्रदान की थी और राष्ट्रीय स्तर पर संपूर्ण क्रांति की एक प्रबल उम्मीद जगाई थी। दुर्भाग्यवश जेपी की संपूर्ण क्रांति वस्तुतः एक संपूर्ण भ्रांति बनकर रह गई। 2003 के पश्चात बिहार चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (इंटेंसिव रिवीजन) का विशद कार्य प्रारम्भ किया गया। महागठबंधन ने इल्जाम आयद किया कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (इंटेंसिव रिवीजन) के नाम पर चुनाव आयोग द्वारा मनमाने तौर पर मतदाता सूची से बहुत बड़ी संख्या में वैलिड वोटरों के नाम हटा दिए गए। चुनाव आयोग ने न केवल नए मतदाताओं से दस्तावेज मांगे, वरन् 2003 से प्रत्येक चुनाव में मतदान कर रहे मतदाताओं से भी दस्तावेज मांगे गए। जून 2025 में जब इंटेंसिव रिवीज़न अर्थात गहन पुनरिक्षण प्रक्रिया शुरू होने से पहले बिहार में 7.89 करोड़ मतदाता थे। 30 सितंबर 2025 को चुनाव आयोग द्वारा अंतिम मतदाता सूची जारी की गई, जिसके मुताबिक मतदाता सूची में केवल 7.42 करोड़ मतदाता शेष रह गए हैं। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची से लगभग 6 प्रतिशत मतदाता हटा दिए गए।

## गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया बड़ा मुद्दा

महागठबंधन द्वारा गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को बड़ा चुनावी मुद्दा बना दिया गया। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के विरूद्ध राजनीतिक वोटर यात्रा निकाली। वोट चोरी महागठबंधन का एक विकट नारा बन गया है। बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के शीर्ष नेतृत्व में एक नाम उभरकर आया मुकेश सहनी, जिसको महागठबंधन द्वारा उपमुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया गया। मुकेश सहनी मल्लाह जाति का लीडर है। नीतीश कुमार ने अति पिछड़ा वर्ग को अपने साथ जोड़ने में कामयाबी हासिल की थी। इस दफा बिहार चुनाव में जातिगत समीकरण कुछ परिवर्तित हो सकते हैं। मुकेश सहनी राजनीतिक सौदेबाजी और मौकापरस्ती के माहिर खिलाड़ी रहे हैं। उनको उपमुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने का पैगाम वस्तुतः महागठबंधन के समर्थकों के मध्य नकारात्मक प्रभाव छोड़ सकता है जिससे महागठबंधन को भारी क्षति हो सकती है।

# देश में महागठबंधनों की बढ़ी महिमा



**उठापटक**

कांतिलाल मांडोत

वरिष्ठ पत्रकार

बिहार में विधानसभा चुनाव है। देश की आजादी के बाद कांग्रेस एक ऐसी पार्टी रही थी, जो अपने दम पर चुनाव लड़ती आ रही थी लेकिन 1977 के बाद से पार्टी का प्रभुत्व कई पार्टियों के महा गठजोड़ के बीच झूलता आ रहा है। मई 2014 के बाद से भारतीय जनता पार्टी इस हैसियत में पहुंच गई। वैसे ,राज्यों में तो गठबंधन का दौर काफी पहले 1967 में ही आ गया था। कांग्रेस का भ्रष्टाचार देश की आजादी के दो वर्ष के बाद शुरू हो गया था। कांग्रेस धीरे-धीरे राज्यों से कटती आ रही है। अचानक कांग्रेस का जनाधार खत्म नहीं हुआ है। जिस तरह से भ्रष्टाचार के दोषियों का नाम अखबार में उजागर होता था, उस दौर में मतदाता कांग्रेस से मुह मोड़ते गए। उत्तर के साथ राज्य और तमिलनाडु में गठबंधन सरकारों और वैचारिक रूप से व्यापक गठबन्धन का प्रयोग हुआ था। ये तमाम गठबंधन भले नाजुक,अस्थायी और परेशानी वाले रहे हो, मगर इनमें मतदाताओं का व्यापक प्रतिनिधित्व हुआ करता था। कांग्रेस अब हर राज्य में गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है। यूपी में समाजवादी के साथ गठबंधन में रही कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था। बिहार में राजद के साथ गठबंधन में भी गीले-शिकवे पैदा हो गए हैं। कांग्रेस की विचारधारा जनता के अनुरूप नहीं है। कांग्रेस अपने मन की करती है, उसी का नतीजा है कि कांग्रेस की कथनी-करनी में समानता नजर नहीं आती है। बिहार में जनसुराज पार्टी के 116 प्रत्याशियों का ऐलान की सूचना है, वहीं जातिगत समीकरण को केंद्र बिंदु रखा है। बिहार में धमाका होगा। पीएम मोदी जननायक कर्पूरी ठाकुर के गांव से विधानसभा चुनाव में प्रचार करेंगे। नीतीश और भाजपा के सीट बंटवारे कर दिए गए हैं और शांति के साथ चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को जवाबदेही सौंप दी गई है। उधर,कयास लगाया जा रहा है कि महागठबंधन खंड-खंड बंट चुका है। घटक दल अब एक दूसरे के खिलाफ हो चुके है। महागठबंधन नाम की कोई चीज अब शेष नहीं रही है। राजद के सुप्रीमो तेजस्वी एक तरफ खींच रहे है तो राहुल दूसरी तरफ खींच रहे हैं। तब महागठबंधन का क्या औचित्य है? दोनों दलों ने जिस तरह से एकता का दिखावा चुनाव के पहले किया गया था। वो बेनकाब हो चुका है। राजद और कांग्रेस दोनों पार्टियो की दिशा और दशा अलग है। आपसी विश्वास नही पनपा पाए दोनो दल पर मतदाता क्या भरोसा कर पाएगा ? 1977 में इंदिरा गांधी की निरंकुश इमरजेंसी और जेपी आंदोलन की परिणीति जनता पार्टी के स्वरूप में एक महागठबंधन में हुई, जिसमें वैचारिक रूप से विपरीत ध्रुव की पार्टियां शामिल थी।क ये गठबंधन मजबूरी में बनाये गए थे। चुनाव के बाद जीत की खुशी दोगुनी होती है, लेकिन बीच में विवाद खड़ा होता है तो मायूस हो जाते है। जनसंघ से लेकर वाम मोर्चे तक, जयप्रकाश नारायण कांग्रेस विरोधी विपक्ष के मसीहा बन गए। 1977 के इस प्रयोग के आधार पर विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 1989 में राजीव गांधी की सरकार के खिलाफ गठबंधन बनाने का कामचलाऊ प्रयोग किया, जिसमें बीजेपी और वाम मोर्चे को सहयोग के रूप ने शामिल किया गया। अब का दौर अलग है। उसके बाद 1996 में दो अल्पमत संयुक्त मोर्चा सरकारों के प्रयोग हुए। एक एच-डी देवगौड़ा और दूसरा इंद्रकुमार गुजराल के नेतृत्व में सरकार बनी। अब तो देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा भी गठबंधन का तिलिस्म तोड़ने के लिए राजी नहीं है। एनडीए गठबंधन में आज भी यह नियम है कि भाजपा बहुमत में है तो भी एनडीए घटक दलों को नहीं छोड़ते हैं। यह नीति है। यह गठबंधन की अच्छाई का नमूना है। उस दौर में क्षेत्रीय और राज्यों के क्षत्रपों की महत्वाकांक्षाओं का उभार इतना हो चुका था कि चुनावी नजरिए से राष्ट्रीय पार्टियों के लिए उन्हें दल नजरअंदाज करना लगभग नामुमकिन हो गया। लिहाजा, दो प्रमुख राष्ट्रीय गठबन्धनों की नींव पड़ी। जो भारतीय राजनीति की नई हकीकत बन गए। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूपीए गठबंधन और भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए पिछले कई वर्षों से क्षत्रिय दलों ने इन्ही में से किसी एक के साथ अपनी निष्ठाओं और अपने चुनावी भविष्य को बांध रखा है। कांग्रेस ने मोदी को हराने के लिए सभी घटक दलों से मिलकर इंडिया महागठबंधन बनाया गया। महागठबंधन में बिहार में राजद शामिल है। इनके नेतृत्व में चुनाव लड़ा जा रहा है। एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी सबसे लोकप्रिय नेता है लेकिन सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों में तीन सबसे लोकप्रिय नेता नीतिश कुमार रहे हैं और ममता और केजरीवाल आदि गैर एनडीए दलों से नाम चर्चित थे। नीतीश को छोड़कर ममता और केजरीवाल की साख में कुछ वृद्धि नहीं हुई है।

> **पीएम मोदी जननायक कर्पूरी ठाकुर के गांव से विधानसभा चुनाव में प्रचार करेंगे। नीतीश और भाजपा के सीट बंटवारे कर दिए गए हैं और शांति के साथ चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को जवाबदेही सौंप दी गई है।**

# अवैध प्रवासन अब नहीं रही बड़ी समस्या



**निवारण**

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र स्तंभकार

राष्ट्रीय समस्याएं कई स्तर पर कई विकृत व विसंगत स्वरूपों में हल हुए बिना ही परिव्याप्त हैं। जब तक इन समस्याओं का युद्धस्तर पर, क्रांतिकारी ढंग से, सुनियोजित व सुशासकीय विधिपूर्वक समाधान नहीं हो जाता, तब तक मूल भारतीय निवासियों का जीवन कितनी ही आधुनिक प्रगतियों के उपरांत भी असंतुष्ट, अशांत व दुःखी बना रहेगा। ऐसी ही समस्याओं में से एक है देश में अवैध प्रवासन। औपचारिक रूप में स्वतंत्र होने के बाद से लेकर अब तक अवैध प्रवासन वर्ष-प्रतिवर्ष नई-नई चुनौतियों के साथ बढ़ता रहा है। केंद्र व राज्यों में स्थापित रहे पहले के शासन ने इस ओर समस्या की दृष्टि के साथ ध्यान ही नहीं दिया। इसके विपरीत ऐसे शासन ने अवैध रूप में भारत में रहे लोगों को अपने-अपने राजनीतिक दलों के लिए मतदाताओं के रूप में इस्तेमाल किया। सत्तारूढ़ होने के लिए ऐसे दलों का यह राजनीतिक अभ्यास आज भी यथावत है। चौदह वर्ष पूर्व केंद्र में सत्तासीन राजग के शासनकाल में यह दुष्प्रवृत्ति पहचानी गई। इसके निवारण हेतु राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक प्रयास किए गए। गत चौदह वर्षों से इस दिशा में सैद्धांतिक स्तर पर तो शासकीय-प्रशासकीय कार्य अवश्य हो रहे हैं, किंतु धरातल पर क्रांतिकारी व त्वरित कार्यों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। हालांकि केंद्रीय शासन ने अवैध प्रवासन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु गत मार्च के प्रथम सप्ताह में संसद में एक विधेयक पारित किया था, किंतु विधेयक का धरातली प्रभावपूर्ण क्रियान्वयन आज तक भी आरंभ नहीं हो सका है। गत अप्रैल में पहलगाम नरसंहार हुआ था। नरसंहार के दोषी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों को कठोर दंड देने के संकल्प के साथ ही भारतीय शासन ने पाकिस्तान के साथ व्यापार समेत अनेक स्तरीय संबंध समाप्त कर दिये थे। पाक नागरिकों को कुछ दिनों में भारत छोड़ने के लिए कह दिया गया था। परिणामस्वरूप देशभर में पाकिस्तान समेत अनेक अन्य सीमावर्ती देशों के अवैध व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें भारत से बाहर निकालने का अभियान आरंभ हुआ था। समय बीतने पर पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों व आतंकवादियों को समाप्त करने के बाद प्रतिशोधवश किए गए पाक के दुस्साहस को ध्वस्त करने हेतु भारत-पाकिस्तान के मध्य दो अल्प समयावधियों के युद्ध भी हुए। शासकीय कार्यगत दिशादृष्टि अवैध प्रवास के रोकथाम तथा एक-एक अवैध व्यक्ति को देश से बाहर करने के लिए भी जाग्रत होना चाहिए। विकसित भारत के संकल्प को सुव्यवस्थित ढंग से साधने के लिए जिन-जिन समस्याओं का प्रमुखता के आधार पर निवारण होना चाहिए, उनमें अवैध प्रवास सबसे पहले हैं। अतः केंद्रीय शासन को इस दिशा में बिना रुके निरंतर ढंग से कार्य करने की आवश्यकता है।

> **विकसित भारत के संकल्प को सुव्यवस्थित ढंग से साधने के लिए जिन-जिन समस्याओं का प्रमुखता के आधार पर निवारण होना चाहिए, उनमें अवैध प्रवास सबसे पहले हैं।**

# यह भी जानें : अब तक ये रहे सीएम

| मुख्यमंत्री | कार्यकाल |
|---|---|
| श्रीकृष्ण सिन्हा | 26 जनवरी 1950 - 31 जनवरी 1961 |
| दीप नारायण सिंह | 1 फरवरी 1961 - 18 फरवरी 1961 |
| बिनोदानंद झा | 18 फरवरी 1961 - 2 अक्टूबर 1963 |
| केबी सहाय | 2 अक्टूबर 1963 - 5 मार्च 1967 |
| महामाया प्रसाद सिन्हा | 5 मार्च 1967 - 28 जनवरी 1968 |
| सतीश प्रसाद सिंह | 28 जनवरी 1968 - 1 फरवरी 1968 |
| बी. पी. मंडल | 1 फरवरी 1968 - 22 मार्च 1968 |
| भोला पासवान शास्त्री | 22 मार्च 1968 - 29 जून 1968 |
| राष्ट्रपति शासन | 29 जून 1968 - 26 फरवरी 1969 |
| हरिहर सिंह | 26 फरवरी 1969 - 22 जून 1969 |
| भोला पासवान शास्त्री | 22 जून 1969 - 4 जुलाई 1969 |
| राष्ट्रपति शासन | 6 जुलाई 1969 - 16 फरवरी 1970 |
| दरोगा प्रसाद राय | 16 फरवरी 1970 - 22 दिसंबर 1970 |
| कर्पूरी ठाकुर | 22 दिसंबर 1970 - 2 जून 1971 |
| भोला पासवान शास्त्री | 2 जून 1971 - 9 जनवरी 1972 |
| राष्ट्रपति शासन | 9 जनवरी 1972 - 19 मार्च 1972 |
| केदार पांडेय | 19 मार्च 1972 - 2 जुलाई 1973 |
| अब्दुल गफूर | 2 जुलाई 1973 - 11 अप्रैल 1975 |
| जगन्नाथ मिश्रा | 11 अप्रैल 1975 - 30 अप्रैल 1977 |
| राष्ट्रपति शासन | 30 अप्रैल 1977 - 24 जून 1977 |
| कर्पूरी ठाकुर | 24 जून 1977 - 21 अप्रैल 1979 |

| मुख्यमंत्री | कार्यकाल |
|---|---|
| राम सुंदर दास | 21 अप्रैल 1979- 17 फरवरी 1980 |
| राष्ट्रपति शासन | 17 फरवरी 1980 - 8 जून 1980 |
| जगन्नाथ मिश्रा | 8 जून 1980 - 14 अगस्त 1983 |
| चंद्रशेखर सिंह | 14 अगस्त 1983 - 12 मार्च 1985 |
| बिंदेश्वरी दुबे | 12 मार्च 1985 - 13 फरवरी 1988 |
| भागवत झा आजादी | 14 फरवरी 1988 - 10 मार्च 1989 |
| सत्येंद्र नारायण सिन्हा | 11 मार्च 1989 - 6 दिसंबर 1989 |
| जगन्नाथ मिश्रा | 6 दिसंबर 1989 - 10 मार्च 1990 |
| लालू प्रसाद यादव | 10 मार्च 1990 - 28 मार्च 1995 |
| राष्ट्रपति शासन | 28 मार्च 1995 - 4 अप्रैल 1995 |
| लालू प्रसाद यादव | 4 अप्रैल 1995 - 25 जुलाई 1997 |
| राबड़ी देवी | 25 जुलाई 1997 - 11 फरवरी 1999 |
| राष्ट्रपति शासन | 11 फरवरी 1999 - 9 मार्च 1999 |
| राबड़ी देवी | 9 मार्च 1999 - 2 मार्च 2000 |
| नीतीश कुमार | 2 मार्च 2000 - 10 मार्च 2000 |
| राबड़ी देवी | 11 मार्च 2000 - 6 मार्च 2005 |
| राष्ट्रपति शासन | 7 मार्च 2005 - 24 नवंबर 2005 |
| नीतीश कुमार | 24 नवंबर 2005 - 20 मई 2014 |
| जीतन राम मांझी | 20 मई 2014 - 22 फरवरी 2015 |
| नीतीश कुमार | 22 फरवरी 2015 - कार्यरत |

## कार्टूनिस्ट की नजर में बिहार चुनाव...



**कुल 223 विस सीटें**

बिहार विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो चुकी है। चुनाव आयोग ने इस बार मतदान दो चरणों में करवाने का फैसला किया है। पहले चरण में 121, जबकि दूसरे चरण में 122 सीटों पर मतदान होगा। इसमें 1314 उम्मीदवार मैदान में हैं। दूसरे और अंतिम चरण में 20 जिलों के 122 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1302 उम्मीदवार मैदान में हैं। बिहार में सामान्य की 203, एससी श्रेणी की 38, जबकि एसटी श्रेणी की 2 सीटें हैं। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर, जबकि दूसरे चरण में वोटिंग 11 नवंबर को होगी। नतीजों के लिए 14 नवंबर का इंतजार करना होगा। चुनाव आयोग के मुताबिक, बिहार में कुल 7.43 करोड़ मतदाता हैं। इनमें करीब 3.92 करोड़ पुरुष, 3.50 करोड़ महिला और 1,725 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। ये सभी आंकड़े 30 सितंबर 2025 तक के हैं।

# चुनाव में मुख्य मुकाबला दो स्थापित गठबंधनों के बीच ही होगा



**बिहार विस चुनाव**

अवधेश कुमार

वरिष्ठ स्तंभकार

बिहार विधानसभा चुनाव की राजनीति स्वाभाविक ही चरम पर है । जब तक किसी चुनाव का परिणाम नहीं आता तब तक हर प्रकार के विश्लेषण और अनुमान आते रहते हैं, आते रहेंगे। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आम विश्लेषण यह है कि भाजपा जदयू वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन या राजग और राजद, कांग्रेस , वामदल आदि के गठबंधन के बीच जबरदस्त टक्कर है और प्रशांत किशोर की नवगठित जन सुराज तीसरा स्थान पाने की स्थिति में है। एक विश्लेषण यह भी है कि जनसुराज पार्टी दोनों पक्षों को क्षति पहुंचा कर प्रभावी स्थान बना सकती है। प्रश्न है कि आखिर बिहार चुनाव में इस समय क्या संभावनायें दिखतीं हैं? 2020 विधानसभा चुनाव में दोनों मुख्य गठबंधनों के बीच केवल 12,768 वोटों का अंतर था। तब राजग को 37.26% (1,57,01,226) मत मिले थे जबकि महागठबंधन के खाते में 37.23% (1,56,88,458) मत गये। दोनों के बीच .03% मतों का मामूली अंतर था। इतने मामूली अंतर से राजग को 125 एवं राजद नेतृत्व वाले गठबंधन को 110 सीटें मिली थी। अन्य को आठ पर विजय हासिल हुई। इसके आधार पर पहला निष्कर्ष यही है कि अगर विरोधी गठबंधन को थोड़े मत और आ जाते तो नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग की सरकार नहीं बनती। इसका निष्कर्ष यह भी है कि पुनः 5 वर्ष के शासन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी सरकार को लेकर लोगों में कुछ न कुछ असंतोष होगा और इस सत्ता विरोधी रुझान का लाभ विरोधी गठबंधन को मिल सकता है।

पिछली बार बिहार की 243 सीटों वाली विधानसभा की 52 विधानसभा सीटों पर हार-जीत का अंतर भी 5 हजार से भी कम वोटों का था। लेकिन चुनाव का अंकगणित इतना सरल नहीं होता। पिछले चुनाव में चिराग पासवान की लोजपा अकेले 137 सीटों पर लड़ी थी और उसे 5.66 प्रतिशत यानी 23 लाख 83 हजार,457 मत मिले थे। इस बार चिराग पासवान गठबंधन में हैं और इन मतों को मिला दें तो दोनों के बीच बड़ा अंतर आ जाता है। तब 83 सीटों पर 10 हजार से भी कम से हार-जीत हुई थी। इन 83 सीटों में 28 पर राष्ट्रीय जनता दल और 10 पर कांग्रेस को जीत मिली थी। वास्तव में 2025 के विधानसभा चुनाव पूर्व का आकलन न 2020 और न 2015 के आधार पर हो सकता है। पिछले चुनाव में राजग गठबंधन में जीतनराम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा की रालोमो भी नहीं थी। इसी तरह मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी या वीआईपी राजग में थी जो इस बार दूसरे गठबंधन में है। अब महागठबंधन में कुल आठ दल हो गए हैं। इस समय चुनाव पूर्व राजग के पास 131 सीटें हैं, जिसमें भाजपा के पास 80, जद (यू) -45 और हम (एस) को 4 सीट है । इनके अलावा दो निर्दलीय विधायकों ने भी राजग को समर्थन दिया था। महागठबंधन के पास 111 सीटें हैं, जिनमें राजद को 77, कांग्रेस को 19, सीपीआई (एमएल) को 11, सीपीआई (एम) 2 और सीपीआई के पास 2 सीट हैं। इस बार इसमें वीआईपी, झारखंड मुक्ति मोर्चा और पशुपति पारस की लोजपा भी आ गई है। इस तरह विरोधी गठबंधन में 8 दल हो गए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिस तरह भाजपा को छोड़ राजद और राजद छोड़ भाजपा से हाथ मिलाया उनसे उनकी साख और विश्वसनीयता काफी क्षीण हुई। बीच के काल में गुस्सा, तिलमिलाहट और वक्तव्यों में काफी असंतुलन उनकी पहचान बन रहा था। किंतु पिछले 6 महीना में आप इसमें गुणात्मक आमूल परिवर्तन देख रहे होंगे। पहले लगता था कि दोबारा साथ आने के बावजूद भाजपा उन्हें चुनाव में मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बनाने से परहेज करेगी। भाजपा के ज्यादातर शीर्ष नेताओं ने इधर लगातार बयान दिया कि हम नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं और फिर से वही मुख्यमंत्री होंगे। तो इसे लेकर संदेह बिल्कुल समाप्त हो गया है। इस कारण नीतीश कुमार के समर्थक मतदाताओं के अंदर का ऊहापोह भी खत्म हो गया होगा। सीटों को लेकर गठबंधन में समस्याएं हमेशा रही हैं और इस बार भी हैं। बावजूद नीतीश कुमार चुनाव प्रचार कर रहे हैं और सभी घटक दल उनके साथ खड़े हैं। सबसे बढ़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी एकजुट हैं और उनका आभामंडल सब पर भारी है। भाजपा और राज्य की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की नेतृत्वकारी राजनीतिक भूमिका का भी गहरा प्रभाव दिखाई देता है। नेतृत्व के साथ एकजुटता की यही तस्वीर विरोधी खेमे में नहीं दिखाई देती।

प्रशांत किशोर लंबी यात्राएं कर लोगों से संवाद किया है और उसका असर है। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की नीतीश सरकार के विरुद्ध वैसा असंतोष कहीं नहीं है। कुल मिलाकर बिहार में मुख्य लड़ाई दो स्थापित गठबंधनों के बीच ही है। निस्संदेह, कुछ उम्मीदवारों को लेकर भाजपा के अपने ही कार्यकर्ताओं व समर्थकों में असंतोष है और उसका थोड़ा असर भी होगा, किंतु दूसरे गठबंधन में कलह और विद्रोह कहीं ज्यादा है। इसमें गठबंधन की एकजुटता, चुनावी तैयारी- प्रबंधन ,नेतृत्व की छवि, जनता के मुद्दे और मतदाताओं के सामूहिक मनोभावों में बड़े परिवर्तन की कामना न होने जैसे कारक ही चुनाव परिणाम निर्धारित करने में मुख्य भूमिका निभाएंगे।




> **अब महागठबंधन में कुल आठ दल हो गए हैं। इस समय चुनाव पूर्व राजग के पास 131 सीटें हैं, जिसमें भाजपा के पास 80, जद (यू) -45 और हम (एस) को 4 सीट है। दो निर्दलीय विधायकों ने भी राजग को समर्थन दिया था।**

# आरुषि के 16 बच्चों की रैंप वॉक से सम्पन्न हुआ 'सितारे जमीन पर'



## बीएसएसएस में 'सितारे जमीन पर' कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

आरुषि के 16 दिव्यांग बच्चों ने जब रंग बिरंगे परिधान पहनकर, हाथों में प्राप लेकर रैंप वॉक की तो दर्शक दीर्घा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। मानवता, समानता और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे संदेश देता 'सितारे जमीन पर' कार्यक्रम का आयोजन शनिवार शाम भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज (बीएसएसएस) में सम्पन्न हुआ।

दिव्यांग छात्र समिति द्वारा आरुषि फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य समान अवसर प्रदान करके, सीखने की बाधाओं को दूर करना और छात्रों के बीच सकारात्मक सामाजिक संपर्क स्थापित करना था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आरुषि के 16 बच्चों का रैंप वॉक



था, जहां स्पेशल किड्स ने प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर रोचित अग्रवाल, मांगलिक डिजाइनर स्टोर लखेरापुरा के मालिक द्वारा डिजाइन किए गए सुंदर परिधान पहनकर एकता, गरिमा और एकजुटता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय फैशन डिजाइनर मुमताज खान, आरुषि फाउंडेशन के संस्थापक अनिल मुद्गल, नूतन कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. रोहित त्रिवेदी और एकलव्य किड्जी की निदेशक डॉ. स्वाति जैन के रूप में उपस्थित थीं।



### 70वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' का मुख्य आकर्षण होगा महानाट्य 'सम्राट विक्रमादित्य'

# तीन मंचों, एलईडी ग्राफिक्स के स्पेशल इफेक्ट के प्रयोग के साथ 150 कलाकार प्रस्तुत करेंगे महानाट्य

## 1 से 3 नवंबर तक लाल परेड मैदान में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मप्र राज्य का 70वां स्थापना दिवस का मुख्य समारोह 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' 1 से 3 नवंबर तक लाल परेड मैदान में आयोजित किया जा रहा है। 1 नवम्बर को समारोह का शुभारंभ अवसर पर जुबिन नौटियाल की प्रस्तुति होगी, वहीं 2 और 3 नवंबर को महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य की प्रस्तुति, सुप्रसिद्ध गायकों की सुगम संगीत प्रस्तुतियों के साथ ही प्रदर्शनियां, शिल्प मेला, व्यंजन मेला जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। शौर्य के पर्याय सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और योगदान से नागरिकों को महानाट्य के माध्यम से परिचित करवाने महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया जाएगा। राम और कृष्ण जैसे अवतार नायकों के बाद भारत के सर्वाधिक लोकप्रिय नायक विक्रमादित्य ही हैं।

शक राजा महाबली, अर्थलोभी, पापी और दुष्ट थे, क्रूर हिंसक देश विरोधी शकों की उस दुर्दान्त, प्रलयंकारी काली छाया से विक्रमादित्य ने भारत को मुक्त कराया और 96 शक सामन्तों को पराजित कर उन्हें भारत से भागने पर विवश कर दिया। शकों को खदेड़ कर ही शकारी और साहसांक की उपाधियां धारण की। आज भी विकमादित्य द्वारा 2082 वर्ष पूर्व प्रारम्भ विक्रम संवत भारत वर्ष ही नहीं दुनिया का सर्वश्रेष्ठ काल गणना का आधार है।





### अश्व, रथ, पालकी एवं ऊंट का किया जाएगा उपयोग

ऐसे महान सम्राट को जन-जन तक पहुंचाने हेतु महानाट्य के रूप में मंचित करने का चुनौतीपूर्ण और कठिन संकल्प उज्जैन की संस्था विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति ने लिया। इस महानाट्य में विक्रमादित्य के जन्म से लेकर सम्राट बनने तक की सभी गाथाएं अंकित की गई हैं। इतने विराट स्वरूप को प्रस्तुत करने के लिए कलाकारों का विशाल दल लगभग 150 कलाकारों और 50 अन्य सहयोगियों के माध्यम से इसे प्रस्तुत किया जाएगा। नाटक के दृश्यों का सजीव बनाने हेतु अश्व, रथ, पालकी एवं ऊंट आदि का उपयोग किया गया है। मंचीय प्रस्तुतिकरण को प्रभावी बनाने के लिए तीन मंचों एवं एलईडी ग्राफिक्स के स्पेशल इफेक्ट का प्रयोग किया गया है।

### प्रधानमंत्री भी कर चुके हैं प्रशंसा

प्रदेश की सीमा से बाहर अन्य प्रदेशों में भी महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य की प्रस्तुति को भरपूर प्रतिसाद मिला है। दिल्ली के लाल किला, हैदराबाद, आगरा सहित अनेक प्रमुख शहरों में यह महानाट्य मंचित हो चुका है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस महानाट्य की प्रशंसा कर चुके हैं। उसी क्रम में इस महानाट्य की प्रस्तुति भोपाल के ऐतिहासिक लाल परेड ग्राउंड में होने जा रही है।



## वाहिद प्रेमी की याद में 'शाम ए गजल' कार्यक्रम का किया आयोजन



# इक कलमगार हूं मैं, एक फनकार हूं मैं... सुन तालियों से गूंजा सभागार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भोपाल के वरिष्ठ गजल सिंगर एवं सूफी गायक राजीव सिंह ने भोपाल के मशहूर शायर वाहिद प्रेमी साहब की नज्म इक कलमगार हूं मैं, एक फनकार हूं मैं.... गाकर सुनाई तो सभागार तालियों से गूंज गया। वहीं फरहत शहजाद की लिखी हुई गजल जिसे मेंहदी हसन ने पूर्व में गाया था 'एक बस तू ही नहीं....' श्रोताओं ने सुनीं तो तालियों की गड़गड़ाहट से इस दिल को छूने वाली गजल का स्वागत किया। पॉलिटेक्निक कॉलेज सभागार में आयोजित भोपाल के मशहूर उस्ताद शायर स्वर्गीय वाहिद प्रेमी की याद में खुशबू एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसाइटी द्वारा आयोजित 'शाम ए गजल' में शहर के गजलकारों ने एक से बढ़कर एक नज्में प्रस्तुत कर समा को शायराना बना दिया। इस आयोजन में मशहूर गजल सिंगर और म्यूजिक कंपोजर राजीव सिंह, सलीम अल्लाहवाले, भारती विश्वनाथन को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में युवा गायिका अंशिका राजोतिया को सुर साधना सम्मान दिया गया।

### शाम-ए-गम अश्क जब बिखरते हैं... को भारती ने दी आवाज

इसके बाद गजलों और नज्मों का दौर शुरू हुआ, जिसमें उस्ताद मोहम्मद हुसैन, अहमद हुसैन ने मैं हवा हूं कहां वतन मेरा... के साथ छाप तिलक सभी छीनी.... की प्रस्तुति दी। वहीं वाहिद प्रेमी की गजल शाम-ए-गम अश्क जब बिखरते हैं... को भारती विश्वनाथन ने अपनी आवाज दी। वहीं नियते शोक भर न जाये कहीं, हर सू दिखाई देती है वो जलवागर मुझे, ना वो बात कर मेरे हमनवा.... सुनाकर भारती ने श्रोताओं की खूब तालियां बंटौरी। वहीं राजीव सिंह ने हमारी सांसो में, मैं ख्याल हूं किसी और का, किसी दर्दमंद के काम आ, मेरी अर्थी उठाके चलेंगे.... की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम को अंतिम कड़ी में ले जाते हुए जहां सलीम अल्लावाले ने अपनी संगीतबद्ध गजलों की प्रस्तुति दी, वहीं अंशिका रजौतिया ने फासले ऐसे नहीं होंगे यह कभी सोचा न था.... की प्रस्तुति देकर समा को संगीतमय बना दिया।

# लोकनृत्य प्रस्तुति में भोपाल संभाग तो शास्त्रीय नृत्य में इंदौर की तपस्या त्रिपाठी रहीं प्रथम

## वाल्मी संस्थान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

वाल्मी संस्थान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव का शनिवार शाम रंगारंग समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गायन, वादन, नृत्य, लोकगीत, लोकनृत्य, नाटक, कहानी वाचन, मूर्तिकला, चित्रकला एवं स्थानीय शिल्प जैसी 12 श्रेणियों में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कला उत्सव का प्रमुख उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों में भारतीय कला परंपरा की समझ विकसित करना तथा उनके सर्वांगीण विकास में कला की भूमिका को सशक्त बनाना है।

### प्रतियोगिता परिणाम

**संगीत वादन (तबला):** भोपाल संभाग के आश्रय जायसवाल प्रथम, उज्जैन की गीत अखंड द्वितीय

**नाटक:** ग्वालियर संभाग द्वारा रानी अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित नाटिका को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। डॉ. भीमराव आंबेडकर पर आधारित नाटिका (जबलपुर) द्वितीय

**लोकनृत्य:** भोपाल संभाग प्रथम, सागर संभाग द्वितीय (बधाई लोकनृत्य)

**शास्त्रीय नृत्य (एकल):** इंदौर की तपस्या त्रिपाठी प्रथम, जबलपुर की अवनी अग्रवाल द्वितीय

**संगीत वादन (स्वर):** सागर संभाग के एकांश भट्ट को प्रथम, भोपाल के अंश पाटीदार को द्वितीय

**शास्त्रीय गायन:** ऐकल शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के सृजन मिश्रा प्रथम, ग्वालियर की भारती यादव द्वितीय

**चित्रकला:** भोपाल की विदिका जैन प्रथम, ग्वालियर के प्रतीक बलिया द्वितीय

### दुष्यन्त संग्रहालय में प्रणाम दुष्यन्त- श्रृंखला 10 एवं दिवाली के दीप कवियों के गीत का आयोजन

# पांच समूह में बंटे प्रश्नोत्तरी ग्रुप में 'एक कंठ विषपायी' रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

दुष्यंत कुमार संग्रहालय में शनिवार को प्रणाम दुष्यंत- श्रृंखला 10 के तहत दुष्यन्त के व्यक्तित्व -कृतित्व एवं दुष्यंत कुमार संग्रहालय से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी में पांच समूह क्रमशः सूर्य का स्वागत, आवाजों के घेरे, एक कंठ विषपायी, साये में धूप और आंगन में एक वृक्ष बनाए गए। ये सभी समूह दुष्यन्त द्वारा लिखी गई पुस्तकों के नाम पर बनाए गए थे। इन समूहों का नेतृत्व क्रमशः डॉक्टर मीनू पांडे, पुरुषोत्तम साहित्यार्थी, मनोज गुप्त, अनीता चौहान और डॉ. मौसमी परिहार ने किया।




### कविताओं के रस से श्रोताओं को किया सराबोर

इस प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान मनोज गुप्त 'एक कण्ठ विषपायी' ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान 'सूर्य का स्वागत' डॉ. मीनू पांडे ने पाया। आयोजन के द्वितीय सत्र में दिवाली के दीप कवियों के गीत का संयोजन संचालन घनश्याम मैथिल अमृत ने किया, जिसमें महेश अग्रवाल ने पढ़ा अपनी सब उम्मीदे जिंदा रखता हूं, तपते सेहरा में दरिया रखता हूं। वहीं किशन तिवारी ने पढ़ा ये नशा छोड़ भी नहीं सकते मैदान छोड़ भी नहीं सकते, पढ़कर कविताओं के रस से श्रोताओं को सराबोर किया।

# आईटी इंडस्ट्री के भविष्य पर चर्चा

**भोपाल।** भोपाल के युवाओं के लिए शनिवार बेहद खास रहा, जब शहर में पहली बार सेल्सफोर्स प्रोफेशनल्स द्वारा ज्ञानवर्धक टेक्निकल मीटअप आयोजित की गई। यह न सिर्फ भोपाल में आईटी प्रोफेशनलिस्ट को एक साझा मंच पर लाने की दिशा में कदम है, बल्कि शहर में बढ़ती टेक्नोलॉजी संस्कृति का प्रतीक भी है। इसका उद्देश्य भोपाल और आसपास के क्षेत्रों के सॉफ्टवेयर डवलपर, आईटी प्रोफेशनलिस्ट को एक ऐसे प्लेटफॉर्म से जोड़ना है, जहां वे आपसी सहयोग, ज्ञान साझा करने और आधुनिक तकनीकों के साथ खुद को आगे बढ़ सकें।



### अखिल भारतीय साहित्य परिषद का रामायण के पात्रों विषय पर गोष्ठी का आयोजन




# एक नारी की रक्षा करने, लाज बचाने को रावण से लड़ गया जटायु, फर्ज निभाने को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

एक नारी की रक्षा करने, लाज बचाने को, रावण से लड़ गया जटायु, फर्ज निभाने को... डॉ. राजेंद्र शर्मा ने 'जटायु' पर लिखी अपनी रचना का पाठ किया शनिवार शाम विश्व संवाद केंद्र में आयोजित वाल्मीकि जयंती गोष्ठी में। रामायण के पात्रों पर स्वरचित रचनापाठ विषय पर आयोजित इस गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि दिनेश मालवीय ने अपनी रचना में कहा, दो मुझे राघव वरदान, दीप-सा जलता रहूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने शोक को श्लोक में रूपांतरित कर यह सिखाया कि साहित्य दुःख को भी सृजन में बदल सकता है। यही सच्चे साहित्य का मूल है कि वह पीड़ा को भी सौंदर्य में और संवेदना को भी सृजन में बदल देता है।

गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार एवं कला मंदिर संस्था के अध्यक्ष डॉ. गौरी शर्मा की विशिष्ट उपस्थिति रही। उन्होंने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन आदर्शों पर विचार व्यक्त किए। गोष्ठी की विशेषता यह रही कि आमंत्रित कवि और रचनाकारों ने रामायण के विविध पात्रों पर अपनी स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत कीं।

# देश के प्रख्यात लोकगायक छठ घाटों पर घोलेंगे कला एवं संस्कृति के रंग

**भोपाल।** भोजपुरी साहित्य अकादमी, मप्र संस्कृति परिषद्, संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी लोक आस्था के महापर्व सूर्य आराधना पर केंद्रित 'छठ पर्व' पर भोपाल के चार स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत 27 एवं 28 अक्टूबर को देश के प्रख्यात लोकगायक अपने स्वरों से छठ घाटों पर कला एवं संस्कृति के रंग घोलेंगे। अकादमी की निदेशक डॉ. पूजा शुक्ला ने बताया कि 27 अक्टूबर को प्रेमपुरा घाट, सैर सपाटा पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शाम 4.30 बजे एवं 28 अक्टूबर को सुबह 4.30 बजे से सुप्रसिद्ध लोकगायिका कुसुम पाण्डेय एवं साथी कलाकार, मिजार्पुर द्वारा छठ पर्व के पारंपरिक गीतों का सुमधुर गायन एवं भजन गायन प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं शीतलदास की बगिया में 27 अक्टूबर को सायं 4.30 बजे रूबी कुमारी का भजन गायन एवं 28 अक्टूबर को सुबह 4.30 बजे लोकप्रिय गायक राजेन्द्र प्रसाद शर्मा का भजन गायन होगा।

■ छठ पर्व पर भोपाल के चार स्थानों पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

### 40 वर्षों से जुड़े समूह के सदस्यों ने मनाया दिवाली मिलन समारोह

# गानों, चुटकुलों और डांस से रंगीन हुई एसबीआई के सीनियर सिटीजंस की शाम, खूब किया एंजॉय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

एसबीआई से सेवानिवृत्त हुए 40 वरिष्ठ नागरिकों ने शनिवार की शाम एक निजी रेस्त्रां में दिवाली मिलन पार्टी का आयोजन किया। इस ग्रुप की खासियत है कि ग्रुप के सदस्य पिछले 40 वर्षों से आपस में जुड़े हुए हैं।

इस समूह में वरिष्ठ रंगकर्मी व अभिनेता आलोक, असीम कुमार दुबे, अरविंद बिलगैयां और अविनाश नेमाड़े सहित कई नामी हस्तियां शामिल हैं। दिवाली मिलन के इस आयोजन में कमल एवं नलिन शर्मा ने क्या खूब लगती हो, अर्चना व अरुण भगोलीवाल ने ये रात भीगी भीगी, मेघा एवं हेमंत मुक्तिबोध ने झिलमिल सितारों का आंगन होगा, पुनीत वर्मा और उनकी बेटी मयूरी ने ये रातें ये मौसम नदी का किनारा गाकर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। वहीं समां है सुहाना सुहाना गीत पर सभी ने जोड़ों से डांस कर महफिल में चार चांद लगा दिए।

**अभिनेताओं ने खूब बटोरी तालियां**

# हिंदी भवन में दीपावली मिलन समारोह संपन्न




**भोपाल।** मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा शनिवार को हिंदी भवन में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान हुआ साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों भी खास रहीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के क्रम में दीप्ती श्रीवास्तव ने नृत्य के माध्यम से गणेश वंदना की। इसके बाद डॉ. साधना शुक्ला समूह ने अवधी गीतों की प्रस्तुति दी। डॉ. कुमकुम गुप्ता और साथी कलाकारों ने बुंदेली लोक गीत सुनाकर प्रदेश की लोक कला से परिचित कराया।









## गृहमंत्री शाह ने एनडीए का लक्ष्य सामने रखा

# पढ़ाई, दवाई, सिंचाई और सप्लाई होगा एनडीए का एजेंडा, घोटालेबाजों को दूर करें

## केंद्रीय गृहमंत्री ने खगड़िया के बाद मुंगेर में चुनावी रैली को संबोधित किया, इस दौरान लालू- राबड़ी समेत महागठबंधन को घेरा

एजेंसी ▶▶ पटना

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खगड़िया के बाद मुंगेर में चुनावी रैली को संबोधित किया। मुंगेर की जनसभा में उन्होंने स्कूलों में पढ़ाई, अस्पतालों में वक्त पर दवाई, खेतों की समय पर सिंचाई और हर घर में शुद्ध जल की सप्लाई को एनडीए का लक्ष्य करार दिया। शाह ने राहुल गांधी, लालू यादव और रबड़ी देवी पर बिहार को विकास की दौर में पीछे धकेलने का आरोप लगाया।

कांग्रेस के समर्थन से चल रही लालू-रबड़ी की सरकार ने अनेक सालों तक बिहार में जंगलराज कायम रखा। यह चुनाव फिर से जंगलराज को रोकने के लिए है।2005 में जब बिहार की जनता ने उनके राज को समाप्त कर दिया तो नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा। अगर वे फिर वापस आए तो जंगलराज आने से कोई नहीं रोक सकता। इसलिए हर हाल में नीतीश और मोदी जी की सरकार बनाएं।

### सोनिया और लालू बेटों को पीएम और सीएम बनाने में लगे

शाह ने मुख्यमंत्री नीतीश को सराहा राज्य का विकास किया



गृहमंत्री शाह ने कहा कि किसानों के लिए केंद्र सरकार ने काफी काम किया। इसका लाभ बिहार के किसानों को भी मिला। इससे फसलों के उत्पादन में बिहार का पूरे देश में स्थान बना। इसे कायम रखने एनडीए सरकार बनाएं। महागठबंधन में न नेता है और ना नीयत। शाह ने कहा कि लालू यादव अपने बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं तो सोनिया, राहुल को पीएम बनाने में लगे हैं। दूसरी ओर मोदी जी बिहार के युवाओं का भविष्य संवारने में लगे हैं। 11 सालों में लगभग 19 लाख करोड़ देकर बिहार को आगे बढ़ाया।

### लालू-राबड़ी की वापसी मतलब फिर से जंगलराज, एनडीए यानी विकास

शाह ने खगड़िया में जनसभा को छठ पर्व के अवसर पर संबोधित करते हुए बिहार के विकास और सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार कभी जंगलराज का शिकार नहीं होगा और बहू-बेटियां सुरक्षित रहेंगी। शाह ने स्पष्ट किया कि यह चुनाव विधायक या मुख्यमंत्री चुनने का नहीं, बल्कि बिहार में विकास की दिशा तय करने वाला है। लालू-राबड़ी की सरकार आई तो जंगलराज वापस आएगा, वहीं एनडीए की सरकार आई तो विकसित बिहार पूरे भारत में अपना डंका बजाएगा।

**घोटालों के रिकॉर्ड वाले**

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने महागठबंधन सरकार पर कड़ी निंदा करते हुए कहा कि लालू यादव ने 'लैंड फॉर जॉब' और 'अलकतरा' जैसे बड़े घोटाले किए हैं। शाह ने आरोप लगाया कि बिहार और केंद्र में घोटालों के रिकॉर्ड वाले लोग महागठबंधन में हैं। शाह कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के समग्र विकास के लिए काम कर रहे हैं। लेकिन लालू प्रसाद सिर्फ अपने परिवार का विकास चाहते हैं। शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

### शाह ने गिनाए लालू के आधा दर्जन घोटाले

शाह ने भ्रष्टाचार को लेकर आरजेडी और कांग्रेस पर निशाना साधा। वहीं आरजेडी चीफ पर करप्शन का आरोप लगाते हुए आधा दर्जन घोटाले गिनाए। शाह ने कहा कि लालू ने चारा घोटाला, लैंड फॉर जॉब घोटाला, आईआरसीटी घोटाला, अलकतरा घोटाला, बाढ़ राहत घोटाला, बीपीएससी भर्ती घोटाला, एबी एक्सपोर्ट घोटाला, और आय से अधिक संपति का घोटाला किया है। बिहार में जब से आरजेडी की सरकार आई तो तो घोटाले ही घोटाले हुए। उन्होंने कांग्रेस को भी भ्रष्टाचार पर घेरा।

### नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने नीतीश को बताया बूढ़ा

## बिहार को नंबर एक बनाएंगे, भाजपा ने 'हमारे चाचा' को हाईजैक कर लिया

तेजस्वी यादव ने शनिवार को कहा कि बिहार को 'नंबर एक' बनाने के लिए राज्य में निवेश आकर्षित करने, शिक्षा को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की आवश्यकता है। नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हमारे 'चाचा' अब बूढ़े हो गए हैं और बिहार का नेतृत्व करने में सक्षम नहीं हैं। उन्हें मोदी जी और अमित शाह ने 'हाइजैक' कर लिया है।



तेजस्वी ने कहा कि वह केवल सरकार बनाने नहीं आए हैं बल्कि खगड़िया, परबत्ता और बिहार को बनाने आए हैं। एनडीए सरकार के पास कोई दृष्टि नहीं है और वह उनकी योजनाओं की नकल कर रही है। तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन सरकार बनने के 20 दिनों के भीतर हर घर को सरकारी नौकरी देने का कानून लाया जाएगा और 20 महीनों के भीतर नौकरियां दे दी जाएंगी। संसाधन कहां से आएंगे , इस सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि कुछ दिन इंतजार कीजिए, मैं बताऊंगा कि पैसा कहां से लाऊंगा।

### दहेज में महागठबंधन को वोट देकर सरकार बना दोः पांडेय



समाजवादी पार्टी ने महागठबंधन के समर्थन में प्रचार के लिए 20 स्टार प्रचारकों की लिस्ट तैयार की है। सपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में बलिया के सांसद सनातन पांडेय का नाम भी शामिल है। वहीं, पांडेय ने बलिया में शनिवार को कहा कि बिहार जाकर मतदाताओं से गुजारिश करेंगे कि दहेज में वोट दे दो और महागठबंधन की सरकार बना दो।

### कोई भी आए मैं खुद ब्रांडः तेजप्रताप



यहां प्रचार के साथ ही नेताओं की बयानबाजी भी तेज हो गई है, जिसमें जनशक्ति जनता दल के नेता तेज प्रताप यादव पीछे नहीं है। उन्होंने प्रचार के लिए अखिलेश यादव के आने के सवाल पर कहा कि अखिलेश यादव आएं या कोई और आए, मैं अपनी जगह ब्रांड हूं।

### आरजेडी की कद्दावर नेता प्रतिमा कुशवाह भाजपा में शामिल



चुनाव से ठीक पहले राजद को एक बड़ा झटका लगा है। पार्टी की राज्य महिला प्रकोष्ठ की पूर्व प्रमुख प्रतिमा कुशवाहा ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया। प्रतिमा ने आरोप लगाया कि राजद में जमीनी कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं मिलता और यह विपक्षी पार्टी 'गंभीर रूप से बंटी हुई' है।

### 6 सीटों पर महागठबंधन में ही लड़ाई

यहां प्रचार एक सवाल अब भी बना हुआ कि जिन सीटों पर राजद और कांग्रेस के प्रत्याशी आमने-सामने हैं, वहां पर राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव किसके समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे? 4 विधानसभा सीटें ऐसी हैं जहां राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी मैदान हैं। वहीं 2 सीटों में से एक पर राजद- वीआईपी और दूसरे पर कांग्रेस-सीपीआई आमने सामने है।

### राहुल जननायक का अपमान कर रहेः नीतीश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। नीतीश ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि हमलोग शुरू से कर्पूरी ठाकुर जी को 'भारत रत्न' सम्मान देने की मांग कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस की केंद्र सरकारों ने उसे नहीं माना। एनडीए सरकार ने ही कर्पूरी ठाकुर जी को 'भारत रत्न' से सम्मानित किया। आज कल कुछ लोग अब स्वयं को जननायक घोषित कर असली जननायक को अपमानित करने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को जननायक कहते हैं।



भाजपा प्रवक्ता का तंज

### बाप के लिए शहाबुद्दीन था, तो बेटे के लिए ओसामा



महागठबंधन की ओर से मुस्लिम उपमुख्यमंत्री के नाम को लेकर चल रही चर्चा के बीच भाजपा नेता अजय आलोक ने बड़ा तंज कसा है। अजय आलोक ने सोशल मीडिया पर लिखा-अब बिहार में 'लठबंधन' मुस्लिम उपमुख्यमंत्री के नाम पर 'ओसामा साहेब' पर एकमत है। बाप के लिए शहाबुद्दीन था, तो बेटे के लिए ओसामा! कोई गलत नहीं-जैसा चरित्र, वैसा एक्शन। भाजपा ने पहले भी महागठबंधन पर अपराधियों को बढ़ावा देने और परिवारवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया है।

### मांझी ने 11 नेताओं को पार्टी से किया निष्कासित



हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) में बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। पार्टी सुप्रीमो जीतन राम मांझी ने एक झटके में अपने 11 नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया। इस फैसले ने ये भी साफ कर दिया है कि मांझी अब पार्टी में किसी भी तरह की अनुशासनहीनता बर्दाश्त करने के मूड में नहीं हैं।

---

## खबर संक्षेप

### पाग विवाद पर मंत्री प्रधान ने मांगी माफी



**दरभंगा।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अलीनगर के पाग विवाद को पार्टी की ओर से दरभंगा एवं मिथिलांचल के समाज से माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि उनकी नादानी और नासमझी के लिए माफी मांगता हूं। केतकी सिंह ने मिथिलांचल के गौरव के प्रतीक 'पाग' को फेंक कर कहा था, मिथिला का गौरव पाग नहीं, मैथिली ठाकुर है।

### महिला नेता ने ब्लॉक प्रमुख को जड़े थप्पड़



**चंडीगढ़।** महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव ममता डोगरा और डड्डूमाजरा ब्लॉक प्रमुख हरजिंदर सिंह प्रिंस के बीच व्हाट्सएप ग्रुप में फोटो को लेकर शुरू हुई बहस इतनी बढ़ी कि मामला थाने पहुंच गया। गुस्से में आई ममता डोगरा ने मलोया थाने में ही अपनी ही पार्टी के ब्लॉक प्रमुख को थप्पड़ जड़ दिया, जिसके बाद थाने में हंगामा मच गया।

### प्रसाद खाने के बाद महिला की मौत, 12 लोग बीमार



**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के हाथरस से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां मंदिर में प्रसाद खाने से एक महिला की मौत हो गई है और 12 लोग बीमार हो गए हैं। इस घटना के सामन आने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना हाथरस जिले के सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के माधुरी गांव का है। इससे यहां के लोग डरे- 0सहमे हैं।

### राम मंदिर में चढ़ेगा 22 गुणा 11 फीट का ध्वज



**लखनऊ।** अयोध्या एक बार फिर सजने वाली है। प्रधानमंत्री अयोध्या से ध्वजारोहण कर राम मंदिर के पूर्णता का संदेश पूरे विश्व को 25 नवंबर को देंगे। ध्वज केसरिया रंग का होगा, जिसकी लंबाई 22 फीट और चौड़ाई 11 फीट होगी। ध्वज पर रामायण कालीन कोबेदार वृक्ष होगा। इस पर ओमकार और सूर्य का चिन्ह भी होगा।

---

## दिल्ली एम्स के दीक्षांत समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा

# भारत स्वास्थ्य क्षेत्र में नए आयाम छू रहा युवा डॉक्टर सहानुभूति के साथ सेवा करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को दिल्ली एम्स के 50वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस दौरान, उन्होंने छात्रों को बधाई दी और भारत में चिकित्सा विज्ञान, शिक्षा और रोगी देखभाल को आगे बढ़ाने में एम्स के अद्वितीय योगदान की सराहना की। नड्डा ने युवा डॉक्टरों से आग्रह किया कि वे सहानुभूति के साथ सेवा करें, नैतिकता के उच्चतम मूल्यों को बनाए रखें और देश की उभरती स्वास्थ्य देखभाल जरूरतों को पूरा करने के लिए नवाचार का उपयोग करें। दिल्ली एम्स के बारे में नड्डा ने कहाल कि चिकित्सा विज्ञान, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एम्स ने न सिर्फ भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है। भारत के स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में पिछले दशक में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा कि पिछली सदी के अंत में देश में सिर्फ एक एम्स था, जबकि आज पूरे भारत में 23 एम्स कार्यरत हैं। यह सरकार की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और चिकित्सा प्रशिक्षण देश के हर क्षेत्र तक पहुंचें।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 50वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने छात्रों को सम्मानित किया और उनसे देश में ही स्वास्थ्य सेवा देने का आग्रह किया। नड्डा ने एम्स के योगदान की सराहना की और छात्रों को भारत में सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे देश की स्वास्थ्य प्रणाली मजबूत हो सके। छात्रों ने देश सेवा का संकल्प लिया।

### चिकित्सा विज्ञान, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एम्स ने वैश्विक पहचान बनाई

### 11 वर्ष में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 819 पर पहुंची



उन्होंने बताया कि पिछले 11 सालों में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 819 हो गई है। इसी प्रकार, अंडर ग्रेजुएट मेडिकल सीटें 51 हजार से बढ़कर 1.29 लाख और पोस्ट ग्रेजुएट सीटें 31 हजार से बढ़कर 78 हजार हो गई हैं। नड्डा ने यह भी बताया कि अगले 5 सालों में अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर अतिरिक्त 75 हजार सीटें जोड़ी जाएंगी।

### भारत ने मातृ और शिशु स्वास्थ्य क्षेत्र में भी प्रगति की, मातृ मृत्यु दर तेजी से घटी

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने बताया कि भारत ने मातृ और शिशु स्वास्थ्य क्षेत्र में भी प्रगति की है, जहां एसआरएस के आंकड़ों के अनुसार, मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 130 से घटकर 88 और शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) 39 से घटकर 27 हो गई है। 5 साल से कम आयु की मृत्यु दर (यूएमआर) और नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) में भी क्रमशः 42 प्रतिशत और 39 प्रतिशत की कमी आई है, जो वैश्विक औसत से अधिक है।

**भारत में टीबी के मामले 17.7 % घटे**

द लैंसेट रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि भारत में टीबी के मामलों में 17.7 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो वैश्विक दर 8.3 प्रतिशत से लगभग दोगुनी है। समारोह के दौरान 326 स्नातकों को उपाधियां दी गईं, जिनमें 50 पीएचडी स्कॉलर, 95 डीएम-एमसीएच विशेषज्ञ, 69 एमडी, 15 एमएस, 4 एमडीएस, 45 एमएससी, 30 एमएससी (नर्सिंग) और 18 एम.बायोटेक स्नातक शामिल थे। इसके अलावा, एम्स में उनके योगदान और समर्पित सेवा के लिए 7 डॉक्टरों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

### 7 विशिष्ट लोगों को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिए

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने स्वास्थ्य सेवा और अनुसंधान में योगदान के लिए चिकित्सा जगत के 7 विशिष्ट लोगों को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया। वहीं स्नातक व स्नातकोत्तर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 11 छात्रों को मेडल व सात को पुस्तक पुरस्कार से नवाजा गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश के स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से वृद्धि हो रही है। अब हमारे डाक्टरों को विदेश जाने की जरूरत नहीं। उन्होंने उपाधि पाने वाले 326 मेडिकल छात्रों से देश में ही स्वास्थ्य सेवा, शोध और अकादमिक में योगदान की अपील की।

### एम्स की प्रतिष्ठित विरासत और ब्रांड को बनाए रखें

स्वास्थ्य मंत्री ने स्नातक छात्रों से अनुरोध किया कि वे शिक्षा और अनुसंधान में सक्रिय रूप से योगदान दें तथा अपने पेशेवर और नैतिक आचरण में उत्कृष्टता के माध्यम से एम्स की प्रतिष्ठित विरासत और ब्रांड को बनाए रखें। उन्होंने छात्रों को आजीवन शिक्षार्थी और नवप्रवर्तक बने रहने, चिकित्सा विज्ञान को आगे बढ़ाने और समाज की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

---

### सतारा जिले में कथित दुष्कर्म मामला

## रिश्तेदारों ने फांसी देने को कहा, सियासत गरमाई



एजेंसी ▶▶ सतारा

महाराष्ट्र के सतारा जिले में कथित तौर पर दुष्कर्म और उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या करने वाली महिला डॉक्टर के रिश्तेदारों ने मांग की है कि सुसाइड नोट में जिन लोगों के नाम का जिक्र है, उन्हें फांसी की सजा दी जाए। सतारा के फलटण शहर में एक सब-डिस्ट्रिक्ट अस्पताल में तैनात 28 साल की डॉक्टर ने गुरुवार को एक होटल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला डॉक्टर ने अपनी हथेली पर एक नोट छोड़ा, जिसमें उसने एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर पर दुष्कर्म करने और एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर पर मानसिक रूप से उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे ने डॉक्टर की आत्महत्या मामले को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधा। दानवे ने एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'लाडकी बहिन' से ज्यादा महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है।

### डॉक्टर पर रिपोर्ट बदलने का डाला जाता था दबाव

एक रिश्तेदार ने आरोप लगाया कि उसने उत्पीड़न के बारे में कई बार शिकायत की थी, लेकिन उसकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया गया। एक अन्य रिश्तेदार ने कहा कि पुलिस ने हमें घटना (आत्महत्या) के बारे में बताया और हम अस्पताल गए (जहां शव लाया गया था)। एक डॉक्टर होने के नाते, मैंने उनसे कहा कि मैं पोस्टमार्टम के समय मौजूद रहूंगा। उस समय मैंने उसकी हथेली पर सुसाइड नोट देखा और यह बात पुलिस को बताई। मैंने सुझाव दिया कि फोरेंसिक विशेषज्ञों को पोस्टमार्टम करना चाहिए। एक तीसरे रिश्तेदार ने दावा किया कि पीड़िता पर अस्पताल में मेडिकल रिपोर्ट बदलने का दबाव डाला जा रहा था जहां वह काम करती थी।

### टीएमसी ने भाजपा की चुप्पी पर उठाए सवाल

महाराष्ट्र में महिला डॉक्टर की आत्महत्या के मामले को लेकर टीएमसी ने भाजपा पर निशाना साधा है। टीएमसी ने सतारा की घटना पर भाजपा की चुप्पी पर सवाल उठाए। तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को हैरानी जताई कि क्या भगवा पार्टी अब भावनात्मक रूप से कंगाल हो गई है? पश्चिम बंगाल की मंत्री और टीएमसी की राष्ट्रीय प्रवक्ता शशि पांजा ने कहा कि अगर ऐसी घटना पश्चिम बंगाल में हुई होती तो बहुत हंगामा होता।

---

### कुरनूल में बस में आग की घटना

## 234 स्मार्टफोन्स के साथ 46 लाख के पार्सल से आग भड़की

एजेंसी ▶▶ कुरनूल



आंध्र प्रदेश के कुरनूल में बस में आग लगने की घटना में एक हैरान करने वाला खुलासा हुआ है। फोरेंसिक विशेषज्ञों का मानना है कि है जिस बस में आग लगी, उसमें 234 स्मार्टफोन्स का एक पार्सल रखा था। जब बस में आग लगी तो इन स्मार्टफोन्स की बैटरियों में धमाका हुआ, जिससे आग और भीषण हो गई और लोगों को बचने का समय नहीं मिल पाया।

### पार्सल बना जानलेवा

हैदराबाद के एक व्यापारी ने 234 स्मार्टफोन्स का एक पार्सल बस में रखवाया था। यह पार्सल बेंगलुरु में ई-कॉमर्स कंपनी के पास जाना था, जहां से ये स्मार्टफोन्स ग्राहकों को डिलीवर होने थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब बस में आग लगी तो उन्होंने धमाके की आवाज सुनी। फोरेंसिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह धमाका स्मार्टफोन्स की बैटरियों के फटने से हुआ होगा। इससे तेजी से आग ने बस को अपनी चपेट में लिया और लोगों को बचने का मौका नहीं मिला। शुक्रवार को कुरनूल में हुए बस अग्निकांड में 20 लोगों की मौत हुई है।

---

### निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण पर कहा

## तमिलनाडु में अगले सप्ताह से शुरू होगा एसआईआर कार्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार के बाद अब तमिलनाडु में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारियां कर ली गई हैं। निर्वाचन आयोग ने मद्रास हाईकोर्ट को जानकारी दी कि वह तमिलनाडु समेत चुनावी राज्यों में एसआईआर का अभियान अगले हफ्ते से शुरू करेगा। आयोग ने चीफ जस्टिस मनींद्र मोहन श्रीवास्तव और जस्टिस जी. अरुलमुरुगन की बेंच को बताया कि यह प्रक्रिया तमिलनाडु में भी हफ्ते भर के अंदर शुरू की जाएगी।

**शिकायतों पर दिया जाएगा ध्यान**

### चुनाव आयोग ने मद्रास हाईकोर्ट को दी जानकारी



### सूची को किया जाएगा व्यवस्थित

उनका यह भी आरोप है कि जहां 13,000 समर्थकों के नाम हटा दिए गए हैं, वहीं मृत व्यक्तियों के नाम अब भी सूची में बने हुए हैं। सत्यनारायण का आरोप है कि इससे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) को फायदा हुआ। पूर्व विधायक ने अदालत से अपील की कि 2026 विधानसभा चुनावों से पहले टी. नगर निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची का पूर्ण पुनरीक्षण किया जाए और गलत एंट्रीज को हटाकर अंतिम सूची जारी की जाए।

### निर्वाचन आयोग ने दिया एसआईआर के जरिए जांच का भरोसा

निर्वाचन आयोग ने अदालत को भरोसा दिया कि प्रस्तावित एसआईआर के दौरान याचिकाकर्ता की शिकायत पर विचार किया जाएगा। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की मांग स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई अगले हफ्ते तक के लिए स्थगित कर दी और आयोग को निर्देश दिया कि बिहार एसआईआर से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की कॉपी पेश की जाए।

### एआईएडीएमके नेता की शिकायत को परखेंगे

हाईकोर्ट को ईसी की तरफ से यह जानकारी ऐसे समय में दी गई है, जब ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एआईएडीएमके) पार्टी के पूर्व विधायक बी. सत्यनारायणन की याचिका पर सुनवाई जारी है। पूर्व विधायक का आरोप है कि चेन्नई के टी. नगर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव अधिकारियों ने लगभग 13,000 एआईएडीएमके समर्थकों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए। याचिकाकर्ता के अनुसार, 1998 में क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 2,08,349 थी, जबकि 2021 तक यह केवल 36,656 बढ़ी। उन्होंने कहा कि जनसंख्या और मतदाता संख्या में बड़ा अंतर है।

# 30 अक्टूबर से पाकिस्तान बॉर्डर पर युद्धाभ्यास करेंगी तीनों सेनाएं

## 'एक्स त्रिशूल' के लिए नोटम जारी


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने 30 अक्टूबर से 10 नवंबर तक पाकिस्तान बॉर्डर पर होने वाले तीनों सेनाओं के सैन्य अभ्यास 'एक्स त्रिशूल' के लिए नोटिस टू एयरमेन (नोटम) जारी किया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस अभ्यास में भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना करीब के साथ समन्वय के साथ काम करेंगी। सैटेलाइट इमेजरी एक्सपर्ट डेमियन साइमन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर भारत की पश्चिमी सीमा पर नोटम के दृश्य साझा किए और क्षेत्र और अभियानों के पैमाने को असामान्य बताया। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि अभ्यास के लिए रिजर्व एयर स्पेस 28,000 फीट तक फैला हुआ है, जो हाल के सालों में सबसे बड़े ज्वाइंट ऑपरेशनल ड्रिल में से एक है।

*'एक्स त्रिशूल' खाड़ी और रेगिस्तानी क्षेत्रों में आक्रामक युद्धाभ्यास, सौराष्ट्र तट पर जल-थलचर अभियान और खुफिया, निगरानी और टोही, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और साइबर क्षमताओं से जुड़े बहु-क्षेत्रीय अभ्यास शामिल हैं*

अभ्यास के लिए 28,000 फीट तक एयर स्पेस रिजर्व

अभ्यास स्वदेशी रक्षा प्रणालियों के उपयोग पर भी केंद्रित




### मल्टी-डोमेन वॉरफेयर का अभ्यास होगा

*तीनों सेनाएं एक साथ तालमेल स्थापित कर यूनिफाइड ऑपरेशन, डीप स्ट्राइक और मल्टी-डोमेन वॉरफेयर का अभ्यास करेंगी। इस दौरान भारतीय सेना अपने कई नए स्वदेशी हथियारों और हाईटेक सिस्टमों की टेस्टिंग भी करेगी।*

### पाकिस्तान सीमा पर जुटेंगे 30 हजार सैनिक

राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 12 दिन अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा। आर्मी, एयरफोर्स और नौसेना के 30 हजार जवान थार में संयुक्त युद्धाभ्यास करेंगें। इस युद्धाभ्यास के दौरान बॉर्डर कुछ एरिया में कॉमर्शियल फ्लाइट्स के रूट में बदलाव भी हो सकता है। युद्धाभ्यास जैसलमेर के एरिया से लेकर गुजरात के सर क्रीक इलाके तक होगी।

भविष्य के युद्ध की रणनीति पर जोर इस अभ्यास में स्वदेशी प्रणालियों के प्रभावी उपयोग, परिचालन प्रथाओं में आत्मनिर्भरता के अनुप्रयोग का प्रदर्शन, और उभरते खतरों और आधुनिक एवं भविष्य के युद्ध की विकसित प्रकृति से निपटने के लिए रणनीति, तकनीकों और प्रक्रियाओं को परिष्कृत करने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### अत्याधुनिक तकनीकों का परीक्षण होगा

इस युद्धाभ्यास में विशेष रूप से काउंटर-ड्रोन सिस्टम, संचार बाधा (जैमिंग) और ऑटोमैटिक स्पेक्ट्रम मॉनिटरिंग सिस्टम जैसी मॉडर्न तकनीकों का परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा वायुसेना प्रिसिशन स्ट्राइक, एयर डिफेंस इंटरसेप्शन और मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस पर विशेष ध्यान देगी।

### दक्षिणी कमान के सैनिक अहम भूमिका में रहेंगे

*यह अभ्यास भारत की बढ़ती संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और नवाचार को प्रदर्शित करेगा, जो पीएम नरेंद्र मोदी के 'जय' दृष्टिकोण के तीन स्तंभ हैं। दक्षिणी कमान के सैनिक अभियानों का संचालन करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इनमें खाड़ी और रेगिस्तानी क्षेत्रों में आक्रामक युद्धाभ्यास, सौराष्ट्र तट पर जल-थलचर अभियान और खुफिया, निगरानी और टोही, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और साइबर क्षमताओं से जुड़े बहु-क्षेत्रीय अभ्यास शामिल हैं।*

### पाक ने 2 दिन के लिए बंद किया एयरस्पेस

पाकिस्तान ने भारत के सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' के पहले मध्य और दक्षिणी हवाई क्षेत्र को 28 और 29 अक्टूबर को बंद करने का फैसला किया। शनिवार को जारी नोटम (नोटिस टू एयरमैन) के अनुसार, दो दिन हवाई मार्ग उपलब्ध नहीं रहेंगे और उड़ानों पर रोक रहेगी। हालांकि, पाकिस्तान ने इस कदम के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह किसी सैन्य अभ्यास या हथियार परीक्षण से जुड़ा हो सकता है। वहीं, जानकार इसे सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' से जोड़कर देख रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### नेपाल में खाई में गिरी जीप, 8 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के करनाली प्रांत में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां रुकुम पश्चिम जिले के झरमारे इलाके में जीप के खाई में गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं, 10 अन्य लोग घायल बताए गए हैं।



बताया गया है कि 18 लोगों को ले जा रही जीप पहाड़ी इलाके में सड़क से नीचे 700 फीट गहरी खाई में गिर गई। यह हादसा काठमांडू से 500 किलोमीटर दूर, झरमारे में तब हुआ जब जीप मुसीकोट के खलांगा से अथबिस्कोट के स्यालीड़ी जा रही थी। शुरुआती जांच में सामने आया कि सात लोगों की हादसे के बाद मौके पर ही मौत हो गई।

### आईएसआई का खूंखार आतंकी 'टिड्डी' गिरफ्तार

**अमृतसर।** स्टेट स्पेशल आपरेशन सेल ने मनप्रीत सिंह उर्फ टिड्डी नाम के आतंकी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो आईईडी, पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।



पता चला है कि आरोपी मनप्रीत सिंह के आईएसआई के साथ संबंध हैं और वह पिछले चार साल से आईएसआई के लिए काम कर रहा है। यह बरामदगी पुलिस ने कोटला तरखाना गांव के पास से की है। यह गांव थाना कत्थूनगल के अधीन पड़ता है। इससे पहले भी पुलिस ने 3 आतंकी गिरफ्तार किए।

### चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार का किया ऐलान

**लंदन।** बुकर प्राइज फाउंडेशन ने काल्पनिक कहानियों के लिए एक नया चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार शुरू करने का ऐलान किया। इसके विजेता का चयन बाल व वयस्क निर्णायकों की तरफ से संयुक्त रूप से किया जाएगा।




नए पुरस्कार के पहले संस्करण के नामांकन की शुरुआत 2026 में होगी और 2027 से यह प्रतिवर्ष प्रदान किया जाएगा। इसके तहत विजेता को 50 हजार पाउंड यानी करीब 59 लाख रुपए दिए जाएंगे। यह पुरस्कार 8-12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए सर्वश्रेष्ठ समकालीन कथा साहित्य के क्षेत्र में रचना को दिया जाएगा।

### थाईलैंड की क्वीन मदर सिरीकित का निधन

**बैंकाक।** थाईलैंड की क्वीन मदर सिरीकित का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे ग्रामीण गरीबों की मदद, पारंपरिक शिल्प संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा में सक्रिय थीं। शुक्रवार को जारी बयान के मुताबिक बीते 17 अक्तूबर को रक्त संक्रमण की खबर सामने आई थी।



इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई। उनके पति राजा भूमिबोल अदुल्यादेज का 2016 में निधन हो चुका था। उनके बेटे, राजा महा वजिरालोंगकोर्न सहित परिवार के सदस्य उन्हें अस्पताल में देखने गए थे। सिरीकित को जनता में काफी आदर मिला।

## एफएटीएफ की पाक को चेतावनी

# मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग पर हमारी नजर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक आतंक वित्तपोषण पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने कहा है कि पाकिस्तान को यह समझना चाहिए कि अक्टूबर 2022 में उसे 'ग्रे लिस्ट' से बाहर किए जाने का मतलब ये नहीं है कि अब उस पर आतंकवाद की फंडिंग या मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर निगरानी नहीं होगी।



मद्राजो ने कहा कि कोई भी देश जो ग्रे लिस्ट में रहा है, वह अपराधियों की गतिविधियों के प्रति पूरी तरह सुरक्षित नहीं होता। फ्रांस में आयोजित एफएटीएफ की बैठक के बाद संस्था की अध्यक्ष एलिसा दे आंडा माद्राजो ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पाकिस्तान समेत सभी देशों को अवैध आर्थिक गतिविधियों से निपटने के लिए सतर्क और प्रतिबद्ध रहना चाहिए, भले ही उन्हें ग्रे लिस्ट से हटा दिया गया हो। उन्होंने कहा कि कोई भी देश जो ग्रे लिस्ट में रहा है, वह अपराधियों की गतिविधियों के प्रति पूरी तरह सुरक्षित नहीं है – चाहे वे धन शोधन करने वाले हों या आतंकवादी। इसलिए हम सभी देशों से अपील करते हैं कि वे ऐसे अपराधों को रोकने के लिए अपने प्रयास जारी रखें।

### उत्तर कोरिया, ईरान म्यांमार ब्लैकलिस्ट में

दुनियाभर में आतंकवाद के वित्तपोषण और मनी लॉन्ड्रिंग (अवैध धन शोधन) पर निगरानी रखने वाली वैश्विक संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने अपनी ताजा समीक्षा रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में उत्तर कोरिया (डीपीआरके), ईरान और म्यांमार को फिर से 'ब्लैकलिस्ट' में रखा गया है। वहीं, नेपाल समेत 18 देशों को 'ग्रे लिस्ट' में बनाए रखा गया है। एफएटीएफ ने कहा कि इन तीनों देशों की एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग और काउंटर टेररिस्ट फाइनेंसिंग व्यवस्था में गंभीर कमियां हैं। ये देश लगातार अपने वादे पूरे नहीं कर पाए हैं और इससे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली को जोखिम बना हुआ है। इसके साथ ही बुर्किना फासो, मोजाम्बिक, नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका को प्रगति के आधार पर ग्रे लिस्ट से हटा दिया गया है। वहीं, बोलीविया, हैती, लेबनान, ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स (यूके) और यमन ने अपनी रिपोर्ट पेश करने को टाल दिया है।

### एपीजी रख रहा है पाक पर निगरानी

पाकिस्तान को अक्टूबर 2022 में ग्रे लिस्ट से हटाया गया था, लेकिन उस पर यह देखने के लिए निगरानी जारी है कि वह आतंक वित्तपोषण के खिलाफ उठाए गए कदमों को ठीक से लागू कर रहा है या नहीं। चूंकि पाकिस्तान एफएटीएफ का सदस्य नहीं है, इसलिए इस पर निगरानी का काम एशिया पैसिफिक ग्रुप (एपीजी) कर रहा है। भारत की 'नेशनल रिस्क असेसमेंट रिपोर्ट 2022' ने भी पाकिस्तान को आतंक वित्तपोषण के बड़े स्रोत के रूप में चिन्हित किया है, खासकर उन संगठनों के जरिए जो वहां की सरकारी संस्था 'नेशनल डेवलपमेंट कॉम्प्लेक्स' (एनडीसी) से जुड़े हैं।

## यूएन में भारत ने फिर किया पाकिस्तान को बेनकाब, कहा

# आतंक पोषित राष्ट्र 'मानवाधिकारों' की बात नहीं कर सकता, पाक में सेना देश चला रही

### ♦ अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों में दमन बंद करे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 80वें यूएन दिवस के अवसर पर हुई खुली बहस के दौरान अपने बयान में कहा कि हम मांग करते हैं कि पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जाए इलाकों में जारी मानवाधिकार उल्लंघन को बंद करे।

वहां जनता पाकिस्तानी सेना के कब्जे, शोषण, निर्दयता और प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन के खिलाफ खुलकर विद्रोह कर रही है।

भारत ने तंज कसते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान की अवधारणाओं से पाकिस्तान बिल्कुल अनजान है। जो देश सेना के पीछे रहकर काम करता है, वो लोकतंत्र के मायने नहीं समझ सकता। यूएन में भारत ने यह भी मांग की है कि इस्लामाबाद उन क्षेत्रों में दमन बंद करे, जिन पर उसने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है।

*संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। भारत ने तंज कसते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान की अवधारणाओं से पाकिस्तान बिल्कुल अनजान है। जो देश सेना के पीछे रहकर काम करता है, वो लोकतंत्र के मायने नहीं समझ सकता*

### लोकतंत्र और संविधान से पाकिस्तान अनजान है



### पाक ने भ्रामक बयान दिया

बता दें, 24 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की 80वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर यूएन में 'भविष्य की ओर देखना' विषय पर बैठक और चर्चा हुई। इसी बैठक के दौरान पाकिस्तान के स्थाई प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद ने 1948 के प्रस्ताव का जिक्र करते हुए भ्रामक बयान दिया। उन्होंने दावा किया कि जनमत संग्रह" संबंधी सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव पूरा नहीं हुआ है। बता दें, अप्रैल 1948 के प्रस्ताव संख्या 47 में यह मांग की गई थी कि पाकिस्तान अपने सशस्त्र बलों, सुरक्षाकर्मियों और नागरिकों को उन क्षेत्रों से वापस बुला ले जिन पर उसने आक्रमण किया था। लेकिन पाकिस्तान इस अहम बात को भूल गया।

### तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करना पाक की पुरानी आदत

*पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के उल्लंघन में पाकिस्तान के कब्जे और वहां मानवाधिकारों के उल्लंघन का जिक्र किया और इसे तोड़-मरोड़ कर पेश करने के लिए इस्लामाबाद की पुरानी आदत बतलाकर जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सामने आतंकवाद के प्रति उसकी प्रतिक्रिया से ज्यादा कुछ उदाहरण उसके सामने मौजूद चुनौतियों के बारे में नहीं बताते।*

### जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग

पी. हरीश ने जोर देकर कहा कि जम्मू कश्मीर हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहा है और हमेशा रहेगा। जम्मू और कश्मीर के लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक ढांचे के अनुसार अपने मौलिक अधिकारों का प्रयोग करते हैं। हम निश्चित रूप से जानते हैं कि इन अवधारणाओं से पाकिस्तान अनजान है। बेशक ये बातें पाकिस्तान के लिए अजूबा ही हैं।

### युद्ध पर नहीं शांति पर खर्च करें संसाधन

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद से अपील की है कि विकास और शांति के लिए संसाधनों का उपयोग किया जाए। महासचिव गुटेरेस ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र के भविष्य पर सुरक्षा परिषद की एक खुली बहस में यह अपील की। गुटेरेस ने एक किस्से का जिक्र करते हुए कहा कि 1946 में, मतदान से पहले सुरक्षा परिषद की पहली मतपेटी निरीक्षण के लिए खोली गई थी।

### सुधार की मांग उठाई

भारतीय राजदूत पी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र की वैधानिकता, विश्वसनीयता और मौजूदा समय में इसकी जरूरत पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध के बाद हुई और यह अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की उम्मीद था। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ की जरूरतों का असरदार तरीके से जवाब देने के लिए ग्लोबल फैसले लेने वाले ढांचे को ज्यादा लोकतांत्रिक और सबको साथ लेकर चलने वाला होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय सहयोग को तेजी से समाज सेवा के तौर पर देखा जा रहा है और तरक्की को तेजी से सीमित किया जा रहा है। ग्लोबल साउथ के नागरिकों की विकास और उम्मीदों को पूरा करने के लिए जरूरी संसाधनों और तकनीक तक पहुंच कम होती जा रही है। पी. हरीश ने कहा कि ऐसा तरीका जो तरक्की और खुशहाली को वैश्विक नजरिए से नहीं देखता, वह न तो टिकाऊ है और न ही नैतिक तौर पर सही है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 5 दिवसीय एशिया दौरा शुरू

# 8 साल बाद आसियान सम्मेलन में होंगे शामिल अगले सप्ताह जिनपिंग के साथ व्यापार पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार रात वॉशिंगटन से निकलकर पांच दिवसीय एशिया यात्रा पर रवाना हुए। इस यात्रा में वह मलेशिया, जापान और दक्षिण कोरिया जाएंगे। यह जनवरी में पद संभालने के बाद उनकी पहली एशिया यात्रा है और अब तक की सबसे लंबी विदेश यात्रा है।



उनकी यात्रा का सबसे अहम पड़ाव महीने के अंत में होगा, जिसमें वह दक्षिण कोरिया में होने वाले एपेक सम्मेलन में चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से मुलाकात कर सकते हैं। इस बैठक में व्यापार और ताइवान मुद्दे पर चर्चा होने की उम्मीद है।

### यूएस-चीन के अधिकारियों के बीच वार्ता शुरू

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट के मुताबिक, ट्रंप गुरुवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। इससे पहले अमेरिका और चीन के बीच कुआलालंपुर में वार्ता शुरू की। मलेशिया के शीर्ष आर्थिक अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। चीन के शीर्ष व्यापार वार्ताकार ली चेंगगांग भी मौजूदा वार्ता में भाग ले रहे हैं। तीनों अधिकारी अगले गुरुवार को दक्षिण कोरिया में एपीईसी शिखर सम्मेलन में ट्रंप और शी की मुलाकात का रास्ता निकालने की कोशिश करेंगे।


### ताइवान का मुद्दा उठाएंगे

ट्रंप ने संकेत दिया कि वे किसानों के मुद्दे पर विशेष रूप से चर्चा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि एशिया दौरे के दौरान वे ताइवान का मुद्दा भी उठाएंगे।

### आज से भारत-चीन के बीच हवाई उड़ान शुरू

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने दोनों देशों के बीच 26 अक्टूबर से फ्लाइट सेवाओं की बहाली को चीन ने सकारात्मक कदम करार दिया, जो 2.8 अरब लोगों के बीच मित्रवत आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा। भारत ने दो अक्तूबर को घोषणा की थी कि चीन के लिए सीधी फ्लाइट्स 26 अक्टूबर से फिर से शुरू होंगी। इंडिगो ने घोषणा की कि वह 26 अक्टूबर से कोलकाता से गुआंगझौ के लिए फ्लाइट और 10 नवंबर से दिल्ली से गुआंगझौ के लिए उड़ानें फिर से शुरू करेगा। वहीं, चीन की एयरलाइन चाइना ईस्टर्न नौ नवंबर से शंघाई से दिल्ली के लिए उड़ानें शुरू करेगी।

## दिल्ली एयरपोर्ट के नए टर्मिनल 2 का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) के टर्मिनल 2 को आधुनिक तरीके से तैयार किया गया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने एक भव्य समारोह में टर्मिनल 2 का उद्घाटन किया। यह टर्मिनल संचालित हो गया है। टर्मिनल 2 में अत्याधुनिक तकनीक और सुविधाओं को शामिल किया गया है। इसमें सेल्फ-बैगेज ड्रॉप पहली बार टी2 में शुरू की गई इस सुविधा से यात्री स्वयं अपना सामान चेक-इन कर सकते हैं, जिससे कतार में लगने का समय बचेगा। छह नए पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज तेज और सुरक्षित विमान हैंडलिंग के लिए समायोज्य प्लेटफॉर्म के साथ हैं, जिनमें फ्लश डोर और साइड-कवरिंग कुशन डिजाइन सुरक्षा और सुंदरता को बढ़ाते हैं।

## ब्रिटेन पहुंचे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने की मांग

# रूस के तेल पर प्रतिबंध और बढ़ाए यूएस, लंबी दूरी की मिसाइलें भी दे

जेलेंस्की ने यूरोपीय संघ के कई नेताओं से की बात

एजेंसी ▶▶ लंदन

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को अमेरिका से अपील की कि वह रूस की दो तेल कंपनियों पर लगाए गए प्रतिबंधों को बढ़ाकर पूरे रूसी तेल क्षेत्र के लिए लागू करे।

उन्होंने साथ ही अमेरिका से लंबी दूरी की मिसाइलों की भी मांग की, ताकि यूक्रेन की तरफ से रूस के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जा सके। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यह बयान ब्रिटेन के लंदन में दिया। वे यहां यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक में शामिल हुए। यूरोपीय देश के नेताओं और जेलेंस्की की बैठक ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर की मेजबानी में हुई।



ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर के साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की

*20 से ज्यादा नेता वीडियो लिंक से जुड़े*

*ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने की मेजबानी*

### पुतिन पर भड़के यूरोप-नाटो के नेता

जेलेंस्की से बातचीत के बाद ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर ने कहा कि पुतिन ने एक बार फिर बातचीत का मौका ठुकरा दिया है और यूक्रेन की जमीन पर अव्यवहारिक मांगें रखी हैं। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। दूसरी तरफ नाटो प्रमुख मार्क रुट ने कहा कि पुतिन अब पैसे, सैनिकों और विचारों की कमी से जूझ रहे हैं। लंदन में बैठक के दौरान एक संभावित रीएश्योरेंस फोर्स की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई, जो यूक्रेन की रक्षा में मदद करेगी। ब्रिटिश रक्षा मंत्री जॉन हीली ने कहा कि यह आकाश और समुद्र की सुरक्षा करने और यूक्रेनी सेना को प्रशिक्षित करने वाली ताकत होगी।

### रूस का यूक्रेन पर हमला 4 की मौत, 16 घायल

रूस और यूक्रेन के बीच संघर्षविराम की कोशिशों के बीच रूसी सेना ने यूक्रेन के कई हिस्सों में ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए। इन हमलों में 4 लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हुए। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि राजधानी कीव में बैलिस्टिक मिसाइल हमले के दौरान 2 लोगों की मौत हुई और 9 घायल हुए।

### अमेरिकी न्योते पर वॉशिंगटन पहुंचे रूसी प्रतिनिधि

रूसी अधिकारी किरिल दिमित्रिएव शुक्रवार को अमेरिका पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि यह बैठक पहले से तय थी और अमेरिकी पक्ष के आमंत्रण पर हो रही है। वह अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात करेंगे। दिमित्रिएव पहले भी ट्रंप प्रशासन और क्रेमलिन के बीच कई वार्ताओं में शामिल रहे हैं।

## पूर्व सीआईए अधिकारी का बड़ा दावा

# मुशर्रफ ने अमेरिका के हाथों में सौंप दिए थे 'परमाणु हथियार'

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी खुफिया एजेंसी, सीआईए के एक पूर्व अधिकारी जॉन किरियाकू ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि जब मैं 2002 में पाकिस्तान में तैनात था, तो मुझे अनौपचारिक रूप से बताया गया था कि पेंटागन पाकिस्तानी परमाणु शस्त्रागार को नियंत्रित करता है।



परवेज मुशर्रफ ने नियंत्रण संयुक्त राज्य अमेरिका को सौंप दिया है क्योंकि उन्हें इस बात का डर था कि कहीं आतंकियों के हाथों में ये हथियार न पहुंच जाएं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ के साथ इतना करीबी रिश्ता बनाया कि सचमुच उसे खरीद लिया गया।

किरियाकू ने खुलासा किया कि अल-कायदा का संस्थापक ओसामा बिन लादेन, जो 9/11 हमलों के बाद अमेरिका के लिए सबसे खोजा जाने वाला आतंकवादी था, तोरा बोरा की पहाड़ियों से महिला के भेष में भाग निकला था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के कमांडर का अनुवादक वास्तव में अल-कायदा का एजेंट था और वह अमेरिकी सेना में घुसपैठ कर चुका था।

# उड़ने के लिए तैयार फ्लाइंग कार

आसमान में उड़ते हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर को तो हम सबने देखा है। अब बस कुछ ही वर्षों में आस-पास की दूरियों को तय करने के लिए फ्लाइंग कारें भी उड़ती हुई दिखने लगेंगी। कई विदेशी कंपनियां इस दिशा में पूरी तरह रेडी हो चुकी हैं तो अपने देश में भी इस बारे में जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। भविष्य के नए हवाई सफर पर एक नजर।





टीकैब कंपनी चीन की ई20 एयरटैक्सी

कवर स्टोरी
एन. के. अरोड़ा

उड़ने वाली कारें यानी फ्लाइंग कार या रोडेबल एयरक्राफ्ट यानी ऐसी गाड़ियां, जो सड़कों पर चल भी सकें और जरूरत पड़ने पर उड़ान भी भर सकें। अब ये केवल हॉलीवुड की फिल्मों का हिस्सा भर नहीं हैं बल्कि ये हकीकत है। हां, यह बात अलग है कि अभी इसका उपयोग लोगों ने शुरू नहीं किया है। अभी ये कारें सीमित स्तर पर प्रोटोटाइप, परीक्षण, नियामक मंजूरी और टेस्ट फ्लाइट के दौर से गुजर रही हैं। अभी सड़क पर दौड़ने और उड़ान भरने वाली ये कारें, आम लोगों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन चीन, जापान, अमेरिका और यूरोप के कई देशों में ये कारें जल्द से जल्द आम लोगों के घरों के गैराज में दिखने लगेंगी।

**कई स्तरों पर हो रही तैयारी:** साल 2025 के अंत तक दुनिया भर में कई कंपनियां ऐसी



स्काई ड्राइव, जापान की एयरटैक्सी

इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक ऑफ एंड लैंडिंग (वीटीओएल) कारों को पूरी तरह तैयार कर लेंगी, क्योंकि इन कंपनियों की फ्लाइंग कारों की प्रगति महत्वपूर्ण चरणों में है। कुछ देशों और कंपनियों ने तो अपनी कारों की सूची भी सोशल मीडिया पर जारी कर दी है। इस समय दुनिया भर के अलग-अलग देशों में करीब 250 ऐसी कंपनियां हैं, जो उड़ने वाली कारों यानी फ्लाइंग टैक्सियों या वीटीओएल परियोजनाओं पर काम कर रही हैं। कई प्रोटोटाइप पहले ही हवा में उड़ान भर चुके हैं, कुछ मानव पायलट के साथ और कुछ बिना इंसानी ड्राइवर के। उदाहरण के लिए टर्की में सीजेरी का प्रोटोटाइप और जापान में स्काई डाइव का प्रोटोटाइप हवा में उड़ान भर चुका है। कई कंपनियां एयर टैक्सी शुरू करने की बिल्कुल व्यावहारिक योजनाएं बना चुकी हैं, तो कुछ देशों ने सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। कहने का मतलब उड़न कारें



जॉबी एविएशन, अमेरिका की ईवीटॉल

यानी, जमीन और हवा दोनों पर चलने वाली कारें भले अभी दुनिया में आम लोगों के इस्तेमाल में आना शुरू न हुई हों, पर इनके एक साथ पूरी दुनिया में इतनी बड़ी संख्या में प्रोजेक्ट काम कर रहे हैं कि दिन-रात इनके बारे में बातें होना स्वाभाविक है। इनके उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए दुनिया के बड़े-बड़े उद्योगपति इन कारों पर भारी निवेश भी कर रहे हैं।

**कई कंपनिया हैं एक्टिव:** आज दुनिया के जिन देशों में प्रमुख कंपनियां ऐसी फ्लाइंग कारें बनाने में जुटी हुई हैं, उनमें संयुक्त राज्य अमेरिका में जॉबी एविएशन ने एफएए से एयर करियर प्रमाणपत्र हासिल किया है और डेल्टा एयरलाइंस के साथ साझेदारी की है। इसी तरह आर्चर एविएशन ने भी यूनाइटेड एयरलाइंस से 10 मिलियन डॉलर प्राप्त किया है। इसी तरह जेस्टन वन नामक एक व्यक्तिगत उड़न वाहन भी अमेरिका में विकसित किया गया है, जिसकी कीमत 1 लाख 28 हजार डॉलर है और जिसे उड़ाने के लिए किसी पायलट लाइसेंस की जरूरत नहीं है। जबकि चीन एक्सपेंग एयरोहॉट दुनिया की पहली ऐसी कंपनी है, जिसने बिना पायलट के यात्री उड़ानों के लिए नियामक स्वीकृति प्राप्त कर ली है। इसने लैंड एयरक्राफ्ट करियर नामक मॉड्यूलर कार विकसित की है, जिसमें एक फोल्डेबल ईवीटीओएल है। टीकैब टैग कंपनी ने ई-20 नामक मानवयुक्त ईवीटीओएल विकसित की है। इसी तरह ब्राजील ने ईव एयर मोबिलिटी, जापान की स्काई ड्राइव और जर्मनी की लिलियम बोलोकॉप्टर कंपनियों ने भी अपनी-अपनी उड़न कारें विकसित कर ली हैं और इन सबकी हवा में उड़ने और जमीन में जरूरत पड़ने पर चलने वाली ये कारें परीक्षण और अपग्रेडेशन की प्रक्रिया से गुजर रही हैं। इन दिनों इसी काल्पनिक सच को हकीकत में बदलने के लिए विकसित देशों में दर्जनों उड़न कारें अपनी बुनियादी उड़ानें भर रही हैं या दूसरे शब्दों में ट्रेंड हो रही हैं।

**ऐसे आई सुर्खियों में:** फ्लाइंग कारों की चर्चा अचानक इसलिए बढ़ी है, क्योंकि पिछले दिनों दो उड़ने वाली कारें एक फ्लाइंग शो के दौरान हवा में ही टकरा गईं और एक बड़ा हादसा हो गया। यह अलग बात है कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। दरअसल, चीन के जिलिन में बीते 16 सितंबर 2025 की दोपहर को चल रहे चांगचुन एयर शो के दौरान एक्सपेन एयरोहॉट की दो वीटीओएल आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस टक्कर से एक यात्री घायल हो गया, जिसे जानलेवा चोट नहीं लगी। लेकिन इस दुर्घटना की वजह से रातों-रात पूरी दुनिया की आटोमोबाइल इंडस्ट्री में वीटीओएल कारों के किस्से पूरी तरह से छा गए और हर किसी को पता लग गया कि उड़ने वाली कारें अब विज्ञान कथा भर नहीं हैं, वास्तविक जिंदगी का हिस्सा बनने की कगार पर हैं। निकट भविष्य में इनका उपयोग शहरी परिवहन, आपातकालीन सेवाओं और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में बहुत कॉमन हो जाएगा।

**सुरक्षा है बड़ा मुद्दा:** जिस तरह इन दिनों चीन में हुई हवाई दुर्घटना के कारण दो एयर टैक्सियों के आपस में भिड़ जाने पर खूब चर्चा हो रही है, उससे उड़ने वाली कारों यानी ईवीटीओएल की तकनीकी सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। माना जाता है कि ऐसी काल्पनिक कारों का यह पहला मिड एयर कॉलिशन है। लेकिन यह अकेला कारण भी नहीं है, जिसकी वजह से इन उड़न कारों की बातें हो रही हैं। दरअसल, अब नए मॉडल के नई लाइफस्टाइल को सपोर्ट करने वाले शहरों के बसाए जाने की बात भी हो रही है। इन्हीं नए शहरों की जरूरतों को ध्यान में रखकर अर्बन एयर मोबिलिटी पर जबर्दस्त चर्चा हो रही है, क्योंकि भविष्य के शहरों में लोगों के पास इतना समय नहीं होगा कि वे ट्रैफिक में घंटों फंसे रह सकें। इसलिए ऐसी कारों की जरूरत जबर्दस्त ढंग से पैदा होने वाली है, जो हवा में उड़कर मिनटों में एक जगह से दूसरी जगह कई किलोमीटर दूर पहुंच सकती हैं।

सिर्फ सुरक्षा का ही नहीं, वास्तव में इन वाहनों की उड़ान और लैंडिंग की अनुमति भी एक बड़ी समस्या होगी, जिस पर इन दिनों



एक्सपेन एयरोहॉट ईवीटॉल, चीन

सिस्टेमेटिक ढंग से प्लानिंग हो रही है। लोगों को उत्सुकता है कि एयर ट्रैफिक रेगुलेशन, पायलट ट्रेनिंग, बैटरी रिलायबिलिटी, इस तरह की सभी समस्याएं एक-एक करके हल हों ताकि उड़ने वाली कारें अब फिक्शन न रह जाएं।

बहरहाल, विशेषज्ञ कहते हैं कि इस बात में कोई संदेह नहीं है कि सन 2030 तक दुनिया के अनेक बड़े शहरों के आसमान में हवा में उड़ान भरने वाली कारें दिखने लगेंगी। *



## भारत में भी जल्द उड़ेंगी एयरटैक्सी

केवल विदेशों में ही नहीं अपने देश भारत में भी ईवीटॉल विकसित करने में कुछ कंपनियां सक्रिय हैं। डीजीसीए ने पंजाब की एक कंपनी के एयरटैक्सी मॉडल को डिजाइन अप्रूवल सर्टिफिकेट भी दे दिया है। एयरटैक्सी के टेकऑफ और लैंडिंग के लिए वर्टिपोर्ट बनाने की प्लानिंग पर भी काम किया जा रहा है। बेंगलुरु की एक कंपनी भी इस दिशा में एक्टिव है। सब कुछ प्लानिंग के अनुसार फाइनल होने पर वर्ष 2028 तक दिल्ली-एनसीआर में एयर टैक्सी का परिचालन शुरू हो सकता है। इसके बाद कोलकाता, मुंबई जैसे अन्य मेट्रो शहरों में भी एयरटैक्सी चलने की संभावना है।

अवेयरनेस / संध्या सिंह

इन दिनों लगभग रोज ही साइबर फ्रॉड की अनेक घटनाएं घटित हो रही हैं। साइबर क्रिमिनल्स नए-नए तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही आपका भारी आर्थिक नुकसान करा सकती है। इसलिए साइबर वर्ल्ड में हमेशा एलर्ट रहें।



# खूब हो रहा साइबर फ्रॉड न बरतें कोई लापरवाही

आजकल सोशल मीडिया पर साइबर तस्करी, साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी, डीपफेक में काफी बढ़ोत्तरी हो रही है। ऐसी धोखाधड़ी अब आम हो गई है।

**सोशल मीडिया पर फ्रॉड नेटवर्क:** हाल के दिनों में लोगों को व्हाट्सएप पर नकली ई-चालान मिलना, नकली बिजली, पानी, गैस, केबल के बिल मिलने जैसी चीजें आम हो गई हैं, जिनमें व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा जाता है और उसमें यह वॉर्निंग दी जाती



है कि यदि समय पर बिल का भुगतान नहीं किया गया, तो उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा। हड़बड़ी में लोग अकसर व्हाट्सएप में आए उस बिल पर क्लिक कर देते हैं और कुछ समय बाद उन्हें पता चलता है कि उनके खाते से काफी पैसे निकाल लिए गए हैं। यहां तक कि फेसबुक पर भी बहुत रोचक कहानियां बनाकर उन्हें डाल दिया जाता है और जब लोग उन्हें पढ़कर आगे की कहानी जानने के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करते हैं, तो उस लिंक पर कई बार एडल्ट साइट्स से उनका सामना होता है या गलत लिंक पर क्लिक करने के कारण वे साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं।

**हो रहा भारी नुकसान:** साइबर क्राइम अब एक ऐसी समस्या के रूप में सामने आ रहा है, जो हमारा पैसा और मन की शांति दोनों को खत्म कर रहा है। साइबर अपराध पर 254वीं संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट ने इस बात का खुलासा किया है कि साइबर ठगी के जरिए 31,500 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। इस साल साइबर अपराधी एक साथ कई मोर्चों पर सक्रिय हैं। संसदीय रिपोर्ट भी इस बात की पुष्टि करती है कि साइबर अपराधी एक साथ कई हथकंडे आजमा रहे हैं। लोग यह समझते हैं कि इनसे बचने के उपाय, अत्यधिक कुशल हैकर्स का काम है, लेकिन इससे आम लोगों को यह समझना होगा कि उनको नेविगेट करने की क्षमता हम सबमें होनी जरूरी है।

बीते जुलाई माह में गुरुग्राम पुलिस द्वारा एक ऐसे कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया गया, जहां जालसाज वीआईपी नंबर्स और पुलिस स्टेशन की पृष्ठभूमि का एआई द्वारा उपयोग करके वीडियो कॉल पर कानून अधिकारी के रूप में पेश आते थे, जो लोगों को उनके नाम पर एक पैकेट में अवैध वस्तुएं होने का हवाला देकर उन्हें गिरफ्तार कर लेने के लिए डराते थे और उन्हें यह धमकी देते थे कि यदि वह तुरंत अपनी जमानत या वैरीफिकेशन के लिए एक निश्चित राशि का भुगतान नहीं करते, तो उन्हें कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है। पुलिस द्वारा छापे में स्क्रीन स्क्रिप्ट और जाली आईडी मिली, इसके बाद कई गिरफ्तारियां हुईं, जिनका लिंक दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के नेटवर्क से था, जो सीधे भारतीयों को अपना निशाना बना रहे थे।

**जागरूकता है जरूरी:** यह सही है कि आज के दौर में साइबर अपराध इतने जटिल हो गए हैं और लोगों को ठगी का शिकार बनाने के उनके तरीके इतने दबे छिपे होते हैं कि आम लोगों में जागरूकता का अभाव होने के कारण वे सहजता से इसका शिकार हो जाते हैं। मसलन, अगर आपको कोई पुलिस अधिकारी होने का दावा करने वाले का कॉल आता है तो उनसे यह पूछा जा सकता है कि वीडियो कॉल के जरिए भला गिरफ्तारी कैसे हो सकती है? इस तरह की समझदारी और अवेयरनेस से फ्रॉड से बच सकते हैं।

**बिना डरे रहें सजग:** इन जटिल साइबर अपराधों के खिलाफ सुरक्षा के समाधान या तरीके इतने कठिन नहीं है, जितने हम समझते हैं। हमें हर चीज पर सवाल उठाना सीखना होगा और जीरो ट्रस्ट नीति अपनानी होगी। एक बार जब हम ऐसे मामले में जीरो ट्रस्ट नीति अपनाने लगते हैं तो साइबर सुरक्षा आसान




हो जाती है। किसी भी लिंक अटैचमेंट या मैसेज पर जाने से पहले बिना सोचे-समझे क्लिक नहीं करना चाहिए, क्योंकि साइबर जगत में हर अंजान को जांचने-परखने की नीति अपनाएं। किसी भी लिंक पर क्लिक करने से पहले सोचें, विचार करें। वेडिंग इंविटेशन या ई-चालान की पीडीएफ/जेपीईजी फाइल होनी चाहिए, न कि एपीकेएस। एपीकेएस पर क्लिक करने का ही मतलब है आप हैकर को क्लिक कर रहे हैं। किसी को भी अपना ओटीपी या यूपीआई पिन या स्क्रीन शेयर न करें। क्योंकि कानून आपको इन्हें साझा करने के लिए नहीं कह सकता। ऑड यूआरएलएस, नए हैंडल्स, मिस मैच्ड लोगो, भ्रम पैदा करने वाली ईमेल आईडी पर क्लिक न करें। अगर आपके खाते से पैसों की ठगी हो जाती है तो 1930 नंबर पर कॉल करें और अपने बैंक को तुरंत फोन करके इसके बारे में सूचित करें। कुल मिलाकर ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए बिना डरे एलर्ट रहना जरूरी है। *



कविता
आरती आस्था

## छोड़ना

मां छोड़ देती है
सब कुछ
अपने बच्चे के लिए।
वही बच्चा होकर बड़ा
छोड़ देता है
मां को
अपने प्रेम के लिए।
छोड़ते हैं दोनों ही
अपने-अपने प्रेम के लिए।
पर लगाना अनुमान
है लगभग असंभव
किसका छोड़ना
और किसका छूट जाना
होता है
ज्यादा पीड़ादायक।

व्यंग्य / भूपेंद्र भारतीय

# लचकलाल को भी मिले नोबेल पुरस्कार

हर साल अक्टूबर के महीने में नोबेल पुरस्कार का हल्ला रहता है। इस बार भी हल्ला रहा। लचकलाल फिर नोबेल पुरस्कार के लिए बेचैन हुए। वह नोबेल पुरस्कार चाहते हैं, भ्रष्टाचार के मामले में। उनका कहना है, इस क्षेत्र में उनसे अच्छा और श्रेष्ठ कार्य किसी ने नहीं किया है, ना ही कोई कर सकता है। इस क्षेत्र में उन्होंने जितने नवाचार किए हैं, उतने तो अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश ने अपना माल बेचने के लिए विश्व शांति के क्षेत्र में भी नहीं किए होंगे।

लचकलाल का यह कहना है कि भ्रष्टाचार में गोपनीयता के मामले में उन्हें नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए। वह कैसे-कैसे टेबल के नीचे से सेवा शुल्क लेकर जनसेवा करते रहे हैं, वो रिकॉर्ड बने हैं। लचकलाल भ्रष्टाचार में यूपीआई की भी सुविधा ले रहे हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार को ऑन लाइन कर दिया है। उनकी टेबल पर घूस ऑन लाइन भी ली जाती है-जल्द यह तख्ती भी लग सकती है। लचकलाल को लगता है, वे अपनी भ्रष्टाचार की सेवाओं से विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। भ्रष्टाचार को उन्होंने अब शासकीय शिष्टाचार मान लिया है। इस प्रतिभा के पीछे उन्होंने ऐसी दिव्य दृष्टि पाई है कि एक बार में ही वह अच्छे से अच्छे ईमानदार अधिकारी को देखते ही समझ जाते हैं, यह अधिकारी अपनी सेवा कितने में प्रदान करेगा? इसकी सेवा का लाभ कैसे लेना है? इसकी निष्ठा का कितना दाम लगाना है? लचकलाल यह सब अपनी भ्रष्टाचारी दिव्य दृष्टि से कुछ ही दिनों में ताड़ लेते हैं कि साहब टेबल के कितने ऊपर और टेबल के नीचे कितने तक धंसे हैं? लचकलाल ने अपनी इस दिव्य दृष्टि और कला के सहारे बहुत से नवागत अधिकारियों, कर्मचारियों को भी भ्रष्टाचार के मामले में प्रशिक्षित किया है। कोई कितना ही ईमानदार व्यक्ति शासकीय सेवा में 'सेवा परमोधर्मः' की भावना से आए, लेकिन उनकी दिव्य दृष्टि उसे भ्रष्टाचार की कला बहुत ही जल्दी सीखा देती है। इस कला को सीखने के बाद वह नवागत अधिकारी भ्रष्टाचार के दूध में पताशे(बताशे) की तरह घुल जाता है। लचकलाल भ्रष्टाचार की चाशनी बनाने में उसी तरह से दक्ष हैं, जैसे इन दिनों मिस्टर ट्रंप विश्व शांति की चाशनी बनाने के लिए अपनी वैश्विक चम्मच हिला रहे हैं। वह बात अलग है कि चाशनी बन नहीं रही है। इस बार भी तथाकथित विश्व शांतिदूत नोबेल पुरस्कार के लिए चम्मच हिलाते ही रह गए।

> भ्रष्टाचार के लाभ और विशेषताओं पर लचकलाल बड़े-बड़े लेक्चर दे सकते हैं। उनका कहना है कि पहले भी बहुत से मंत्री और जनप्रतिनिधि, भ्रष्टाचार में लिप्त रहते हुए प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान तक में लेक्चर फटकार चुके हैं तो वह भी क्यों नहीं प्रसिद्ध बौद्धिक संस्थानों में लेक्चर दे सकते हैं!




खैर! मिस्टर लचकलाल अपने अभियान में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्हें भ्रष्टाचार की चाशनी बनाने और उसमें से जलेबी निकालने से कोई नहीं रोक सकता है। उनके पास भ्रष्टाचार के मामले में भ्रष्टों का जनाधार है। वे अपनी इस कला से लोकतंत्र की सेवा करना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि इस कला से राष्ट्र निर्माण भी आसानी से किया जा सकता है। कम बजट में सड़कों, पुलों, सरकारी भवनों और सेवाओं का कार्य पूरा हो जाता है। भ्रष्टाचार उनके लिए सरकारी कार्यशैली का अभिन्न हिस्सा है। उसके बगैर अधिकारियों को कार्य करने में मजा नहीं आता और सरकारों को सरकार चलाने में मजा नहीं आता। लचकलाल की मानें तो वह जनता और सरकार के बीच भ्रष्टाचार, पुल का काम करते हैं। भ्रष्टाचार के लाभ और विशेषताओं पर लचकलाल बड़े-बड़े लेक्चर दे सकते हैं। उनका कहना है कि पहले भी बहुत से मंत्री और जनप्रतिनिधि भ्रष्टाचार में लिप्त रहते हुए प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थानों तक में लेक्चर फटकार चुके हैं तो वह क्यों नहीं बौद्धिक संस्थानों में लेक्चर दे सकते हैं! उन्हें लगता है कि वह भ्रष्टाचार विषय के मामले में बुद्धिजीवी बन गए हैं। अब आखिर उन्हें क्यों नहीं इस क्षेत्र में सेवा, शोध और नवाचार के लिए नोबेल पुरस्कार मिले! *



लघुकथा / अलका जैन 'आराधना'

## प्रेरणा

आईआईटी में सेलेक्शन न होने से हताश रौनक, रेल की पटरियों के किनारे चला जा रहा था। एक पल के लिए उसके मन में खुद को खत्म करने का ख्याल आ रहा था। अचानक मम्मी के शब्द उसके कानों में गूंजने लगे, 'रेल की पटरियां रेल को गंतव्य तक पहुंचाती हैं। बेटा, इनसे जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए... क्योंकि वास्तव में चलना ही जिंदगी है।'

रौनक के चेहरे पर मुस्कान आ गई। वह सोच रहा था कि आईआईटी में सेलेक्शन ना होना तो एक पड़ाव भर है, जीवन में और भी बहुत कुछ है करने के लिए। अब वह मुस्कुराते हुए घर वापसी का फैसला कर चुका था। घर पहुंचा तो मम्मी-पापा बेसब्री से उसका ही इंतजार कर रहे थे। दोनों ने एक-साथ उसके कंधे पर हाथ रखा और कहा, 'तुम्हारा पसंदीदा मूंग की दाल का हलवा बनाया है, इसे खाओ और नई राह पर आगे बढ़ने की शुरुआत करो। जिंदगी किसी मोड़ पर खत्म नहीं होती, नई शुरुआत कहीं से भी की जा सकती है।'

रौनक अपने मम्मी-पापा के पैरों में झुक गया। उसे लग रहा था कि रेल की पटरियों ने उसे जीवन से पलायन की नहीं जीवन को गले लगाने की प्रेरणा दे दी। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## प्रेमानुभूति में भीगी कविताएं

प्रेम एक ऐसा विषय है, जिस पर असंख्य कविताएं और कहानियां लिखी जाती रही हैं लेकिन कोई भी रचना इसके बारे में स्थायी या अंतिम सच साबित नहीं हो पाती। दरअसल, यह इंसानी मनोजगत में उपजने वाली भावनाओं से निर्मित ऐसी दुनिया होती है, जिसे हर इंसान अलग तरीके से अनुभूत करता है। सविता सिंह के नए कविता संग्रह 'प्रेम भी एक यातना है' की कविताएं प्रेम के ऐसे ही अनदेखे, अबूझ क्षितिज से हमारा परिचय कराती हैं। यहां उनकी व्यक्तिगत अनुभूतियां बड़ी कोमलता के साथ प्रकृति और समष्टि में समाहित हो जाती हैं। इसी बिंदु पर उनकी कविताओं के व्यापक अर्थ हमारे सामने उद्घाटित होते हैं। प्रेम के जीवन में पदार्पण का मनोहारी बिंब इन पंक्तियों में देख सकते हैं, *'पूरा-पूरा दिन संगीत सा बजता रहता है आजकल/ बेजान दोपहरें भरी रहती हैं तितलियों के रंगों से/ मधुमक्खियों के पंखों से उपजती धुनों से।'* (प्रेम) इसी तरह एक अन्य कविता 'प्रेमरत' की ये पंक्तियां शरीर के स्तर से बहुत गहन मन-आत्मा के किसी तल पर घटित हो रही अनुभूतियों को व्यक्त करती हैं, *'अभी हमारे पास कहने को क्या था/हम तो भाषा में थे ही नहीं/हमारे पास महज अव्यक्त आवाजें थीं कुछ/ शब्द दूर थे हमसे।'* कह सकते हैं, आज के अमानवीय होते जा रहे हिंसा से आक्रांत युग में ये कविताएं, हमारे भीतर कुछ बेहतर बचे रहने की उम्मीद कायम रखने का संबल देती हैं। *




**पुस्तक:** प्रेम भी एक यातना है (कविता संग्रह), **लेखिका:** सविता सिंह, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** राजकमल पेपरबैक्स, नई दिल्ली

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चटाई धूल, 1 विकेट खोकर हासिल किया 237 रनों का लक्ष्य

# सिडनी में गरजा 'रो-को' का बल्ला, 168 रन की अटूट साझेदारी

एजेंसी ▶▶| सिडनी

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने चिर परिचित अंदाज में बल्लेबाजी करके आकर्षक पारियां खेल कर अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया, जिससे भारत ने तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 69 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से करारी शिकस्त दी।

भारत के सामने 237 रन का अपेक्षाकृत आसान लक्ष्य था लेकिन रोहित और कोहली ने इसे बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। रोहित ने 125 गेंद पर नाबाद 121 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और तीन छक्के शामिल हैं। कोहली ने 81 गेंद पर नाबाद 74 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके लगाए। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 168 रन की अटूट साझेदारी की मदद से भारत ने 38.3 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। इस तरह से उसने ऑस्ट्रेलिया की क्लीन स्वीप करने की मंशा पर भी पानी फेर दिया, जो पहले दो मैच जीत कर तीन मैच की श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुका था।

रोहित ने अपने वनडे करियर का 33वां शतक लगाया। यह उनका 50वां अंतरराष्ट्रीय शतक था। पहले दो मैच में खाता खोलने में नाकाम रहे कोहली अधिक प्रतिबद्ध दिखे। वनडे क्रिकेट के बेताज बादशाह ने अपने करियर का 75वां अर्धशतक लगाया। वह वनडे में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले दूसरे नंबर के बल्लेबाज बन गए हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में सर्वाधिक शतक

| | |
|---|---|
| 9 | रोहित शर्मा |
| 9 | सचिन तेंदुलकर |
| 8 | विराट कोहली |
| 6 | डेसमंड हेन्स |

### कम पारियों में वनडे में 33 शतक लगाने वाले भारतीय

| | |
|---|---|
| 195 पारी | विराट कोहली |
| 268 पारी | रोहित शर्मा |
| 286 पारी | सचिन तेंदुलकर |

### 101वीं बार साझेदारी

रोहित और कोहली की जोड़ी वनडे में 101वीं बार साथ बल्लेबाजी करने उतरी। इन दोनों ने वनडे में 101 पारियों में साझेदारी की है और कुल 5300 से अधिक रन बनाए हैं।

### वनडे में 100+ रनों की साझेदारी

| बल्लेबाज जोड़ी | 100+ रन | पारी |
|---|---|---|
| सचिन – सौरव | 26 | 176 |
| दिलशान-संगकारा | 20 | 108 |
| रोहित - कोहली | 19 | 101 |
| रोहित – धवन | 18 | 117 |



### अय्यर बीच मैच चोटिल होकर गए मैदान से बाहर

भारतीय टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर ने एलेक्स कैरी का एके बेहतरीन कैच पीछे दौड़ लगाते हुए पकड़ा। मगर वह इसके बाद काफी दर्द में नजर आए। उन्हें मैदान से बाहर भी तुरंत ले जाया गया। उनकी जगह फील्ड पर सब्सटीट्यूट के रूप में ध्रुव जुरेल आए। अब इस चोट के बाद निश्चित ही टीम इंडिया और भारतीय फैंस की टेंशन बढ़ गई होगी।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श बो अक्षर | 41 | 50 | 5 | 1 |
| हेड का कृष्णा बो सिराज | 29 | 25 | 6 | 0 |
| शॉर्ट का कोहली बो वाशिंगटन | 30 | 41 | 2 | 0 |
| रेनशॉ पगबाधा बो वाशिंगटन | 56 | 58 | 2 | 0 |
| कैरी का श्रेयस बो राणा | 24 | 37 | 1 | 0 |
| कोनोली का कोहली बो राणा | 23 | 34 | 2 | 0 |
| ओवेन का रोहित बो राणा | 01 | 04 | 0 | 0 |
| स्टार्क बो कुलदीप | 02 | 05 | 0 | 0 |
| एलिस का रोहित बो कृष्णा | 16 | 19 | 3 | 0 |
| जम्पा नाबाद | 02 | 05 | 0 | 0 |
| हेजलवुड बो राणा | 00 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 46.4 ओवर में 236/10 रन
गेंदबाजी : मोहम्मद सिराज 5-1-24-1, हर्षित राणा 8.4-0-39-4, प्रसिद्ध कृष्णा 7-0-52-1, कुलदीप यादव 10-0-50-1, अक्षर पटेल 6-0-18-1, वाशिंगटन सुंदर 10-0-44-2

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा नाबाद | 121 | 125 | 13 | 3 |
| गिल का कैरी बो हेजलवुड | 24 | 26 | 2 | 1 |
| कोहली नाबाद | 74 | 81 | 7 | 0 |

अतिरिक्त : 18, कुल : 38.3 ओवर में 237/1 रन
गेंदबाजी : मिचेल स्टार्क 5-0-31-0, जोश हेजलवुड 6-1-23-1, नाथन एलिस 7.3-0-60-0, कूपर कोनोली 5-0-36-0, एडम जम्पा 10-0-50-0, मिचेल ओवन 1-0-2-0, मैथ्यू शॉर्ट 4-0-29-0

### रोहित ने जीता प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब

रोहित शर्मा ने कंगारू टीम के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने ना सिर्फ भारत के लिए बल्कि ओवरऑल भी सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में पहले स्थान पर रहे। उन्होंने 3 मैचों में 101.00 की औसत के साथ 202 रन बनाए जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल रहा। उन्होंने इस दौरान 21 चौके और 5 छक्के भी जड़े और उनका बेस्ट स्कोर 121 रन रहा। रोहित को उनकी बेहतरीन बैटिंग के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया।



### वनडे में पूरे किए 100 कैच

रोहित शर्मा ने कंगारू टीम को दो बल्लेबाजों का कैच लपका और वनडे क्रिकेट में उन्होंने अपने 100 कैच भी पूरे कर लिए। रोहित ने गांगुली की भी बराबरी कर ली, जिन्होंने वनडे में 100 कैच लिए थे साथ ही भारत की तरफ से 100 कैच लेने वाले 7वें फील्डर भी बन गए। भारत के लिए वनडे में सबसे ज्यादा कैच लेने का रिकॉर्ड कोहली के नाम है जिन्होंने अब तक कुल 164 कैच लिए हैं।

### सचिन से आगे निकले कोहली

कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक लगाने के साथ ही लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्वाधिक बार 50+ स्कोर लगाने के मामले में सचिन को पीछे छोड़ दिया है। कोहली ने वनडे में 70वीं बार चेज करते हुए 50+ स्कोर बनाया, जबकि सचिन ने इस दौरान 69 बार 50+ स्कोर किए हैं।

### जैक कैलिस को पीछे छोड़ा

कोहली ने भी मेजबान टीम के दो बल्लेबाजों के बेहतरीन कैच लपके और अब वो इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ गए। कोहली के नाम अब इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 339 कैच हो गए हैं जबकि कैलिस ने कुल 338 कैच लपके थे। इस लिस्ट में 440 कैच के साथ महेला जयवर्धने पहले स्थान पर हैं।

## खबर संक्षेप



### पैरा बैडमिंटन में भगत ने जीते दो स्वर्ण पदक

**विक्टोरिया।** पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत ने दो स्वर्ण पदक जबकि सुकांत कदम ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता, जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलियाई पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 में अपना दबदबा बनाते हुए पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।भगत ने फाइनल में हमवतन मनोज सरकार को 21-15, 21-17 से हराकर पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। इसके बाद उन्होंने कदम के साथ जोड़ी बनाकर पुरुष युगल एसएल3-एसएल4 का खिताब अपने नाम किया। फाइनल में उन्होंने उमेश विक्रम कुमार और सूर्यकांत यादव की हमवतन भारतीय जोड़ी को 21-11, 19-21, 21-18 से हराया।

### जेनेसिस चैंपियनशिप में कट से चूके शुभंकर

**चिओनान (कोरिया)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा दूसरे दौर में तीन-अंडर 68 का कार्ड खेलने के कारण जेनेसिस चैंपियनशिप में कट हासिल करने से चूक गए। दूसरे दौर का स्कोर उनकी खराब शुरुआत की भरपाई के लिए काफी नहीं था, जिससे उन्होंने सत्र का अंत निराशाजनक तरीके से किया। शर्मा ने पहले दौर में छह-ओवर 77 का कार्ड बनाया था। उन्होंने दूसरे दौर में दो बोगी और पांच बर्डी लगाई लेकिन यह कट में दिलाने के लिए काफी नहीं था। मिकाएल लिंडबर्ग चार अंडर 67 के कार्ड से संयुक्त बढ़त बनाए हैं।



### इंटरनेशनल सीरीज के तीसरे दौर में भुल्लर

**मनीला।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज फिलीपींस के तीसरे दौर में 18वें होल पर बोगी करने के बावजूद खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। भुल्लर 67-69-67 के स्कोर के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं और उनका कुल स्कोर 13 अंडर है। वह सैम्पसन झेंग (62), मिगुएल तबुएना (65) और सरित सुवन्नारुत (69) से चार शॉट पीछे हैं। उन्होंने स्टा एलेना गोल्फ क्लब के पहले नौ होल में तीन बार बर्डी लगाई और फिर 13वें, 16वें और 17वें होल में तीन और बर्डी लगाकर दिन का स्कोर छह अंडर तक पहुंचा दिया लेकिन 18वें होल में एक बोगी ने उन्हें थोड़ा पीछे धकेल दिया। भारत के अन्य खिलाड़ियों में करणदीप कोचर (67) 19वें स्थान तथा अजीतेश संधू (72) 50वें स्थान पर हैं।



# मेसी ने हासिल की गोल्डन बूट ट्रॉफी

एजेंसी ▶▶| फोर्ट लॉडरडेल

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में सर्वाधिक गोल करने के लिए गोल्डन बूट ट्रॉफी हासिल करने के बाद भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अर्जेंटीना के इस दिग्गज स्ट्राइकर ने दो गोल किए, जिससे उनकी टीम इंटर मियामी में नैशविले एससी पर 3-1 से जीत के साथ मेजर लीग सॉकर प्लेऑफ में अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। मेसी ने पहले हाफ में डाइविंग हेडर के साथ स्कोरिंग की शुरुआत की और फिर 96वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। इंटर मियामी ने मेसी का तीन साल का अनुबंध बढ़ाने की घोषणा की थी।




### भारत नहीं आएंगे मेसी मैत्री मैच स्थगित

कोच्चि। अर्जेंटीना फुटबॉल टीम और स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी अगले महीने केरल का दौरा नहीं करेंगे। इस दौरे के प्रायोजक ने यह घोषणा की। इससे पहले इस प्रस्तावित फुटबॉल मैच के प्रायोजक एंटो ऑगस्टीन ने केरल के खेल विभाग के साथ मिलकर घोषणा की थी कि मेसी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना की टीम 17 नवंबर को कोच्चि में एक मैत्री मैच खेलेगी। ऑगस्टीन ने अब अपने फेसबुक पेज पर घोषणा की कि यह मैच अगले महीने नहीं होगा। ऑगस्टीन ने लिखा, 'फीफा की अनुमति मिलने में देरी को देखते हुए, अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के साथ चर्चा के बाद इस मैच को नवंबर की विंडो से स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।' उन्होंने कहा कि केरल में यह मैच अगले अंतरराष्ट्रीय सत्र के दौरान आयोजित किया जाएगा और नई तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ लय हासिल करने उतरेगा इंग्लैंड

**विशाखापत्तनम।** इंग्लैंड की टीम पहले ही महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी है लेकिन उसके बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है और इसलिए वह न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले अपने अंतिम लीग मैच में इस विभाग की कमजोरी को दूर करने की कोशिश करेंगे। इंग्लैंड ने कुल मिलाकर टूर्नामेंट में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन कुछ अवसरों पर उसकी बल्लेबाजी ध्वस्त हो गई थी, जो सेमीफाइनल से पहले टीम के लिए चिंता का विषय है। गुवाहाटी में विश्व कप के अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार बार की विजेता टीम की 10 विकेट से जीत इस बात की पुष्टि थी कि अनुभवी नैट स्किवर ब्रंट के नेतृत्व वाली टीम गत विजेता ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने के लिए तैयार है, लेकिन बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ मैच में संघर्ष ने टीम की कमियों को उजागर कर दिया। बांग्लादेश के खिलाफ उसकी टीम चार विकेट से जीत हासिल करने में सफल रही थी, लेकिन इनस्विंगर के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजों की कमजोरी को पाकिस्तान की तेज गेंदबाज फातिमा सना ने उजागर कर दिया था।

## चीन में भारत के खिलाड़ियों का जलवा लक्ष्य राजेश सहित चार सेमीफाइनल में




एजेंसी ▶▶| चेंगदू (चीन)

लक्ष्य राजेश ने शीर्ष वरीयता प्राप्त ललिता सत्तयाथाडाकून को हराकर बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत के कुल चार खिलाड़ियों ने एकल वर्ग के अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की।

दिन का मुख्य आकर्षण लक्ष्य रही, जिन्होंने अंडर-17 बालिका एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त ललिता को 11-21, 21-16, 21-19 से हराया। भारत की एक अन्य खिलाड़ी छठी वरीयता प्राप्त दीक्षा सुधाकर भी अंतिम चार में पहुंच गई है। उन्होंने इंडोनेशिया की रईस्या अफ्फातुनिसा को 21-17, 21-8 से हराया। लड़कों के एकल वर्ग में जगशेर सिंह खंगुरा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हांगकांग चीन के झान शिंग युई को सीधे गेम में 21-13, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत के जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश अपने चीनी प्रतिद्वंद्वियों के रिटायर होने के बाद अंडर-17 मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंच गए।

पैन पैसिफिक ओपन

## पीठ दर्द के कारण टूर्नामेंट से हटीं एलेना रायबाकिना



एजेंसी ▶▶| टोकियो

कजाखस्तान की एलेना रायबाकिना ने पीठ की समस्या के चलते सेमीफाइनल से पहले शनिवार को पैन पैसिफिक ओपन से हटने का फैसल किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जीत के एक दिन बाद पीठ की समस्या का हवाला दिया।

क्वार्टरफाइनल में उनकी जीत के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए आखिरी बची जगह पक्की हो गई थी। 2022 विम्बलडन चैंपियन को टोकियो टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में लिंडा नोस्कोवा का सामना करना था। रायबाकिना ने एक बयान में कहा, 'मुझे बहुत दुख है कि मैं आज नहीं खेल सकती। मेरी पीठ में समस्या हो रही है।' रायबाकिना ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में विक्टोरिया म्बोको को 6-3, 7-6 (4) से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए आठवां और आखिरी स्थान हासिल कर लिया। रायबाकिना ने अगले महीने सऊदी अरब में होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए मीरा एंड्रीवा को पीछे छोड़ते हुए आठवां स्थान हासिल किया था। डब्ल्यूटीए फाइनल्स एक से आठ नवंबर तक खेला जाएगा, जिसमें रायबाकिना शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, इगा स्वियातेक, कोको गॉफ, अमांडा अनिसिमोवा, मैडिसन कीज, जेसिका पेगुला और जैस्मीन पाओलिनी के साथ शामिल होंगी।

### इंटरनेशनल पोलो कप मैच...



नई दिल्ली। जयपुर पोलो ग्राउंड में इंटरनेशनल पोलो कप मैच के दौरान भारत और अर्जेंटीना के खिलाड़ी मुकाबला करते हुए।

### सोनिया ने रचा इतिहास, डब्ल्यूएनबीए में बनीं पहली भारतीय मुख्य कोच

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल की सोनिया रमन ने सिएटल स्टॉर्म का मुख्य कोच बनकर डब्ल्यूएनबीए (महिला नेशनल बास्केटबॉल लीग) में नया इतिहास रच दिया है। वह इस प्रतियोगिता में किसी टीम की मुख्य कोच बनने वाली भारतीय मूल की पहली व्यक्ति हैं। रमन पिछले सत्र में न्यूयॉर्क लिबर्टी में सहायक कोच बनने से पहले चार साल तक एनबीए के मेम्फिस ग्रिजलीज में सहायक कोच थीं। वह डब्ल्यूएनबीए में मुख्य कोच बनने वाली भारतीय मूल की पहली कोच होगी। सिएटल ने पिछले महीने कोच नोएल क्विन को बर्खास्त कर दिया था। इस नियुक्ति के साथ न्यूयॉर्क एकमात्र ऐसी टीम है, जिसके पास अभी भी कोई मुख्य कोच नहीं है। रमन का कोचिंग करियर एमआईटी से शुरू हुआ, जहां वह 2008 से 2020 तक मुख्य कोच रहीं। उन्होंने इस स्कूल को दो बार डिवीजन तीन एनसीएए टूर्नामेंट में पहुंचाया और प्रतियोगिता के इतिहास में सबसे सफल कोच बनी।



## भारत और बांग्लादेश में भिड़ंत आज दोपहर 3 बजे से

# गलतियों से सीखकर नई शुरुआत करेगा भारत

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुका भारत इस महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले अपने अंतिम लीग मैच में अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करेगा।

इंदौर में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मुकाबले का विजेता अंक तालिका में शीर्ष पर रहेगा और 30 अक्टूबर को सेमीफाइनल में भारत से भिड़ेगा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करने पर भी भारत चौथे स्थान पर ही रहेगा। भारत बांग्लादेश पर जीत से अधिकतम आठ अंक तक पहुंच सकता है, लेकिन वह इंग्लैंड से पीछे रहेगा, जो नौ अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और यदि वह रविवार को न्यूजीलैंड को हरा देता है तो उसके अंकों की संख्या 11 हो जाएगी।



### न्यूजीलैंड के खिलाफ झोंकी पूरी ताकत

भारतीय टीम पर एक समय सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन उसने पिछले मैच में न्यूजीलैंड की चुनौती को विफल करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी और वर्षा से प्रभावित मुकाबले में 53 रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया। यह मुकाबला हालांकि उनकी पूरी तरह से परीक्षा नहीं ले पाया। भारत ने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाया और स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल के शतकों की मदद से 49 ओवरों में तीन विकेट पर 340 रन बनाए। जेमिमा रोड्रिग्स ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 76 रन की पारी खेलकर टीम को जरूरी गति प्रदान की।

### बड़ी पारी खेलने के लिए उत्सुक होगी हरमनप्रीत

बारिश के कारण न्यूजीलैंड के सामने 44 ओवर में 325 रन बनाने का लक्ष्य रखा गया लेकिन उसकी टीम आठ विकेट पर 271 रन ही बना सकी। रेणुका सिंह ठाकुर ने शुरू में दो विकेट लेकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। रविवार को भी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। ऐसे में भारत अगर पहले बल्लेबाजी करता है तो वह बड़ा स्कोर बनाना चाहेगा तथा उसके बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलना चाहेंगे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर अभी तक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है और वह सेमीफाइनल से पहले बड़ी पारी खेलने के लिए उत्सुक होगी। अभी तक इंदौर में इंग्लैंड के खिलाफ हरमनप्रीत की 70 रन की पारी ही एकमात्र उल्लेखनीय पारी रही है।




# जबलपुर में 41 लाख के सोने-चांदी के जेवर और नगदी बरामद, छिंदवाड़ा में लौटाए 1 करोड़ के मोबाइल फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा राज्य में चोरी, नकबजनी, लूट और झपटमारी जैसे संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सघन और सतत अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। प्रदेशभर के पुलिस अधीक्षकों को इन अपराधों की रोकथाम, निगरानी और पुनरावृत्ति रोकने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इसी अभियान के तहत जबलपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता दर्ज करते हुए पूर्व मकान मालकिन के घर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उससे 41 लाख मूल्य के सोने-चांदी के जेवर और 61,000 नकदी बरामद की है। थाना गोरखपुर अंतर्गत 77 वर्षीय लक्ष्मी शर्मा, निवासी इंद्रा स्कूल के पास, गोरखपुर, के घर से सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी की गई थी। पुलिस ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी की पहचान की। आरोपी को छत्तीसगढ़ के कोंडा जिले से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार करते हुए चोरी किया गया माल अपने नानी के घर ग्राम केमला में छिपाने की बात कबूल की।

## 3 सप्ताह में अब तक लौटाए गए 1,650 से अधिक मोबाइल

साइबर सेल की सक्रियता और संवेदनशीलता के परिणामस्वरूप गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। छिंदवाड़ा पुलिस का अनूठा दीपावली उपहार दीपावली पर्व के अवसर पर छिंदवाड़ा पुलिस ने नागरिकों को एक विशेष पुलिसीय उपहार दिया है। 42 लाख 15 हजार मूल्य के 201 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे गए हैं। ये मोबाइल फोन जिले के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों और बाहरी राज्यों से खोजे गए थे। वर्ष 2025 में अब तक छिंदवाड़ा पुलिस कुल 904 मोबाइल फोन (कुल मूल्य 1 करोड़ 71 लाख 66 हजार) बरामद कर नागरिकों को लौटा चुकी है।

## तलवार लेकर घूम रहा आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद पुलिस ने तलवार लेकर घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक इलाके में तलवार लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही ईदगाह हिल्स चौकी प्रभारी एसआई माधव सिंह परिहार टीम को लेकर मौके पर पहुंचे और संदेही युवक नासिर (45) निवासी मदर इंडिया कालोनी को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास एक तलवार रखी मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। उसके खिलाफ पूर्व से सार्वजनिक स्थान पर गाली गलौच करने, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने, अवैध हथियार रखने जैसे अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इधर निशातपुरा पुलिस ने करोंद इलाके से असफाक खान से तलवार और राजीव नगर के पास आसू खान से छुरी बरामद की है। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया गया है।

## कुल्हाड़ी से हमला, मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी

**भोपाल।** रातीबड़ इलाके में ग्राम खपरी में गाली देकर कुल्हाड़ी से हमला और मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी दी है। फरियादी की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इधर छोला मंदिर इलाके में गाली देकर मारपीट का मामला सामने आया है। युवक पर छुरी से हमला करके आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। रातीबड़ पुलिस ने बताया कि 19 वर्षीय आशीष मारण पिता लक्ष्मी नारायण नारायण ग्राम खापरी में रहता है। वहीं पास में रहने वाले सचिन, रामस्वरूप, सौरभ और मुन्नीबाई एक साथ उसके पास आए। किसी पुराने विवाद की वजह से आपस में बहस होने लगी। इसी बीच आरोपियों ने आशीष पर हमला कर दिया। उसके हाथ पैर पर गंभीर चोट आई है। हमला करने के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। इसके बाद आशीष ने रातीबड़ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वही छोला मंदिर इलाके में मोहित गोयल पिता श्याम के साथ भी मारपीट और गाली गलौज का मामला सामने आया है। आरोपी आकाश पवार यश पवार और हर्ष पवार ने गाली देकर जानलेवा हमला किया। मोहित के हाथ और पीठ पर चाकू से वार करके फरार हो गए। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# सुनो नगर सरकार

## तो हो जाएगा तबादला

अभी तक नगर निगम का स्वास्थ्य अमला अतिक्रमण, गंदगी, सीएंडडी वेस्ट व अन्य लापरवाही मिलने पर जुर्माना और स्पॉट फाइन करता था, लेकिन अब उन्हें अपने क्षेत्र में सफाई पर भी पूरा ध्यान देना पड़ रहा है, वरना तबादला होना तय है। दरअसल बीते दिनों निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने सफाई संबंधी काम में लापरवाही बरतने पर जोन नंबर— 13 के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी बिजेन्द्र गुप्ता को तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया। उन्हें गोविन्दपुरा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर पदस्थ कर दिया। इस तबादले के बाद निगम के स्वास्थ्य विभाग से जुडे सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी डरे हुए हैं कि कब उनके वार्ड और जोन में कमिश्नर मैडम कब आ जाएं और कहीं कमी दिखे तो तबादला हो जाए। हालांकि निगम में तबादलों का दौर शुरू हो गया है।

## सियासी पकड़ अब नहीं आएगी काम

दरअसल लंबे समय तक निगम में अजीबो—गरीब प्रथा चल रही थी। योग्य होते हुए भी कर्मचारी अपने से कम योग्य लोगों के अधीन काम कर रहे थे। सियाबी रुत्बे के चलते अहम पद पर काबिज होना आम बात थी, लेकिन यह प्रथा निगम में बदलना शुरू हो गई है। योग्य एवं अनुभवी लोगों को पदस्थ करने का सिलसिला शुरू हो गया है। सहायक राजस्व निरीक्षकों को वार्ड प्रभारी बनाने के आदेश होना इसकी ओर इशारा भी कर रहा है। बात सही भी है, संपत्ति कर की गणना तो जानकार लोग की कर सकते हैं। यही कारण है कि राजधानी में संपत्ति कर की गणना बीते दो साल में सैंकडों लोगों को दोबारा करवाना पड़ी।

-एमएम सिद्दीकी

## राजधानी में तीन लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** राजधानी में बीते 24 घंटों के दौरान 3 लोगों ने फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि तनाव के चलते यह कदम उठाया। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। कमलानगर पुलिस ने बताया कि आकाश वाल्मिक पुत्र राजेश (28) बापू नगर में रहता था। उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उधर, रातीबड़ के ग्राम छपरी में रहने वाले 28 वर्षीय राकेश अहिरवार शनिवार सुबह फांसी के फंदे पर झूल गया। गुनगा पुलिस ने बताया कि पर्वत सिंह अहिरवार पुत्र काशीराम अहिरवार (45) ग्राम कलारा में रहता था । वह खेती-किसानी करता था। कल दोपहर उसने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक ने किया निरीक्षण

# यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं, स्टेशन के सौंदर्य को लेकर बारीकी से मूल्यांकन

## भोपाल मेट्रो प्राथमिकता कॉरिडोर पर सुभाष नगर से रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन तक किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने शनिवार को सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन तक निरीक्षण किया। उन्होंने मेट्रो स्टेशनों पर चल रहे कामों की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया और आगामी सीएमआरएस के निरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं, स्टेशन की सौंदर्यात्मकता और संचालनात्मक समन्वय की स्थिति का विस्तार से मूल्यांकन किया।

निरीक्षण के दौरान प्रबंध संचालक ने विशेष रूप से यात्री सुरक्षा एवं मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध खाली स्थलों के बेहतर उपयोग के लिए योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए ताकि इन क्षेत्रों का उपयोग यात्री सुविधाओं, हरियाली, व्यावसायिक अवसरों और जनसुविधाओं के रूप में किया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों, कॉन्ट्रैक्टर्स एवं सिस्टम इंटीग्रेशन टीमों को समन्वयपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए ताकि मेट्रो संचालन की दिशा में कोई तकनीकी बाधा न रहे। निरीक्षण के दौरान एमपीएमआरसीएल के वरिष्ठ अधिकारी, संबंधित कॉन्ट्रैक्टर्स और जनरल कंसल्टेंट के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



### प्रत्येक स्टेशन पर सभी मानक कार्य समय सीमा में हों पूर्ण

मेट्रो स्टेशनों पर चल रहे कार्यों का भी किया अवलोकन

आगामी सीएमआरएस निरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा की

श्री चैतन्य ने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक स्टेशन पर महत्वपूर्ण सिविल, सिस्टम कार्य जैसे लिफ्ट-एस्कलेटर टेस्टिंग, टिकटिंग एरिया, फायर सेफ्टी, लाइटिंग और साइनज, फिनिशिंग आदि कार्यों को प्राथमिकता से सुनिश्चित करें ताकि आगामी सीएमआरएस निरीक्षण के पूर्व सभी मानक कार्य समय सीमा में हों।

### स्टेशन पर सुरक्षा तैयारियों की हुई मॉकड्रिल

राजधानी में मेट्रो के संचालन के पूर्व शनिवार को सुरक्षा और आपदा प्रबंधन की तैयारियों का आंकलन करने के उद्देश्य से शनिवार को एमपी नगर मेट्रो स्टेशन पर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सुरक्षा तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए की गई मॉक ड्रिल में एसडीईआरएफ एमपी, पुलिस, अग्निशमन विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों ने भागीदारी की। मॉक ड्रिल के दौरान आपात स्थिति उत्पन्न होने पर उससे निपटने, राहत, बचाव टीमों की तत्परता जैसे दृश्यों पर रिहर्सल हुई। पुलिस और अग्निशमन दल ने भी मिलकर पूरे स्टेशन परिसर को सुरक्षित करने, भीड़ नियंत्रण और आपात मार्गों के प्रबंधन की रणनीति का अभ्यास किया।

# एसी बस में आग लगी तेजी से उठीं लपटें बस के कांच तोड़कर यात्रियों को निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में शनिवार रात एक भीषण हादसा हो गया। शिवपुरी जिले के पिछोर से इंदौर जा रही एक यात्री बस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बस पूरी तरह जल गई। घटना अशोकनगर जिले के ईसागढ़ रोड पर बमनावर गांव के पास रात करीब 8 बजे की है।

बस कमला ट्रैवल्स की थी और उसमें इंदौर जाने वाले यात्री सवार थे। आग लगते ही बस में अफरा-तफरी मच गई। बस में सवार एक पुलिसकर्मी और ड्राइवर ने कांच तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला। पास ही मौजूद लोग भी मदद के लिए दौड़े। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने की सूचना मिलते ही ईसागढ़ और अशोकनगर पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल की एक गाड़ी ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन पानी खत्म होने के बाद भी लपटों पर काबू नहीं पाया जा सका।

### पुलिसकर्मी बोला- तेजी से लपटें बढ़ी

अशोकनगर से करीब 50 किमी पहले कदवाया थाने के हेड कॉन्स्टेबल अरविंद सिंह रघुवंशी इसी बस में सवार हुए थे। उन्होंने बताया कि वह डाक लेकर अशोकनगर जा रहे थे। जैसे ही बमनावर गांव के पास पहुंचे तो बस के अगले हिस्से अल्टीनेटर में आग लग गई। देखा तो धुआं निकलने लगा था आग की लपटें बढ़ती जा रही थी। तत्काल ही बस में सवार सभी यात्रियों से बाहर निकलने को कहा। हालांकि गेट से एक साथ इतने यात्री बाहर नहीं निकाल सकते थे। हेड कॉन्स्टेबल रघुवंशी बताया कि मैंने और ड्राइवर दोनों ने बस के सभी कांच तोड़ दिए और एक-एक कर सभी को बाहर निकाला। इसके बाद एक बार अंदर जाकर चेक किया कि कोई रहे तो नहीं गया। अंदर कोई भी व्यक्ति नहीं था।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

बस स्टाफ ने बताया कि बस शिवपुरी जिले के पिछोर से चलकर ईसागढ़ और अशोकनगर के रास्ते इंदौर जा रही थी और लगभग सभी सीटें भरी हुई थीं। स्टाफ का कहना है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। उन्होंने बताया कि सभी यात्रियों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया।

## खबर संक्षेप

### साढ़े तीन लाख की अवैध शराब बरामद की

**भोपाल।** शहर में शराब तस्करों द्वारा बीडीए कालोनी और पंचायतों में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है।तस्करों द्वारा बड़ी मात्रा में हाथभट्टी शराब बनाई जा रही है और प्लास्टिक केनों में भरकर जमीन में दबाकर रखी जा रही है। इसकी सूचना आबकारी विभाग को मिलने पर शनिवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर बड़ी कार्रवाई करते हुए साढ़े तीन लाख की अवैध शराब बरामद की है। जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी थी कि कोलार और आसपास की कालोनी व पंचायतों में अवैध शराब बनाई व बेची जा रही है।

### कोलार पुलिस ने 5 आरोपियों को पकड़ा

**भोपाल।** कोलार पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पिछले दिनों शिव मंदिर के पास विवाद किया था और वहां पर जान से मारने की धमकी दी थी. इसके बाद आरोपियों ने लोहे के राड और कई और हथियारों की मदद से शरीर में वार किए थे। जिसकी वजह से फरियादी को गंभीर चोट आई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. हरभजन सिंह लोधी ओमप्रकाश विजय सहित कई अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ था। मुन्नालाल लखन और शिवानी घर पर थे। तभी हरभजन लोधी और उसका बेटा तरुण और विजय महेश के साथ आकर दरवाजा पीटने लगे और आवाज में बोलने वालों की निकल नहीं तो जान से मार देंगे। उसके बाद घटना को अंजाम दिया था।

# धूमधाम से मनाया अन्नकूट महोत्सव और दीपावली मिलन समारोह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माहेश्वरी समाज भोपाल वृहद और माहेश्वरी महिला मंडल भोपाल द्वारा अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह के अवसर पर शनिवार को सुबह 11 बजे पंचायती मंदिर मारवाड़ी रोड में गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग दर्शन, आरती एवं दोना प्रसादी की गई। साथ ही शाम 6 बजे से गुजराती समाज भवन लिंक रोड नंबर 1 में खाटू श्याम जी के दर्शन , राधा कृष्ण स्वरूप का सानिध्य, संगीतमई भजन संध्या की गई और सभी समाजजन की महाप्रसादी भी हुई। माहेश्वरी समाज भोपाल वृहद के अरुण चौधरी, अशोक पलोड, चतुर्भुज मालपानी, संतोष बाहेती, सुनील भूतड़ा और संजय मल ने इस भव्य आयोजन में सहभागिता के लिए सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

# कला एवं संस्कृति के अतुलनीय संगम के साथ 20वें उद्भव उत्सव का भव्य आगाज आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

भारतीय कला एवं संस्कृति को देश-विदेश में विश्वपटल पर रोशन करने वाली उद्भव सांस्कृतिक एवं क्रीडा संस्था द्वारा चार दिवसीय ''20 वे उद्भव उत्सव'' का आयोजन आज 26 अक्टूबर से होने जा रहा है।

इस अवसर पर उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियो के टीम लीडर ने मीडिया से चर्चा करते हुए स्टोनिया ग्रुप ऑफ पासुके के प्रतिनिधि ने कहा कि वे भारत की संस्कृति, महौल और कलाप्रेमियों का उत्साह देखकर दिल खुशी से भर गया है। उम्मीद है कि भारत के लोगों को स्टोनिया का फोक डांस भाएगा। तूबा रीजन की प्रतिनिधि ने बताया कि वे भारतीय फिल्म व कल्चर से प्रभावित होकर भारत आये व यहां आकर अपने पारंपरिक परिधान पहनकर क्षेत्रीय नृत्य 'शमा' की प्रस्तुति देंगी। इसके अलावा रूसी प्रतिनिधियों ने भी अपनी कला व नृत्य बेजोड़ प्रस्तुति देने का वादा किया।

साथ देश के विभिन्न राज्यो से आये टीम लीडर्स ने अपनी नृत्य के जानकारी दी। जिसमें गुजरात के प्रसिद्ध नृत्य गरबा का विशेष प्रकार की प्रस्तुति के बारे में बताया। औरंगाबाद से प्रथम बार उत्सव में भाग ले रही टीम ने भारतनाट्यम की प्रस्तुति के बारे में बताया। व उन्होने कहा कि वे इस भव्य कार्यक्रम में आकर खुशी महसूस कर रहे हैं।


### भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ने जिनेवा में आयोजित अंतर संसदीय संघ के 151वें सम्मेलन में किया भारत का प्रतिनिधित्व

# ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों ही स्थितियों में बच्चों का भविष्य सुरक्षित: सुमेर सिंह

डिजिटल वातावरण में बच्चों के अधिकार पर बोले सोलंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने जिनेवा में आयोजित अंतर संसदीय संघ के 151 वें सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 'डिजिटल वातावरण में बच्चों के अधिकार' विषय पर कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार बच्चों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही स्थितियों में सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आह्वान किया कि डिजिटल युग बच्चों के लिए अवसरों का स्रोत बने, डर का नहीं। डॉ. सोलंकी ने द्विपक्षीय वार्ताओं सहित बाल सुरक्षा, एआई और गोद लेने के कानूनों पर भारत का पक्ष रखा।




### डिजिटल युग में बच्चों के अधिकारों पर रखी भारत की बात

डॉ. सोलंकी ने "डिजिटल वातावरण में बच्चों के अधिकार" विषय पर भारत का दृष्टिकोण रखते हुए कहा कि भारत के मजबूत कानून, जैसे पॉक्सो एक्ट-2012 आईटी एक्ट-2000 और भारतीय न्याय संहिता-2023 बच्चों को साइबर अपराधों से बचाने के लिए प्रभावी हैं।

### साझा किया भारत का एआई फॉर ऑल विजन

उन्होंने भारत का विजन प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत का एआई विजन पीएम के मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास' तथा 'सभी के लिए एआई' की राष्ट्रीय रणनीति पर आधारित है। उन्होंने भारत को जीपीएआई के संस्थापक सदस्य और जी-20 की अध्यक्षता के दौरान एआई पर वैश्विक सहमति बनाने वाले देश के रूप में प्रस्तुत किया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930